रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

# पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 21 सितंबर 2020 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 34 मूल्य 3.00 ₹


# शासन-प्रशासन में तालमेल का अभाव, सरकार के प्रवक्ता मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा- लॉकडाउन जैसी कोई स्थिति नहीं, राजधानी रायपुर समेत छत्तीसगढ़ के कई जिलों में लॉकडाउन शुरू



**रायपुर।** आखिरकार राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में सख्त लॉकडाउन घोषित हो गया। मेडिकल संबंधी सुविधाओं के अलावा संपूर्ण लॉकडाउन किया गया है। राजधानी की सीमा में बिना पास प्रवेश वर्जित है, किराना एवं सब्जी दुकान, पेट्रोल तथा सरकारी व गैर सरकारी एवं केंद्रीय प्रतिष्ठान भी एक सप्ताह तक बंद रहेंगे। प्रदेश में लगातार बढ़ रहे कोरोना संक्रमण को देखते हुए रायपुर जिला के कलेक्टर डॉ. एस भारतीदासन को आखिरकार बिगड़ती हुई स्थिति को कंट्रोल करने के लिए लॉकडाउन का निर्णय लेना पड़ा। प्रदेश में अभी तक का रिकार्ड कोरोना संक्रमण एक दिन में 3842 रहा। वहीं मौत के आंकड़ों को भी लेकर राजनीतिक बयानबाजी होती रही। भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता बृजमोहन अग्रवाल ने राज्य सरकार पर मौत का आंकड़ा छिपाने का भी गंभीर आरोप लगा चुके है। वहीं विभिन्न समाचार पत्रों में श्मशान घाट में जलती हुई चिताओं की तस्वीरों में लोगों को हिलाकर रख दिया। आखिरकार जिला कलेक्टरों के पास स्थिति को कंट्रोल करने के लिए लॉकडाउन के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा। राजधानी रायपुर में हां ना हां ना के बीच में हुए लॉकडाउन से राज्य सरकार की जमकर किरकिरी हुई। विगत दिन पहले ही प्रदेश के कद्दावर मंत्री राज्य सरकार के प्रवक्ता रविन्द्र चौबे ने सार्वजनिक तौर पर बयान दिया था कि प्रदेश में लॉकडाउन जैसी कोई स्थिति नहीं है उसके ठीक एक दिन बाद राजधानी रायपुर समेत विभिन्न जिलों में लॉकडाउन के आदेश जारी कर दिए गए। लॉकडाउन के आदेश जारी होने के बाद शासन और प्रशासन के वक्तव्य पर विरोधाभास दिखाई दे रहा है। जिससे आम जनमानस में यह बात चर्चा कर विषय बना हुआ है कि प्रदेश में शासन तथा प्रशासन के बीच तालमेल का अभाव है।



## इस नियम के तहत लॉकडाउन

देश अनलॉक की तरफ बढ़ रहा है मगर छत्तीसगढ़ में संक्रमण की स्थिति की वजह से लॉकडाउन किया जा रहा है। प्रदेश के जिन जिलों में लॉकडाउन किया जा रहा है वहां कलेक्टर जिला आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005, एपिडेमिक एक्ट 1897 के अलावा गृह मंत्रालय भारत सरकार और राज्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर रहे हैं। हाल ही में छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार ने जिला कलेक्टर को संक्रमण ब?ने की स्थिति में लॉकडाउन का फैसला लेने के लिए अधिकृत किया था। यह भी कहा गया था कि लॉकडाउन की सूचना आम लोगों को कम से कम दो दिन पहले दी जाए।

## परीक्षा देने वाले छात्रों पर असर नहीं

लॉकडाउन के दौरान 22 सितंबर को आईसीएआर और 28 को क्लेट की परीक्षा तथा 23 को छत्तीसगढ़ इंजीनियरिंग की काउंसिलिंग है। ऐसे में इन परीक्षाओं में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होगी। वे सभी परीक्षाओं में बैठ सकते हैं। कलेक्टर डॉ. एस भारतीदासन ने कहा कि चेकिंग के दौरान उन्हें अपना प्रवेश पत्र साथ रखना होगा। प्रवेश पत्र को ही ई-पास मानकर उन्हें राहत दी जाएगी। छात्रों को घबराने या परेशान होने की जरूरत नहीं है।

## सीमा सील, बिना कारण निकलने वाले जाएंगे जेल

राजधानी में इस बार सबसे सख्त लॉकडाउन आज रात 9 बजे से लागू हो जाएगा। शहर की सीमा को सील कर दिया जाएगा। जहां 24 घंटे पुलिस टीम तैनात रहेगी। शहर के भीतर भी 55 चेकिंग पॉइंट बनाए जाएंगे। सड़क पर निकलने वाले हर व्यक्ति को रोका जाएगा और कारण पूछा जाएगा। पुख्ता कारण नहीं बताए जाने पर पुलिस तगड़ा जुर्माना करेगी। पुलिस गिरफ्तार करके जेल भी भेजेगी।

## आज शाम तक का वक्त

शहर के शास्त्री बाजार, गोल बाजार और बंजारी रोड में भी हर थोड़ी देर में ट्रैफिक जाम होता रहा। बड़ी तादाद में लोग बाजार में पहुंचे थे। चूंकि 7 दिनों तक सब्जियां भी नहीं मिलेंगी, इसलिए लोग सब्जी खरीदते दिखे। चिकन, मटन मार्केट में भी लोगों की भीड़ थी। सोमवार शाम तक का लोगों के पास वक्त है कि वो आगामी 7 दिनों के लिए घर में जरूरत का सामान रख लें। रविवार को पिछले करीब 1 महीने से लॉकडाउन किया जाता था, मगर लोगों की सुविधा को ध्यान में रखकर छूट दी गई। लॉकडाउन के दौरान किसी इमरजेंसी में मदद के लिए 0771-2445785 और 0771-4320202 पर संपर्क किया जा सकता है।

# स्वास्थ्य कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी 19 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है, कर्मचारी अपनी मांगो को लेकर आर -पार के मूड मे है। जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर तक के राष्ट्रीय संविदा मिशन स्वास्थ्य कर्मी , प्रबंधन इकाई, चिकित्सक, सहायक चिकित्सक, दंत चिकित्सक, ग्रामीण चिकित्सा सहायक, स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, एएनएम, फार्मासिस्ट, काउंसलर, कार्यक्रम प्रबंधक, डाटा एंट्री ऑपरेटर, डाटा मैनेजर, एकाउंट मैनेजर, पीएडीए, इत्यादि अपने नियमितीकरण के सम्मान को हासिल करने के लिये हड़ताल पर चल दिये हैं।

इस कोरोना कालखंड में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मियों द्वारा लगातार कई महीनों से अनवरत 12 से 15 घण्टे की सेवाएं दी जा रही है, इनमें से कई खुद कोरोना के शिकार भी बन चुके है, परन्तु शासन और प्रशासन के अड़ियल व्यवहार के कारण, इन्हें अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाना पड़ रहा है।

इनकी एक ही मांग है, जो कि वर्तमान सरकार के घोषणा पत्र में भी उल्लेखित है। सभी संविदा अनियमित कर्मियों को किया जाएगा नियमित। इसी बीच राज्य सरकार ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत नई भर्ती करने की प्रक्रिया आरम्भ कर दिया गया, जिसके तारतम्य में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा संगठन द्वारा उनके कर्मचारियो के समायोजन और नियमितीकरण करने हेतु शासन और प्रशासन से गुहार भी लगाई गई, परन्तु शासन के ढीले ढाले रवैये और नियमितीकरण करने के कमजोर इच्छाशक्ति के कारण बात नही बन पाई है। और प्रशासन द्वारा भी संगठन की मांगो को एकदम अनसुना कर दिया गया है।

- आधे से कम वेतन मे काम करने के लिये विवस है संविदा स्वास्थ्य कर्मी, शिक्षा कर्मी समेत कई पदो पर संविलियन का है प्रावधान, लेकिन एनएचएम मे 10 वर्ष की सेवा के बाद भी स्वास्थ्य कर्मियो के लिये कोई प्रावधान नहीं।
- प्रदेश के स्वास्थ्य कर्मी कोरोना काल में जान पर खेलकर सबकी सेवा कर रहे हैं लेकिन उनका ही परिवार असुरक्षित हैं, कर्मचारियों को अनुकम्पा नियुक्ति तक का प्रावधान नहीं है। यदि किसी कर्मचारी की ड्यूटी के दौरान मौत हो जाये तो उनके परिवार के भरण पोषण का संकट खड़ा जायेगा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रदेश के 13000 कर्मियों के हड़ताल में जाने के कारण, प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह से ठप्प है। साथ ही ग्रमीण अंचल मे बुरा हाल हो गया है।

प्राइवेट हॉस्पिटल का खर्चा वहन ना कर सकने वाली आम जनता इससे सबसे ज्यादा प्रभावित होंगी, खासकर पी एच सी, सी एच सी के कोविड सेंटर्स जहां पर यह संविदा कर्मियों का पूरा अमला तैनात है, जिसमे कोविड19 के रोगी का चिन्हांकन करना, उनके सैंपल एकत्रित करना, मैनेजमेंट सर्विलांस कार्य,अस्पताल हस्तांतरण या स्थानांतरण करवाना, कन्टेनमेंट जोन के साथ साथ ओ पी डी/ आईपीडी की सेवाये बुरी तरह से चरमरा जाएंगी।

स्वास्थ विभाग के मिशन संचालक द्वारा एस्मा लगे होने तथा दंडित करने का पत्र भी जारी कर दिया गया है, जिसे संगठन के प्रदेश अध्यक्ष को प्रेषित किया गया है। और तत्काल घोषित की गई हड़ताल को वापस लेने की चेतावनी भी जारी कर दी गयी है। वही जिलो के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भी कर्मचारियो को नोटिस जारी कर काम मे वापस लौटने का दबाव बना रहे हैं ।

राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी और अधिकारी बिल्कुल भी झुकने के मूड में नही दिख रहे है, इसी बीच दो दिवस पूर्व उन्होंने संगठन के पत्र के माध्यम से छत्तीसगढ़ की जनता को अनिश्चितकालीन हड़ताल से होने वाले तकलीफ के लिए क्षमा याचना भी मांग लिया है।

# विपक्ष के हंगामें के बीच कृषि सुधारों के विधेयकों पर संसद की मुहर

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

राज्यसभा में रविवार को विपक्ष के भारी हंगामें के बीच कृषि सुधारों के दो विधेयकों 'कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) विधेयक 2020' तथा 'कृषक (सशक्तिकरण और संरक्षण) कीमत आश्वासन एवं कृषि सेवा करार विधेयक 2020' को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया और इसके साथ इन दोनों विधेयकों पर संसद की मुहर लग गयी। लोकसभा इन्हें पहले ही पारित कर चुकी हैं। ये दोनों विधेयक जून में जारी किये गये दो अध्यादेशों का स्थान लेंगे। इन विधेयकों में किसानों को मंडी से बाहर कहीं भी मनमानी कीमत पर अपनी फसलों की बिक्री की



आजादी दी गयी है। इसके साथ ही अनुबंध कृषि का प्रावधान किया गया है । इससे अधिक मूल्य मिलने वाली फसलों की खेती बढ़ेगी और अत्याधुनिक कृषि तकनीक को बढ़ावा मिल सकेगा । कृषि एवं किसान मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने चार घंटे की चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) प्रणाली को बंद नहीं किया जाएगा।

## आज देश के इतिहास के लिए 'काला दिन':कांग्रेस

कांग्रेस ने कहा है कि राज्यसभा में किसान संबंधी विधेयक को जिस तरह से पारित कराया गया है वह असंवैधानिक तथा किसानों के खिलाफ है और इससे आज के दिन को देश के इतिहास में 'काला दिन' के रूप में याद किया जाएगा। कांग्रेस नेता अहमपद पटेले, प्रताप सिंह बाजवा, अभिषेक मनु सिंघवी तथा शक्ति सिंह गोहिल ने रविवार को यहां संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस विधेयक को राज्यसभा में जिस तरह से पारित कराया गया है वह लोकतंत्र की हत्या है। सरकार के इसी रवैये को देखते हुए पार्टी उसके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लायी है।

# मध्य प्रदेश के बैतूल में किसानों से भद्दा मजाक, फसल बीमा के नाम पर मिला एक रुपया

पायनियर संवाददाता ➤ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्य प्रदेश के बैतूल फसल बीमा राशि के नाम पर किसानों से छल किया जा रहा है। जिले के हजारों किसानों के खातों में 100 या 50 रुपए से भी कम बीमा राशि आई है। हद तो तब हो गई जब गोधना गांव के एक किसान के खाते में बीमा राशि केवल एक रुपया आया। किसान इसे धोखा मान रहे हैं और वे सरकार को यह राशि वापस करने की तैयारी में हैं। अपने साथ किए जा रहे छलावा के खिलाफ किसान प्रदर्शन भी शुरू कर चुके हैं।

प्रदेश सरकार ने बड़े जोर-शोर से सूबे के 22 लाख से ज्यादा किसानों को फसल बीमा की राशि दी। इसमें हास्यास्पद बात यह रही कि कुछ किसानों के हिस्से महज एक रुपए की राशि आई। बैतूल के गोधना गांव के रहनेवाले किसान



पूरनलाल का नाम ऐसे ही किसानों में एक है। उन्होंने एक हजार 50 रुपए बीमा प्रीमियम अदा किया था, लेकिन उन्हें इनके हिस्से बीमा राशि केवल एक रुपए आई।

बीमा राशि की जानकारी मिलते ही किसान पूरनलाल सदमे में आ गए। ढाई हेक्टेयर के रकबे में लगभग एक लाख की फसल खराब हुई थी। पूरनलाल की तरह ऐसे कई किसान हैं, जिनके खातों में बीमा की राशि 100 रुपए या 50 रुपए से भी कम आई है। किसान इस भद्दे मजाक से दुखी हैं और आक्रोशित भी। गोधना गांव के ही किसान पवन के मुताबिक एक-दो रुपए की बीमा राशि उन्हें देकर अपमानित किया गया है। इस राशि को वो सम्मान के साथ सरकार को लौटा देंगे। फसलों के नुकसान के एवज में मिली बीमा राशि को लेकर कृषि विभाग के पास भी सही जानकारी उपलब्ध नहीं है। कृषि अधिकारियों के मुताबिक बीमा कम्पनी द्वारा नुकसान का आकलन करने का अपना तरीका है। लेकिन जिन किसानों के खातों में 200 रुपए से कम राशि आई है, उनकी लिस्ट दोबारा बीमा कम्पनी को भेजी जा रही है। बैतूल जिले में कुल 64 हजार 893 किसानों को फसल बीमा की राशि दी गई है। इसके लिए 81 करोड़ 71 लाख की राशि जारी की गई थी।

### राज्य में प्रचलित राशन कार्ड के डाटाबेस को आधार मानकर पटेल कमीशन के मार्गदर्शन में तैयार किया जाएगा नवीन डाटाबेस

# ओबीसी व सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को आरक्षण के मामले में उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देश पर प्रक्रिया निर्धारण के संबंध में केबिनेट में हुआ विचार-विमर्श

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज यहां उनके निवास कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित केबिनेट की बैठक में राज्य के अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत तथा आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के लोगो को लोक सेवाओं में 10 प्रतिशत तक आरक्षण दिए जाने के संबंध में माननीय हाईकोर्ट में लंबित मामले के निराकरण के लिए वर्गवार अद्यतन डेटा एकत्र करने के संबंध में गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि राज्य में वर्तमान में प्रचलित राशनकार्ड के डेटाबेस को आधार मानते हुए पटेल कमीशन के मार्गदर्शन में अद्यतन डेटा तैयार किया जाएगा। इस डेटा का ग्राम सभा एवं नगरीय निकायों के वार्डो सभाओं में अनुमोदन भी कराया जाएगा।

मंत्रिमण्डल की बैठक में छत्तीसगढ़ शासन के आरक्षण अध्यादेश पर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए स्थगन के निराकरण के संबंध में नवीन प्रक्रिया के माध्यम से वर्गवार अद्यतन डेटा तैयार करने का निर्णय लिया गया। यह नया डेटा राज्य में प्रचलित राशनकार्ड को आधार मानकर तैयार किया जाएगा, ताकि वर्गवार छूटे हुए लोगों का भी डेटा एकत्र हो सके। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित सभी मंत्रीगणों ने राज्य में प्रचलित राशनकार्ड के आधार पर खाद्य



विभाग द्वारा तैयार डेटाबेस को विश्वसनीय बताते हुए इस डाटाबेस में छूटे हुए परिवारों शामिल करने की बात कही। वर्तमान में प्रचलित राशनकार्डो में से 99 प्रतिशत राशनकार्ड संबंधित परिवारों के आधार नम्बर एवं बैंकों खाते से लिंक हैं। छत्तीसगढ़ सरकार ओबीसी आरक्षण के मामले में हाईकोर्ट के स्थगन के संबंध में ठोस आधार प्रस्तुत करने हेतु पूरी तरह से पारदर्शी एवं विश्वसनीय डेटा एकत्र करने के संबंध में नयी प्रक्रिया अपनाने जा रही है, जिसके तहत वर्तमान में प्रचलित राशनकार्ड धारी परिवारों की सूची का सार्वजनिक प्रकाशन ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों के वार्डो में किया जाएगा। इस संबंध में दावा-आपत्ति लेकर उसका निराकरण करने के साथ ही छूटे हुए परिवारों का राशनकार्ड बनाने हेतु नए सिरे से आवेदन भी लिया जाएगा। अपात्र लोगों के नाम भी सूची से विलोपित किए जाएंगे। छूटे हुए परिवारों को राशनकार्ड बनाने के लिए ऑनलाइन/ऑफलाइन आवेदन करने की सुविधा भी सरकार मुहैया कराएगी। इस संबंध में पटेल कमीशन के मार्गदर्शन में नए सिरे से गाईडलाइन भी जारी की जाएगी।

बैठक में खाद्य विभाग के सचिव ने पॉवरपाइंट प्रजेटेशन के माध्यम से अन्य पिछड़ा वर्ग के सन्दर्भ में राशनकार्ड डेटा की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में वर्तमान में 66 लाख 73 हजार 133 राशनकार्ड प्रचलित है, जिनकी कुल सदस्य संख्या 2 करोड़ 47 लाख 70 हजार 566 है। राज्य में वर्तमान समय में 31 लाख 52 हजार 325 राशनकार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग के परिवारों के हैं, जिनकी सदस्य संख्या एक करोड़ 18 लाख 26 हजार 787 है, जो कि लाभान्वित संख्या का 47.75 प्रतिशत है। सामान्य वर्ग के प्रचलित राशनकार्ड की संख्या 5 लाख 89 हजार एवं सदस्य संख्या 20 लाख 25 हजार 42 है, जो राशनकार्ड के माध्यम से राज्य में लाभान्वित सदस्य संख्या का 8.18 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि यह डाटाबेस 2003 से लेकर अब तक शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप समय-समय पर राशनकार्ड बनाने एवं उसके नवीनीकरण की प्रक्रिया के तहत एकत्र किए गए है। यह डेटा विश्वसनीय है। ➤ शेष पेज 8 पर

# कृषि विधेयक को लेकर गृहमंत्री साहू ने केंद्र सरकार पर बोला हमला

## किसानों को गुलाम बनाने की साजिश कर रही है सरकार

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नए कृषि विधेयक को लेकर गृहमंत्री व ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ताम्रध्वज साहू का केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है. उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार यह विधेयक लाकर किसानों को कॉर्पोरेट व निजी कंपनियों का गुलाम बनाने की साजिश कर रही है।



गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार किसानों का शोषण करने के ध्येय से देश में नए किसान अध्यादेश लेकर आई है. मैं स्वयं किसान का बेटा हूँ, कृषक पृष्टभूमि से आता हूँ. इसीलिए यह कह सकता हूँ कि यह बिल पूरी तरह से किसान विरोधी है. मैं देश के अन्य सभी किसान साथियों की तरह इस बिल का पूरजोर विरोध करता हूँ. उन्होंने अध्यादेश में किसान विरोधी कारणों को गिनवाते हुए कहा कि अगर मंडियां खत्म हो गई, तो किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिल पाएगी. जिससे किसानों में अफरातफरी व असंतोष का माहौल उत्पन्न होगा। इन विधेयकों में कीमतों को तय करने का कोई तंत्र नहीं है. जायज है कि इस व्यवस्था से निजी कंपनियां किसानों का शोषण करेंगी और उन्हें उचित मूल्य प्राप्त नहीं होगी. किसानों की जमीन निजी कंपनियों व कॉर्पोरेट के हाथों में चली जाएगी. प्राइवेट व्यापारी इस जरिए फसलों की जमाखोरी करेंगे. इससे बाजार में अस्थिरता उत्पन्न होगी और महंगाई बढ़ेगी. ऐसे में इन्हें नियंत्रित किए जाने की आवश्यकता है जिसके बारे में इस बिल में कोई प्रावधान नही किया गया है।

अगर फसलों के उचित दाम नहीं दिए जाएंगे तो किसान राज्य दर राज्य जाकर अपनी फसलें बेंचने की कोशिश करेंगे. ऐसे में सभी राज्य सरकारों को फसल संबंधित दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है. इस अध्यादेश को लाने से उपज के स्टोरेज में कालाबाजारी बढ़ेगी जिससे हर तरफ अव्यवस्था उतपन्न होगी और खाद्य सुरक्षा कमजोर होगी. किसान साथियों के साथ ये अन्याय हम सहन नहीं करेंगे. कांग्रेस पार्टी देश के सभी किसानों के साथ खड़ी है और इन सभी अध्यादेशों का पुरजोर विरोध करती है।

## भाजपा ने धान रकबा आंकलन के नए नियम को बताया काला कानून

### विरोध में जलाई गिरदावरी आदेश की प्रतियां



सरकार के धान रकबा आंकलन के नए नियम को काला कानून बताते हुए भाजपा किसान मोर्चा ने विरोध स्वरूप एकात्म परिसर में गिरदावरी आदेश की प्रतियाँ जलाई. किसान मोर्चा ने नए आदेश को किसानों का रकबा कम दर्शाकर धान की कम खरीदी करने की सरकार की साजिश करार दिया।

किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष संदीप शर्मा ने बताया कि धान बेचने के लिए भूमि की पंजीयन के लिए गिरदावरी का काम चल रहा है. इसमें जिस रकबे में धान बोया जाता है, उस रकबे को कम किया गया है। दरअसल, सरकार किसानों की धान नहीं खरीदना चाहती, बल्कि उसकी मंशा येन-केन-प्रकारेण धान का जो क्षेत्र है, उसमे कटौती करने के लिए सरकार ने काला आदेश जारी किया है. पटवारियों से कहा गया है कि किसानों की खेत की मेड को नाप कर उस खेत के रकबा से अलग कीजिए। उन्होंने कहा कि यदि हम बीमा कराते हैं तो बीमा कंपनियों को इस तरह से नहीं कहते है, जब हम घर, जमीन की खरीदी-बिक्री और पंजीयन करते हैं, तो सरकार यह नहीं कहती कि आपसे मेड का पंजीयन का शुल्क नहीं लेंगे, क्योंकि इसमें खेती नहीं होती. यह किसानों से कम धान खरीदी करने की एक कवायद है, जो उजागर हो गया है. भाजपा किसान मोर्चा सरकार से मांग है कि इस काले कानून के जरिए किसानों को और राजस्व विभाग के निचले स्तर के कर्मचारियों को प्रताड़ित करना बंद किया जाए अन्यथा हम सड़क से लेकर सदन की लड़ाई करने के लिए तैयार है।

# खुली गाड़ी में सवार होकर निकले विकास उपाध्याय

## लॉकडाउन का पालन करने की अपील



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर में बढ़ते कोरोना संक्रमण के चैन को तोड़ने संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने आज से लागू होने वाले लॉकडाउन का पूर्ण रूप से पालन करने आम जनता से अपील की. इसके साथ ही खुली गाड़ी में सवार होकर लोगों को जागरूक करने पूरे शहर में निकल पड़े और माइक के जरिए अनाउंस कर लॉकडाउन का पालन करने की अपील की।

पिछले कुछ दिनों से पूरे रायपुर जिला में कोरोना संक्रमण के मामले तेजी से बढ़े हैं. इसे लेकर विधायक विकास उपाध्याय बेहद ही गंभीर हैं. पिछले दिनों फीवर क्लीनिक से लेकर कोविड-19 की जाँच करने आम जनता के सुविधा के लिए निःशुल्क जाँच केन्द्र की शुरुआत दीनदयाल ऑडिटोरियम में कराई थी और इस केन्द्र में प्रतिदिन सैकड़ों लोग पहुंच कर इस सुविधा का लाभ ले रहे हैं।

विकास उपाध्याय इस बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर रायपुर जिला में लॉकडाउन लगाए जाने की आवश्यकता को लेकर लम्बी चर्चा की थी. कल जिला प्रशासन ने इसे लेकर महत्वपूर्ण बैठक कर इस पर अंतिम निर्णय लिया कि 21 सितम्बर रात 9 बजे से 28 सितम्बर तक पूरे जिला में सम्पूर्ण लॉकडाउन रहेगा. इसी को कड़ाई से पालन करने व कराने विकास उपाध्याय खुद शहर में निकल कर खुली गाड़ी में सवार हो कर माईक से अपील कर रहे हैं. समाचार लिखे जाने तक वे रायपुर का एक चौथाई हिस्सा भ्रमण कर चुके थे. जिसमें राजकुमार कालेज विवेकानंद आश्रम आमापारा चौक अग्रसेन चौक तेलघानी नाका राठौर चौक रामसागर पारा तात्या पारा चौक शारदा चौक जय स्तम्भ चौक मालवीय रोड कोतवाली चौक सदर बाजार सत्ती बाजार, लाखे नगर, रायपुरा, सरोना,डूमर तालाब,मोहबा बाजार से होते हुए अन्य रूट पर जारी था।

# एल्डरमेन नियुक्ति को लेकर मचा बवाल, कहीं आलोचना, सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी भी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

एल्डरमेन की सूची को लेकर प्रदेश में बवाल जैसी दशा निर्मित हो गई है। सूची में मौजूद नाम देखकर लोग आलोचनाएं कर रहे हैं। मनेंद्रगढ़ नगर पालिका में मौजूदा उपाध्यक्ष और पार्षद का नाम एल्डरमेन की सूची में मौजूद है। तो कुसमी और कोरबा में मौजुद नाम को लेकर बवाल कट रहा है। मनेंद्रगढ़ की सूची सबसे हैरतअंगेज़ है। एल्डरमेन की सूची में जिनके नाम हैं उनमें दो नामों ने कांग्रेस की स्थिति हास्यास्पद कर दी है। मौजुदा नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी जो कि वार्ड 12 से निर्वाचित हैं और पार्षद अभय बड़ा जो कि वार्ड 15 से निर्वाचित हैं, उनका नाम एल्डरमेन की सूची में नुमाया है। अब ऐसा क्यों हुआ और सुधार कब तक होगा यह बता पाने में कोई खुद को सक्षम नहीं पा रहा है। इधर कोरबा रायपुर और कुसमी में एल्डरमेन की सूची में एक नाम को लेकर बवाल कट रहा है। सोशल मीडिया पर कार्यकर्ता जमकर उबल रहे हैं। रायपुर कार्यकर्ताओं की टिप्पणी यह बताती है कि



एल्डरमेन की सूची में जिस नाम पर उन्हें नाराज़गी है वह बीते दौर में ÷जोगी ज़िंदाबाद÷ के नारों के साथ मौजूद था। कुसमी में कांग्रेस समर्थक रहा अल्पसंख्यक समुदाय इस सूची पर ख़फ़ा है। आरोप है कि चुनाव के समय यह वायदा किया गया था कि अल्पसंख्यक समुदाय को एल्डरमेन में प्रतिनिधित्व मिलेगा लेकिन जब सूची जारी हुई तो उपेक्षा हुई। कार्यकर्ताओं ने इस मसले पर सामूहिक इस्तीफ़े की चेतावनी दे दी है।

# देश में अव्वल छत्तीसगढ़ का एम्स, अब तक 33 सौ कोविड मरीजों का किया इलाज




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोविड मरीजों का इलाज कर उन्हें राहत प्रदान करने के मामले में छत्तीसगढ़ का एम्स अव्वल है। यहां अब तक 33 सौ से ज्यादा मरीजों का इलाज किया जा चुका है।


वहीं अन्य एम्स की तुलना में यहां के आईसीयू में मृत्युदर भी सबसे कम है और कोविड वार्ड में इलाज के दौरान एक भी मरीज की जान नहीं गई है।छत्तीसगढ़ का एम्स देश में नए एम्स के मुकाबले कोविड संक्रमित मरीजों के इलाज में पहले स्थान पर है, वहीं एनसीआई झज्जर (हरियाणा) के समकक्ष है। देश के केंद्रीय स्वास्थ्य संस्थानों के तुलनात्मक अध्ययन से कई तथ्य स्पष्ट होते हैं कि एम्स कोविड मरीजों के इलाज में उल्लेखनीय भूमिका निभा रहा है। एम्स रायपुर ने अब तक 3305 कोविड-19 रोगियों का इलाज किया है। इसी अवधि में एम्स दिल्ली ने 2310 कोविड रोगियों का उपचार किया है। ये दोनों संस्थान दिल्ली और एनसीआर में स्थित हैं और संसाधनों के लिहाज से काफी समृद्ध हैं।

### नॉन कोविड की मौत, मानसिक तनाव और समय पर इलाज न होना वजह

कोरोना की वजह से प्रदेश में सं मित होने की वजह से कुछ लोगों की मौत हो रही है, मगर उससे ज्यादा संख्या में लोग कोरोना के डर की वजह से आने वाले तनाव के कारण जान गंवा रहे हैं। वर्तमान में कोरोना का खौफ इतना बढ़ गया है कि लोग रूटीन जांच के लिए भी अस्पताल जाने से घबरा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि सं मित हो जाने के डर की वजह लोग रूटीन चेकअप के लिए भी नहीं जा रहे हैं। पिछले छह माह से प्रदेश का समूचा स्वास्थ्य अमला केवल कोरोना की रोकथाम में डटा हुआ है और इसके चक्क र में दूसरी बीमारियों के इलाज के लिए सिस्टम फेल साबित होने लगा है। इसके साथ ही वर्तमान में कोरोना की बढ़ती संख्या के वजह से इसका इतना अधिक डर फैल गया है कि लोग भारी तनाव में आ चुके हैं और इलाज के दबाव में दम तोड़ रहे हैं। वर्तमान में निजी अस्पतालों में केवल इमरजेंसी को प्राथमिकता दी जा रहा है।

# कोरोना की जद में सामाजिक संस्कार, अस्थियां चुनने केवल घंटों की मोहलत, विसर्जन के लिए खारुन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



कोरोना संक्रमण ने सबकुछ बदल दिया है। जीने का तरीका और मौत के बाद की परंपराएं। जीते जी कोरोना के खौफ में पूरी दुनिया है वहीं मरने के बाद भी परिजनों को कई परंपराएं तोड़नी पड़ रही हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने के कारण अब अंतिम संस्कार होने के बाद अस्थि ठंडा होने से पहले अस्थि राख को महज तीन से चार घंटे के भीतर ले जाना पड़ रहा है। वहीं, विसर्जन के लिए अब प्रयागराज जाने की जगह खारुन नदी या राजिम का चुनाव किया जा रहा है। जिन लोगों ने अपने परिजनों की अस्थियों को प्रयागराज में ही विसर्जित करने का निर्णय लिया है वे मुर्दाघरों में अस्थि कलश जमा करा रहे हैं। रायपुर स्थित मारवाड़ी श्मशान घाट सहित जहां कोरोना संक्रमित मृतकों का अंतिम संस्कार हो रहा है, उन स्थानों पर लगातार कोरोना संक्रमण से मृत लोगों का नियमित अंतिम संस्कार किया जा रहा है। मारवाड़ी श्मशान घाट की व्यवस्था देखने वाले लोगों ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि अगस्त के बाद से सितंबर में कोरोना संक्रमित मृतकों के अंतिम संस्कार ज्यादा हो रहे हैं। कोरोना संक्रमण की चपेट में आकर मरने वाले लोगों का अंतिम संस्कार करने दबाव ज्यादा है। इस वजह से कोरोना संक्रमण से मृत लोगों की अस्थि व राख को तीन से चार घंटे के भीतर ले जाने के लिए कहा जा रहा है। इसी तरह से सामान्य मौत मरने वाले लोगों के भी अस्थियां दूसरे दिन ले जाने के लिए कहा जा रहा है।

# छात्र-छात्राओं को राहत, अब घर पर ही बना सकेंगे उत्तरपुस्तिका

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने वार्षिक परीक्षा के लिए उत्तरपुस्तिका को लेकर बड़ा फैसला किया है। अब विद्यार्थियों को उत्तरपुस्तिका लेने के लिए परीक्षा केंद्र जाने की जरूरत नहीं होगी। विद्यार्थी घर पर ही ए-फोर साइज के पेपर से उत्तर पुस्तिका बनाकर उसमें उत्तर लिख सकेंगे। अंतिम परीक्षा होने के बाद विद्यार्थियों को उत्तर पुस्तिका स्पीड पोस्ट, कोरियर, ई-मेल से भेजने के लिए पांच दिनों का समय दिया गया है। रविवि की बची हुई वार्षिक परीक्षाओं के लिए रविवि ने पहले उत्तर पुस्तिका परीक्षा केंद्रों से लेने का फरमान जारी किया था। पहले ही दिन परीक्षा केंद्रों में जिस तरह से विद्यार्थियों की भीड़ उमड़ी और सोशल डिस्टेसिंग की धज्जियां उड़ीं, उसके बाद अंततः रविवि प्रशासन को अपना आदेश वापस लेना पड़ा। अब रविवि ने उत्तर पुस्तिकाओं को लेकर शनिवार को नया आदेश जारी किया है। अब विद्यार्थियों को इस नए आदेश से राहत मिलेगी और किसी को परीक्षा केंद्र जााने की जरूरत नहीं होगी।


### कोविड केयर सेंटर व कोरोना जांच में डॉक्टर व पैरामेडिकल इंटर्न दे रहे हैं सेवा

# रायपुर स्मार्ट सिटी 'ट्यूलिप' इंटर्न के लिए देश में सर्वाधिक युवाओं को मौका देने वाला शहर

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com


कोरोना संक्रमण के इस दौर में अभिनव पहल करते हुए रायपुर स्मार्ट सिटी लि. ने डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टॉफ की जरूरत को पूरा करने के लिए अपने इंटर्न को जिम्मेदारी सौंपी है। इसके तहत 50 इंटर्न रायपुर शहरी क्षेत्र में बने कोविड केयर सेंटर व संभावित मरीजों के जांच की जिम्मेदारी उठा रहे हैं।स्मार्ट सिटी मिशन के डायरेक्टर श्री कुणाल कुमार ने सर्वाधिक इंटर्न को इस प्रोग्राम के जरिए जोड़ने पर इसकी सराहना करते हुए रायपुर स्मार्ट को ट्यूलिप प्रोग्राम का 'लाइट हाउस' कहा है।

रायपुरस्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक श्री सौरभ कुमार के अनुसार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय व मानव संसाधन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए ट्यूलिप इंटर्न प्रोग्राम के तहत 60 इंटर्न रायपुर नगर निगम व स्मार्ट सिटी की विभिन्न कार्य योजनाओं का अध्ययन कर रियल टाइम इंफर्मेशन लेने के साथ ही अपनी नवोदित सोच से शहर विकास को नई दिशा दे रहे हैं। ट्यूलिप प्रोग्राम के तहत रायपुर स्मार्ट सिटी सबसे अधिक इंटर्न को मौका देकर देश में प्रथम स्थान पर है। ये इंटर्न इस समय नगर निगम के जोन के साथ भी संबद्ध किए गए हैं, जहां वो मूलभूत नागरिक आवश्यकताओं को पूरा करने संचालित दैनिक गतिविधियों के बारीकियों को समझ रहे हैं, यही नहीं ये इंटर्न शहर में हरियाली को बढ़ाने, पेयजल उपलब्धता, वित्त प्रबंधन, स्मार्ट रोड, तालाबों के कायाकल्प जैसे नवाचारों से जुड़कर अपने सुझाव भी दे रहे हैं।









उन्होंने आगे बताया कि रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा फरवरी अंत में ट्यूलिप प्रोग्राम के तहत 105 युवाओं को चयनित कर उन्हें विभिन्न विभागों की कार्यप्रणालियों को समझने के लिए मौका दिया गया। इनमें से 25 दूसरे राज्यों के एवं 34 छत्तीसग? के युवाओं ने अपनी शैक्षिणिक योग्यता व अभिरुचि के माध्यम से रायपुर स्मार्ट सिटी के साथ जुड़कर इंटर्न के तौर पर काम शुरू किया। लॉकडाउन अवधि के कारण युवाओं को इससे जुड़ने में चुनौतियों का ज़रूर सामना करना पड़ा फिर भी अधिकांश युवाओं ने वर्चुअल व ऑनलाइन संवाद स्थापित कर अपना कार्य जारी रखा। ट्यूलिप कार्यक्रम के तहत ऐसे युवाओं को जिन्होंने 18 माह के भीतर स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण की थी, उन युवाओं को 3 माह की अवधि के लिए चयनित किया गया था।

कोरोना की वर्तमान परिस्थिति में जब चिकित्सकीय संसाधनों के विस्तार हेतु डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टॉफ की जरूरत महसूस हुई रायपुर स्मार्ट सिटी ने ट्यूलिप कार्यक्रम से इन्हें जोड़कर इस कमी को दूर करने का निर्णय लिया। ऐसे में जब निर्धारित शैक्षणिक योग्यता धारी युवा जो 18 माह की अवधि से पूर्व अपनी परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके थे, उन्हें स्मार्ट सिटी द्वारा पृथक से मौका देकर कोविड केयर सेंटर के संचालन एवं कोरोना संक्रमितों की पहचान जैसे महत्वपूर्ण कार्य की जिम्मेदारी देते हुए इन्हें स्वास्थ्य विभाग के साथ जोड़कर इनकी योग्यता का लाभ स्थानीय मरीजों को दिलाने की नई पहल की। रायपुर स्मार्ट सिटी को इस नवाचार के लिए देश में सराहा जा रहा है।

### सात दिनों तक पीएचई मंत्री निवास कार्यालय आम लोगों के लिए बंद

**रायपुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्रकुमार के निवास कार्यालय को सात दिनों तक आम लोगों के लिए बंद रखा गया है। मंत्री निवास कार्यालय सतनाम सदन से मिली जानकारी के अनुसार आज निजी स्टॉफ के कुल 15 लोगों के कोरोना संक्रमित होने के कारण मंत्री गुरू रूद्रकुमार सात दिनों तक आम लोगों से भेंट-मुलाकात नहीं करेंगे। इस अवधि में उनके निर्धारित सभी कार्यक्रम नहीं होंगे। मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने निजी स्टॉफके संपर्क में आने वाले सभी लोगों से राज्य सरकार द्वारा जारी गाईडलाईन का पालन करते हुए अपनी कोरोना जांच कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि कार्यालयीन कर्मचारियों के कोरोना संक्रमित पाए जाने के कारण मंत्री निवास कार्यालय आमजनों के लिए सात दिन बंद रहेगा।

# स्वर्ग रथ देकर पीसीसी अध्यक्ष ने जनता के साथ किया बड़ा मजाक

## जनता की दुवाओं के बदले विधायक ने दिखाया स्वर्ग का रास्ता : बालसिंग बघेल

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिला के जिला पंचायत सदस्य बालसिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पीसीसी चीफ व कोंडागांव विधायक से सवाल किए है, की विगत दिनों समाचार पत्रों से मुझे यह ज्ञात हुआ कि कोण्डागांव विधानसभा क्षेत्र के जागरूक विधायक एवं पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर क्षेत्र वासियों को उपहार स्वरूप स्वर्ग रथ दिया गया है, विधायक की दूर दृष्टि का मय कायल हूं, क्योंकि वर्तमान हालात कोण्डागांव क्षेत्र में कोरोना संकमण के मरीज निरंतर बढ़ते जा रहे है, तथा लोगों में एक भय व्याप्त है, कोरोना से होने वाली मौतों की संख्या भी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, इस पर विधायक ने पूर्व में यह जानते हुए कि आने वाले दिनों में मौतो की संख्या और बढ़ सकती है इसलिए शवों को श्मशान घाट तक ले जाने के लिए स्वर्ग रथ पहले से ही दे दिया हैं।



मैं पीसीसी अध्यक्ष एवं विधायक से पूछना चाहता हूं कि जब चारों तरफ कोरोना महामारी तीव्र गति से फैली हुई है, इस समय जनता का अमूल्य जीवन को बचाने के लिए उनके द्वारा सही उपाय किये जाने थे, जैसे जिला अस्पताल में कोविड 19 के मरीजों के लिए विशेष सुविधा, वेंटीलेटर की व्यवस्था, आक्सीजन की पर्याप्त मात्रा इन सब की जरूरत थी, उस समय जन्मदिन के अवसर पर क्षेत्र की जनता ने उन्हें शतायु होने चिरायु होने का आशीर्वाद दिया। तब उनके द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर क्षेत्र की जनता के जीवन को बचाने का कोई प्रयत्न न करते हुए बल्कि उनकी मौत का इंतजार करते हुए उनके शवों को श्मशान घाट तक ले जाने हेतु, स्वर्ग रथ देकर जो व्यवस्था की गई है वह जनता के साथ किया गया एक किया गया बहुत बड़ा मजाक है।

इससे यह स्पष्ट होता है कि विधायक जनता के हितों के प्रति उनके स्वास्थ के प्रति कितने जागरूक व गंभीर है। विगत दिनो मुझे यह भी जानकारी हुई कि कोण्डागांव बस स्टैण्ड मे एक व्यक्ति की भूख से मौत हो गई है, सरकार में आने के पहले लंबी चौडी डिंगे हाकने वालो के शासन मे आते ही पूरे वादो से मुंह फेर लिया है, तथा क्षेत्र मे भूखमरी से मौते हो रही है जिस पर विधायक जी के द्वारा संवेदना के एक शब्द भी नही निकले है।

जनता पूछना चाहती है कि उनके द्वारा किये गये वादो को वे कब तक पूरा करेंगे तथा कोरोना महामारी एवं भूखमरी से होने वाली मौतो को रोकने एवं संकमण न फैले इसके लिए क्या व्यवस्था की जा रही है, आज पूरे कोण्डागावं क्षेत्र के साथ ही हर क्षेत्र मे कोरोना के संकमित मरीज बढते जा रहे है, लोगो मे भय व्याप्त है ऐसी स्थिति मे विधायक जी के द्वारा जनहित के कौन से कार्य किये जा रहे जनता जानना चाहती है।

# मंत्रालय तक पहचान व एसबीआई में नौकरी का झांसा देकर ऐंठे 4 लाख



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला कोंडागांव के ग्राम पंचायत गिरोला में रहने वाले युवक हुए धोखे का शिकार, मंत्रालय तक पहचान होने का झांसा देकर व भरतीय स्टेट बैंक में चपरासी की नौकरी लगाने के एवज में गांव के सीधे साधे लोगों को बनाया निशाना व ऐंठ लिए लगभग 4लाख रुपये। धोखाधड़ी की शिकायत कोंडागांव थाना सिटीकोतवाली में दर्ज कराई गयी। जिसके बाद आवेदक द्वारा की गई।

जानकारी अनुसार आरोपी गेंद लाल दीवान पिता जलंधर दीवान कोंडागांव में होमगार्ड पर कार्य करता था, एवं थाना भानपुरी के सिवनी ग्राम पंचायत में रहता था। जिसके द्वारा ग्राम पंचायत गिरोला में रहने वाले गजानंद दीवान, अक्षय महावीर, दीपेश पांडे को मंत्रालय तक पहचान है, एवं बता कर भारतीय स्टेट बैंक में चपरासी की नोकरी लगा दूंगा बोल कर व झांसा देते हुए पैसे की मांग की। गिरोला के सज्जन व्यक्तियों के द्वारा सरकारी नौकरी के लालच में तीन लाख नब्बे हजार (3,90000) रुपये दिए गए। व पैसा देने के बाद भी नौकरी न लगने पर युवको ने कोंडागांव सिटीकोतवाली शिकायत दर्ज कराई, शिकायत की छानबीन कर आरोपी पर 420 कारित करना पाये जाने के बाद कोंडागांव थाना द्वारा अपराध 305/19 धारा 420 अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवेचना में लिया गया।

# डॉ आंबेडकर सेवा संस्था ने गोंड राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह को याद किया

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिला मुख्यालय न्यायालय के सामने डॉ अंबेडकर सेवा संस्था के द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की आदम कद प्रतिमा के समक्ष गोंड राजा शंकर शाह कुवर रघुनाथ शाह शहीद दिवस पुण्यतिथि छायाचित्र पर माल्यार्पण करके दीप प्रज्वलित किया गया। शहीद 18 सितंबर 18 58 ई. बलिदानी दिवस पर याद किया गया।

गोंडवाना के राजा शंकर शाह मंडावी कुंवर रघुनाथ शाह उनकी जीवन पर रोशनी डाला गया। शंकर शाह गोंडवाना के राजा थे। जिन्हें अंग्रेजों ने अपने पुत्र सहित 18 सितंबर 1858 ई. को विप्लव भड़काने के अपराध में तोप के मुंह से बांधकर उड़ा दिया। दोनों गोंडवाना समाज से हैं उनके पुत्र का नाम कुंवर रघुनाथ शाह था। 1857 विद्रोह की ज्वाला संपूर्ण भारत में झलक रही थी। अपनी मातृभूमि को अंग्रेजों से स्वतंत्र कराने के लिए उन्हें युद्ध का आह्वान किया था। इस संग्राम में




रघुनाथ शाह ने अपने पिता का बढ़-चढ़कर सहयोग किया था। राजा शंकर शाह निजाम शाह की प्रपौत तथा सुमेद शाह के एकमात्र पुत्र थे। उनके पुत्र का नाम रघुनाथ शाह राजा शंकर शाह जमीदारों जबलपुर मंडला के आम जनता के बीच काफी लोकप्रिय थे। शहादत दिवस पर डॉ अंबेडकर सेवा संस्था के संरक्षक रामसिंह नाथ, अध्यक्ष संतोष सावरकर, उपाध्यक्ष मुकेश मारकंडे, सत्येंद्र भौयर, गजानंद चौरे उपस्थित थे।

# सीपीआई ने सड़क पर पौधारोपण कर, निर्माणाधीन मर्दापाल सड़क की गुणवत्ता पर उठाया सवाल

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

सीपीआई कोण्डागांव के कम्युनिष्ट कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह धंसने लगी मर्दापाल सड़क पर पौधारोपण कर, निर्माणाधीन मर्दापाल सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए शासन-प्रशासन का ध्यान उक्त मामले की ओर उठाने का प्रयास किया। ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय कोण्डागांव से मर्दापाल होते हुए कोरमेल तक लोक निर्माण विभाग कोण्डागांव संभाग द्वारा सड़क चौड़ीकरण का कार्य एक ठेकेदार को ठेके पर देकर लगभग 54 किमी लंबी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। सड़क निर्माण का कार्य पूरा हुआ भी नहीं है, कि निर्माणाधीन सड़क में जगह-जगह गड्ढे बनते नजर आने लगे हैं।

शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने 19 सितंबर को क्षेत्र के ग्रामीणजनों के साथ सीपीआई कोण्डागांव के



कार्यकर्ताओं ने ग्राम गोलावंड के समीप पुलिया के पास धंसने लगी सड़क पर बने गड्ढों में पौधारोपण किया। इस दौरान कम्युनिस्ट पार्टी कोण्डागांव के जिला सचिव तिलक पांडे ने कहा कि सड़क में हुए स्तरहीन निर्माण की जांच होनी चाहिए व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए अन्यथा सीपीआई उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। वहीं कम्युनिष्ट बिरज नाग ने कहा कि चूंकि वे इसी क्षेत्र में बसे गांव के निवासी हैं और जिला मुख्यालय कोण्डागांव से मर्दापाल होते हुए ग्राम कोरमेल तक लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे सड़क के निर्माण में गुणवत्ता की ओर ध्यान नहीं दिए जाने से अन्य ग्रामवासियों के साथ मिलकर प्रेस प्रतिनिधियों के माध्यम से अपनी आवाज संबंधित लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों तक पहुंचाते रहे, इसके बावजूद भी सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने के पहले ही सड़क जगह-जगह धंसती नजर आ रही है। ग्रामीण युवक लाला कोर्राम ने कहा कि स्तरहीन निर्माण का ही परिणाम है कि यह सड़क पहली बारिश में धंसने लगी है।

उक्त ध्यानाकर्षण कार्यक्रम के दौरान सीपीआई कोण्डागांव के जिला सचिव तिलक पांडे सहित शैलेष शुक्ला आदि सहित सेवकलाल कष्यप, मनोज कुमार बघेल, ललित बघेल, सुरज बघेल, योगेष बघेल, निलचंद बघेल, कृष्णा बघेल, दिनु बघेल आदि ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि उक्त लगभग 54 किमी लंबी निर्माणाधीन सड़क को लगभग 38 करोड रुपए की लागत से बनाई जा रही है और इस सड़क का निर्माण अब तक पूरी हो जानी चाहिए था, लेकिन गुणवत्ता के साथ-साथ ठेकेदार द्वारा समय सीमा का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है, जिससे इस सड़क से जुड़ने वाले गांवों के ग्रामीणजनों को परेषानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# महिला मोर्चा ने मां दंतेश्वरी से मोदी की लम्बी उम्र की कामना की

पायनियर संवाददाता ◄ बचेली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 70 वें जन्मदिवस 17 दिसंबर को भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में 14 सितंबर से 20 सितंबर तक सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा दंतेवाड़ा सोशल डिस्टेंस व कोविड 19 के लिए जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए दंतेश्वरी माता से की मोदीजी की लम्बी उम्र के लिए प्रार्थना की।

बीजेपी सेवा सप्ताह मना रही है चूंकि दंतेवाड़ा की अराद्धय दंतेश्वरी माता 17 सितंबर को बंद था आज दंतेवाड़ा महिला मोर्चा ने कलश रख




कर आरती जला के माता जी की पूजा अर्चना की और मोदीजी की लम्बी उम्र के लिए प्रार्थना की। ओजस्वी मंडावी सुमन प्रभा यादव नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता पार्षद लता मरकाम सुमन ठाकुर कुंती झरना कीर्ति ठाकुर लक्ष्मी यादव मौजूद रहे।

# अब ग्राहकों को ठगना होगा मुश्किल, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने दी जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

ग्राहकों को जागरूक करने के लिए अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने रविवार शाम 4 बजे वेबीनार मीटिंग का आयोजन किया। मीटिंग के बारे में जानकारी देते हुए स्थानीय निवासी संजीव दास रामकृष्णा बैरागी रवि गुप्ता ने बताया की 20 जुलाई 2020 से नया उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 को लागू किया गया है। यह उपभोक्ताओं को सशक्त बनाएगा और इसके विभिन्न नियमों और प्रावधानों के माध्यम से उनके अधिकारों की रक्षा करने में उनकी मदद करेगा।नया अधिनियम पुराने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 की तुलना में अधिक तीव्रता से और कम समय में कार्यवाही कैसे करेगा इसकी विस्तृत जानकारी मुख्य वक्ता राजेंद्र पाध्ये कार्यक्रम संयोजक




निर्भय नाथ शर्मा तकनीकी संयोजक ऋ षिन्द्र नामदेव संगठन मंत्री रविकांत जायसवाल ने दी। मुख्य वक्ता ने बताया कि पूर्व उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 में न्याय के लिये काफी समय लग जाता था।हाल में तीन दशक पुराने उपभोक्ता संरक्षण कानून, 1986 को बदल दिया गया है, इसकी जगह उपभोक्ता संरक्षण कानून 2019 ने ली है। नए कानून में उपभोक्ताओं के हित में कई कदम उठाए गए हैं।जिसमे झूठे या भ्रामक विज्ञापन के लिये मैन्युफैक्चरर या एन्डोर्सर पर 25 हजार से लेकर 10 लाख रुपए तक का जुर्माना लगा सकता है। दोबारा अपराध की स्थिति में यह जुर्माना 50 लाख रुपए तक बढ़ सकता है। मैन्युफैक्चरर को दो वर्ष तक की कैद की सजा भी हो सकती है।

उपभोक्ताओं के नजरिए से नए कानून में बड़ी राहत है जैसे छत्तीसगढ़ निवासी कोई व्यक्ति दिल्ली मुंबई या अन्य राज्य से कुछ सामग्री खरीदी करता है घर आने के बाद अगर उस सामान में हेरा फेरी या त्रुटियां पाई जाती है तो अपने जिले में उपभोक्ता आयोग के पास शिकायत कर सकता है निवारण जिले में ही होगा।अब किसी भी स्थान का शिकायत वह अपने जिले के उपभोक्ता आयोग के पास निश्चित अवधि के अंदर कर सकता है।

ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी के लिए नए नियम लागू किया गया है ताकि ग्राहक ठगे नही। ई कामर्स के लिए नए नियमों के मुताबिक अब ऑर्डर कैंसिल करने पर चार्ज नहीं लगेगा। शिकायत के लिए जिले में नोडल ऑफिसर की तैनाती जाएगी। एक निश्चित टाइम लिमिट में शिकायत का निपटारा कर देना होगा।कंपनियां किसी भी चीज के दाम में हेरफेर नही कर पाएगी। चाहे वह कंपनियां देश में रजिस्टर्ड हों या विदेश में नए नियम में जुर्माना के साथ सजा के भी प्रावधान किए गए हैं।

## नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व पर वर्चुअल वेबीनार

# सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने भागीदारी निभाई

पायनियर संवाददाता ◄ बचेली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश भारतीय जनता पार्टी द्वारा 20 सितंबर की शाम भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व एवं उनके कृतित्व पर एक वर्चुअल वेबीनार बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल व्यास, जामली पाटेश्वर धाम के संचालक बालयोगेश्वर संत राम बालक दास महत्यागी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष विष्णुदेव साय प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का संचालन प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पार्टी द्वारा पूरे देश में बूथ स्तर पर मनाया जा रहे सेवा सप्ताह कार्यक्रम के विस्तार पूर्वक जानकारी दी, तथा इस अवसर पर सभी प्रमुख वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में भी किए जा रहे जन कल्याणकारी कार्यों एवं राष्ट्रहित के बड़े विषयों का निराकरण करने के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा मार्गदर्शन दिया, इस वर्चुअल वेबीनार में भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चांपा जिले के अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा के मार्गदर्शन में सैकड़ों की संख्या में पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने सिस्को वेबैक्स एवं फेसबुक पेज के माध्यम से जुड़ कर इस वर्चुअल वेबीनार बैठक का लाभ लिया, तथा इस अवसर पर पार्टी संगठन के बारे में विस्तार पूर्वक प्रमुख वक्ताओं ने जानकारी दी एवम वेबीनार में बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू कश्मीर में धारा 370 की समाप्ति की, अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण का भूमि पूजन कर मंदिर निर्माण के कार्य को प्रारंभ किया तथा बड़े राष्ट्रहित के विषयों को उन्होंने अपने प्रधानमंत्री के रूप में निराकरण किया जो कि देश के 125 करोड़ नागरिकों के लिए गौरव का विषय है, तथा 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर विशेष सेवा सप्ताह कार्यक्रमों के अंतर्गत पार्टी द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा नक्सलियों का मददगार

## विस्फोटक सामग्री समेत नगदी बरामद, न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

माओवादियों के खिलाफ सुरक्षा बल के जवानों का आपरेशन जारी है। सूचना पर निकली सर्चिंग पार्टी ने एक मोटरसाईकिल सवार सवार को पकड़ लिया जिसकी तलाशी लेने पर विस्फ टेक सामग्री व नगदी बरामद किया गया। उसके बाद नक्सल संगठन के सप्लायर को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।



पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिले के दोरनापाल थानाक्षेत्र के तोंगगुड़ा इलाके में मााओवादियों के होने की सूचना मिली जिसके बाद डीआरजी व जिला बल के जवानों ने सर्चिंग अभियान चलाया। तोंगगुड़ा जंगल के पास एक मोटरसाईकिल सवार को रोका गया जिसके झोले से 25 हजार नगदी व विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। जिसमें डेटोनेटर, जिलेटिन राड, बारूद बरामद किया गया। वही सप्लायर ने अपनी पहचान सोढ़ी भूपेन्द्र उर्फ बुधरा बताया जिसके बाद जवानों ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

# सिमगा कोविड केयर सेंटर में नहीं है किसी भी प्रकार की अव्यवस्थाएं, फैलायी जा रही है अफवाहें : बीएमओ

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

विकासखण्ड सिमगा के स्वास्थ्य अधिकारी विगत डॉ पी के चन्दन ने सिमगा कोविड केयर सेंटर के संचालन हेतु किसी भी प्रकार से फंड की कमी को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा की विगत कुछ दिनों से प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से सिमगा कोविड केयर सेंटर को लेकर लगातार अफवाहें उड़ायी जा रही है। जिनका वास्तविकता से कोई संबंध नही है। गौरतलब है की जिले में कोरोना से संक्रमित मरीजो की सँख्या में लगातार वृद्धि होने के चलते कलेक्टर सुनील कुमार जैन के निर्देश पर सभी विकासखण्ड मुख्यालयो में कोविड केयर सेंटर की व्यवस्था की जा रही है। ताकि मरीजो को रायपुर अथवा बलौदाबाजार जाने की आवश्यकता ना प?। ऐसे ही सिमगा के आईटीआई भवन में नवीन कोविड केयर संचालित हो रही है। जिनकी बिस्तर क्षमता 200 बेड की है। पर अभी वर्तमान में






112 बेड की तैयारी पूरी कर ली गयी है। भविष्य में इसे और भी बढ़ाया जा सकता है। साथ ही इस सेंटर में कल की स्थिति के अनुसार 72 मरीज भर्ती है। जिनका इलाज जारी है। सभी मरीजो को समयानुसार भोजन,पानी, दवाई की व्यवस्था सुचारू रूप से मिल रही है। इसके साथ ही डॉ चन्दन ने बताया की कोविड केयर सेंटर की व्यवस्था के लिये समाज के बहुत से लोग आगे बढ़कर इनके संचालन के लिये भी सहयोग किये है। इसके अतिरिक्त जिन निजी फर्म से कोविड केयर सेंटर के लिये आवश्यक उपकरण एवं सामग्री खरीदी गयी है उनका भी भुगतान विधिवत कर दिया गया है। उन्होंने आगे बताया की चेक क्रमांक 744621 ममता सेल्स,चेक क्रमांक 744622 के माध्यम से अशोक इलेक्ट्रिकल्स, मोनिका किराया एवं फैंसी स्टोर्स,रामकुमार देवांगन को पी एफएम एस के माध्यम से भुगतान किया जा चुका है। इस तरह फंड की कमी जैसी कोई बात नहीं है। अब इन सेंटरों से मरीज रिकवरी होकर अपने घर जाना भी प्रारंभ हो गया है।

# सेवा सप्ताह में पुलिस थाना प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया



पायनियर संवाददाता ◂ सरसीवां
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मोत्सव को सेवा सप्ताह के रूप में मनाने के लिए पुलिस थाना सरसीवां के प्रांगण में वृक्षारोपण का कार्य म आयोजित किया गया उक्त कार्य म में थाना परिसर मे भाजपाइयों द्वारा आम बादाम कटहल नीम जैसे वृक्ष रोपित किए गए इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री सुभाष जालान ने कहा भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने श्री मोदी जी के जन्मदिन को सेवा कार्य करके मनाने का निर्देश दिया है उक्त निर्देश के परिपालन में भाजपाइयों द्वारा वृक्षारोपण किया जा रहा है जिस प्रकार वृक्ष त्याग बलिदान की पर्याय है वही श्री मोदी जी भी इसी तरह सभी प्रकार के आरोप प्रत्यारोप की परवाह किए बिना राष्ट्र की सेवा में निरंतर लगे हुए हैं भाजपाइयों ने आम जनमानस से भी लगाने की अपील की है हमारी जीवनदायिनी है और बिच्छू के प्रथम से ही पर्यावरण प्रदूषित होते जा रहा है के लिए वृक्षारोपण करने सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया है इस अवसर पर शिवरात्रि केसरवानी वरिष्ठ नेता ,अलगराम साहू वरिष्ठ नेता थाना प्रभारी घनश्याम देशमुख , मंडल अध्यक्ष झाड़ू राम जिला मंत्री चंचला महिलाने दुर्गेश केशरवानी , रेशम कुर्रे महामंत्री, ईश्वरधर दीवान ,कार्तिकेश्वर यादव, संतोष बघेल ,अजय भास्कर लालू शर्मा शिप्पू दुबे सुमेश बंजारे नारायण साहू देवेश साहू नगर अध्यक्ष, दुर्गेश यादव (नगर उपाध्यक्ष) उमाशंकर साहू विक्की चौहान किशन केसरवानी प्रदीप साहू नीलेश दुबे , दिनेश साहू,सोनू केसरवानी अंकित अग्रवाल राजेश भास्कर मनोज कुर्रे अजय बंजारे देवेंद्र कुमार गौरव दुबे ,राज कुर्रे , ठाकुर चेतन साहू ,लोमस साहू ,राजू साहू आदि उपस्थित थे।

# मेघा मंडल में प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर 15 भाजपाइयों ने रक्तदान किया

पायनियर संवाददाता ◂ कुरुद
www.dailypioneer.com

कुरुद विधानसभा के मेघा मंडल मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन बहुत धुम-धाम से मनाया जा रहा है, यहाँ भाजपा के हमारे 15 कार्यकर्ताओं के द्वारा सेवा सप्ताह के छटवें दिन रक्तदान करके कोरोना काल मे संकट के समय मे जररूतमंदो के लिए रक्त संग्रहित कर प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिन को यादगार बना रहे है । सेवा सप्ताह कुरूद विधानसभा रक्तदान कार्यक्रम के प्रभारी एवं भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष भानु चन्द्राकर जी एवं भाजपा वरिष्ठ नेता पूर्व जनपद अध्यक्ष मगरलोड श्याम साहु जी, भाजपा मंडल अध्यक्ष होरी साहु जी, सिर्री मंडल अध्यक्ष पुष्पेन्द्र साहू, संतोष सोनी ने सभी रक्तदाताओं का




सम्मान कर प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए कार्यकर्ताओं का अभिनंदन और धन्यवाद ज्ञापित किये । इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्तागण सत्यम चन्द्राकर, राजेश साहू, शंकर बंजारे, डोमेन्द्र सिन्हा, सोमनाथ निषाद, देवनाथ साहु जी, निक्कू शर्मा जी, भितेन्द्र नागर्ची, कुशल साहू सहित मेघा मंडल के समस्त कार्यकर्ता एवं रक्तदाता साथीगण सम्मिलित हुए ।

# सेवा ही परमो धर्म : सेवा सप्ताह में बलौदाबाजार शहर मंडल ने किया सृष्टि माता मंदिर में वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा सप्ताह के अवसर पर भारतीय जनता शहर मंडल बलौदा बाजार द्वारा सष्टि माता मंदिर के पास वृक्षारोपण किया गया।

इस कार्यक्रम के संबोधन में शहर मंडल अध्यक्ष संकेत शुक्ला ने बताया कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व के सबसे बड़े नेताओं में शुमार है उनका नाम उनकी ऐतिहासिक कार्यो के कारण भारत का नाम विश्व पटल पर सहराया जा रहा है भारत मे लगातार उनके द्वारा ऐतिहासिक कार्य राम मंदिर निर्माण, तीन तलाक आर्टिकल 35 ,370 धारा, सुकन्या समृध्दि, उज्वला गेस, नल जल योजना, प्रधानमंत्री किसान





सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत,जन धन योजना, राष्ट्र की सेना को हर प्रकार से कार्यवाही के लिए खुली छूट व अत्याधुनिक उपकरण प्रदान करने जैसे अनेको कार्य किये गए है जिससे अल्प समय मे श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार की ठोस नीति के कारण आज विश्व मे भारत के ऊपर आंख उठाने की हिम्मत कोई नही करता है । हम ऐसे प्रधान सेवक जी के जन्मदिवस को सेवा सप्ताह के रूप में मना रहे है जिसके चलते भाजपा शहर मंडल के कार्यकर्ताओं ने वृद्धजानो को फ्ल वितरण के पश्यात फ्लदार वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न किया है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ सनम जांगड़े जिला अध्यक्ष,सुरेन्द्र टिकरिहा पूर्व जिला अध्यक्ष, उमेश बाजपेयी जिला उपाध्यक्ष,कृष्णा अवस्थी जिला मंत्री,टेसूलाल धुरंधर, विजय केशरवानी, नन्दकुमार साहू पूर्व न.पा. अध्यक्ष, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष संकेत शुक्ला, नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, महामंत्री पुनीतराम यादव, महामंत्री मणिकांत मिश्रा, धनंजय साहू जिला साहू संघ अध्यक्ष, डोमन वर्मा,सतीश पटेल, सविता प्रदीप साहू,राजू सलूजा, रितेश श्रीवास्तव, राजेंद्र वर्मा, विध्याभूषण साहू, अधिवक्ता के.एन.साव, नरेश केशरवानी, राहुल सोनी, श्यामलाल वर्मा, अभिषेक तिवारी, वशू देव सिंह ठाकुर, कृष्णा दिवेदी, राहुल साहू, सत्या कौशले, राकेश ध्रुव व शहर मंडल के कार्यकर्ता व नेतागण उपस्थित रहे।

## संजय सोनी को मिला श्रवण कुमार सम्मान

**बलौदाबाजार।** बुजुर्गो की चौपाल संस्था रायपुर द्वारा अपने माता-पिता व समाज के वृद्धजनों के प्रति संवेदना रखने वाले व उनकी सेवा करने वाले श्रवण



कुमार की तलाश कर उनका सम्मान किया जा रहा है अपने माता-पिता व बुजुर्गों के प्रति सेवा भावना रखकर बलोदा बाजार के संजय कुमार सोनी को श्रवण कुमार सम्मान देकर सम्मानित किया गया है।

# सरपंच दुलेश्वर सेन के निधन पर जनप्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मण्डल के अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत भरसेला (बड़ा) के सरपंच दुलेश्वर सेन (48)का आकस्मिक निधन कोरोना महामारी (कोविड 19)से संक्रमित होने के कारण 19सितंबर दिन शनिवार को एम्स में हुआ । दुलेश्वर सेन भारतीय जनता पार्टी के नेता व जनप्रतिनिधि एवं सेन समाज के सचिव थे । ग्राम पंचायत भरसेला (बड़ा)का 2 बार सरपंच रहे एवं नवगठित जिला पंचायत ब. बा. भा. के क्षेत्र क्र. 8के पूर्व जिला सदस्य भगवंतीन सेन के पति थे ।गिरिश, मनीष, गौरव सेन के पिता थे । दुलेश्वर सेन के निधन से भारतीय जनता पार्टी जिला बलौदा बाजार-भाटा पारा एवं मण्डल क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके निधन पर रायपुर के सांसद सुनील सोनी पूर्व विधनसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल जी,



प्रदेश प्रवक्ता भाटापारा विधायक श्री शिवरतन शर्मा जी, पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल जी, जिलाध्यक्ष डा. सनम जांगड़े,योगेश चन्द्राकर, विपिन बिहारी वर्मा, सुरेंद्र टिकरिहा, डा. अजय राव, जनपद अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष चीत्तावर जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य डा. कुशल वर्मा, धनेश्वरी मनोज यादव, टेसुलाल धुरंधर, विजय केशरवानी, लखेपाल जयसवाल अनिल गुप्ता, नंद कुमार साहू, अशोक जैन, राकेश तिवारी, शुभाष जालान,आनंद यादव, पूर्व मण्डल अध्यक्ष पवन वर्मा, मण्डल अध्यक्ष संकेत शुक्ला, उमेश बाजपेई, नीलम सोनी, कृष्णा अवस्थी, सुनीता वर्मा, अदिति बघमार, सेवक वर्मा, नंद वर्मा, तेज राम वर्मा, महेंद्र साहू, महाबल बघेल, मनिंदर सिंह गुम्बार, डबलू सिंह ठाकुर, विजय यादव, कृष्णकुमार पटेल, केजुराम बघेल, शिव कटारिया, मणिकांत मिश्रा, पुनीत यादव, पुरुषोत्तम साहू, दिनेश साहू, भैरव देवांगन, डमरुधर वर्मा, लक्ष्मी कांत वर्मा, सुरेश वर्मा, डोमन वर्मा , धनंजय साहू, रेवा राम साहू ,अनिल बघेल, मुरारी साहू, संतोष पटेल, नरेश केशरवानी, रितेश श्रीवास्तव, जितेंद्र धुरंधर, नरेंद्र कश्यप, रामा राम वर्मा, चन्द्रिका वर्मा, गजेन्द्र नायक, गूलपत ध्रुव, गोवर्धन पाल, प्यारेलाल साहू, बिसाबाई कन्नौजे, नेतराम साहू, सेवक साहू, सोमनाथ कन्नौजे, गंगादास मधुकर, रामकुमार वर्मा, अजय गर्ग, भीषम कश्यप, मोहन साहू, पोखराम विश्वकर्मा, एवं भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त करते हुवे श्रद्धांजली अर्पित की एवं ईश्वर से प्रार्थना की की उनके परिवार को इस दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

### भाटापारा में श्रद्धांजलि दी गई

**भाटापारा।** मंडल अध्यक्ष मनेदर सिंह सोनी ने कहा कि सेन जमीनी कार्यकर्ता थे पार्टी के महामंत्री रहते हुए उन्होंने काफी काम किया था उनकी सि यता के कारण ही उन्हें ग्रामीण मंडल का अध्यक्ष बनाया गया था और अध्यक्ष का दायित्व भी वे बखूबी निभा रहे थे आइए आज हम सब मिलकर ईश्वर से प्रार्थना करें कि वे उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें इसके अतिरिक्त विधायक प्रतिनिधि आशीष जायसवाल, जिला मंत्री महाबल बघेल, पूर्व पालिका अध्यक्ष डॉ मोहन बांधे, उपाध्यक्ष सुनील यदू पार्षद, पुरुषोत्तम यदु, वयास यदू, अशोक साहू, आसिस पुरोहित, गोपाल देवांगन, देवेंद्र साहू, सुमन मिश्रा, खगेंद्र यादव, मुकेश सोनी, अशोक साहू, कुंजराम कोसले, योगेश अनंत, गोवर्धन डहरिया, उमाशंकर वर्मा, देवेंद्र साहू, दिलीप यादव, राजा शर्मा, गोविंद पटेल, संतोष साहू, संजय चौहान, महिला मोर्चा अध्यक्ष आयशा खान, महामंत्री नीरा साहू, सुखदेव यादव, नंदकिशोर अग्रवाल, कमल तिवारी, चंद्रकला साय, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, महामंत्री पितांबर साहू आदि उपस्थित थे।

## जिले में 22 की मध्य रात्रि से 29 की मध्य रात्रि तक पूर्ण लॉक डाउन

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाटापारा। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 22 सितम्बर मंगलवार को रात्रि 12 बजे से लेकर 29 सितम्बर मंगलवार को रात्रि 12 बजे तक एक सप्ताह के लिए सम्पूर्ण लॉकडाउन रहेगा। कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने जिले में कोरोना के लगातार बढ़ते मामलों को ध्यान में रखते हुए व्यापारी संघ के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से चर्चा एवं सहमति के बाद इस आशय के आदेश जारी किए हैं। इस समय का लॉकडाउन पहले की तुलना में कुछ ज्यादा कठोर होगा। शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी समान रूप से प्रभावशील होगा। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राजेन्द्र गुप्ता ने बताया कि लॉकडाउन अवधि में केवल दूध वितरण के लिए छूट दी जाएगी। सवेरे 8 बजे से 9.30 बजे और शाम में 5.30 बजे से 7 बजे तक दूध वितरण किया जा सकेगा। अत्यावश्यक सेवा में शामिल मेडिकल एवं पेट्रोल पंप ही खुलेंगे। इस दफा किराना दुकान, फल दुकान एवं सब्जी दुकान भी लॉकडाउन अवधि में बंद रहेंगे। कलेक्टर ने बंद के व्यापक प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी सम्बन्धित एसडीएम, नगरीय निकायों के सीएमओ और जनपद पंचायतों के सीईओ को दिए हैं ताकि लोग लॉकडाउन के पूर्व जरूरत के सामान जुटा सकें।

## कृषि मंत्री चौबे और स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव के बयान में विरोधाभाष

# प्रदेश सरकार कोरोना की रोकथाम में बुरी तरह विफल होकर घुटने टेक दी : शिनरतन

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा ने प्रदेश के कृषि मंत्री रवीन्द्र चौबे द्वारा केंद्र सरकार द्वारा लॉकडाउन को लेकर सुझावों का आदान-प्रदान बंद करने पर रंज जताने पर हैरानी जताई है। शर्मा ने कहा कि इससे यह तथ्य अब आईने की तरह साफ हो गया है कि प्रदेश सरकार कोरोना की रोकथाम में बुरी तरह विफल होकर घुटनों पर आ गई है और अब उसे फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कोरोना की रोकथाम के लिए की गई रणनीतिक तैयारियों की अहमियत समझ आ रही है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व विधायक शर्मा ने प्रदेश के कृषि मंत्री चौबे और स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के बयानों में विरोधाभास को लेकर प्रदेश सरकार को 'कन्फ़्यूज़्ड सरकार' बताया और कहा कि इस सरकार ने अपनी अंदरूनी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के चलते प्रदेश को कोरोना के मामले में सबसे बदतर हालत में ला पटका है। शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार के मंत्री चौबे को इस बात पर ज़रा तो शर्म महसूस करनी चाहिए कि लॉकडाउन को लेकर केंद्र सरकार के फैसले को ग़लत बताकर प्रलाप करने वालों को इस बात की पीड़ा हो रही है कि केंद्र सरकार उनको कोई सुझाव नहीं दे रही है। शर्मा ने कहा कि अपने बड़बोलेपन का भद्दा प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राहुल गांधी के टिप्स के सहारे छत्तीसगढ़ को कोरोना मुक्त रखने का दावा किया था



और लॉकडाउन, कंटेनमेंट ज़ोन, रेड-येलो-ग्रीन ज़ोन तय करने का अधिकार मांगा था, ताकि शराब की कोचियागिरी और अपनी मनमानियाँ करने की छूट मिल सके। तब पूरी प्रदेश सरकार और कांग्रेस के नेता उसी सुर में सुर मिलाकर प्रधानमंत्री मोदी के प्रति अपमानजनक टिप्पणियाँ तक कर रहे थे। आज पूरा प्रदेश कांग्रेस सरकार के उन्हीं कर्मों के चलते संकट में है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व विधायक शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार से अधिकार मिलने के बाद आज प्रदेश को कोरोना संक्रमण के मामले में सबसे बदतर हालत में लाने के बाद प्रदेश के मंत्री चौबे किस मुँह से केंद्र सरकार से सुझाव का आदान-प्रदान बंद होने पर शिकायत कर रहे हैं? केंद्र सरकार से अधिकार लेकर भी प्रदेश सरकार आज अपने नाकारापन के चलते कोरोना के मोर्चे पर कोई ठोस व कारग़र पहल करने में लाचार दिख रही है, अलबत्ता उसने केंद्र से अधिकार मांगकर उसका इस क़दर दुरुपयोग किया कि आज पूरे प्रदेश में कोरोना की दहशत और मातम पसर गया और हर गली-मुहल्ले से मौतों का करुण क्रंदन सुनाई दे रहा है। शर्मा ने कहा कि कृषि मंत्री चौबे को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि जब उन्हें लॉकडाउन का कोई विशेष महत्व नज़र नहीं आ रहा है तो फिर ज़िलेवार लॉकडाउन क्यों जारी है? प्रदेश सरकार की समझ और सूझबूझ की दयनीय दशा तो यह है कि जहाँ कोरोना संक्रमण की दर कम है, वहाँ तो उसने लॉकडाउन कर रखा है, और राजधानी में जहाँ हज़ारों मामले रोज़ सामने आ रहे हैं, प्रदेश सरकार को वहाँ लॉकडाउन की ज़रूरत महसूस नहीं हो रही है! प्रदेश सरकार तो अपने स्वास्थ्य मंत्री को ही विश्वास में लेकर नहीं चल रही है, जबकि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री को विश्वास में लिया जाना चाहिए।

# अवैध महुआ शराब परिवहन करते दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

पायनियर संवाददाता ◂ सरसीवां
www.dailypioneer.com

अवैध रूप से महुआ शराब परिवहन करने वाले दो आरोपी को पकड़ने में बेलादुला पुलिस को सफलता मिली है । चौकी प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ की मोटर सायकल में दो व्यक्ति अवैध रूप से महुआ शराब लेकर आ रहे है की सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहन के तत्काल मौका घटना स्थल ग्राम खपराखोल पहुंचकर खपरखोल मार्ग की ओर आ रहे मोटर साइकिल को घेराबंदी कर मोटर सायकल के चालक होमदेव सिदार एवं पीछे बैठे जयकुमार बरिहा को रोककर पूछताछ कर चेक करने पर एक खाकी रंग के जूट बोरी के अंदर पन्नी के अंदर रखे 30 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब कीमती 3000/ रुपए को अवैध रूप से रखना पाए जाने पर उक्त शराब को आरोपी जयकुमार बरिहा तथा घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल ष्टष्ठ डीलक्स क्रमांक ष्टत्र 06 त्र 8713 को आरोपी होमदेव सिदार से समक्ष गवाहन के विधिवत जप्त किया जाकर आरोपियों का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट की घटना घटित करना सबूत पाए जाने से आरोपियान (1) होम देव सिदार पिता अनंतराम उम्र 32 साल साकिन बीलखंड चौकी भंवरपुर थाना बसना जिला महासमुंद (2) जय कुमार बरिहा पिता बोधन उम्र 22 साल साकिन बिलखंड चौकी भंवरपुर थाना बसना जिला महासमुंद को विधिवत गिरफ्तार कर आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 303/2020 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। संपूर्ण कार्रवाई में प्रधान आरक्षक मनोज कंवर ,आरक्षक अमित खूंटे,चंदन दिनकर, रवि शंकर केवट,मदन सेठ का विशेष सराहनीय योगदान रहा है।

# नगर वासियों ने मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री का जताया आभार

पायनियर संवाददाता मुंगेली (पथरिया)
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत में साल भर के इंतिजार बाद आखिरकार तीन एल्डरमेन की नियुक्ति आदेश जारी हो गया है। मंत्रालय नगरीय प्रशासन से जारी आदेश अनुसार गड़रिया समाज के जिला अध्यक्ष संतोष पाली, नगर पंचायत चुनाव के रणनीतिकार कलम नारायण द्विवेदी और युवा कांग्रेस नेता तुलसी सोनवानी को पथरिया नगर पंचायत में एल्डरमेन नियुक्त किया गया है।

इस नियुक्ति पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सागर सिंह बैस ने कहा कि ओबीसी, एससी और सामान्य वर्ग के युवाओं का नगर पंचायत परिषद में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए छ. ग.प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं जिला पंचायत सदस्य जागेश्वरी वर्मा के अनुशंसा पर जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रस्ताव भेजा था। इसी तरह पथरिया नगर पंचायत चुनाव में प्रभारी रहे पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता घनश्याम वर्मा ने कहा कि नगर चुनाव में कांग्रेस के लिए समर्पित होकर कार्य करने वालों को पार्टी ने सम्मान के रूप में यह पद दिया है जिसका स्वागत करते है। नियुक्ति उपरांत एल्डरमेन संतोष पाली ने पार्टी का आभार जताते हुए कहा कि नागरिकों को प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ दिलाना मेरी प्राथमिकता होगी साथ ही नगर में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्तों को साथ लेकर कार्य करेंगे। ज्ञात हो कमल नारायण द्विवेदी वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ व्यास नारायण द्विवेदी के पुत्र है कमल नारायण का कहना है कि हाल ही में उनके पिता का देहांत हुआ है डॉ व्यास नारायण द्विवेदी के अथक प्रयास से नगर में दस वर्ष बाद कांग्रेस की सरकार बनी है उनके साथ पार्टी की सेवा की है,और राजनीति का अनुभव लिया है।नियुक्ति के लिए कांग्रेस पार्टी का आभार जताते हुए नगर विकास का संकल्प लिया। एससी वर्ग से एल्डरमेन बने तुलसी सोनवानी का कहना है कि कांग्रेस पार्टी ने उन पर भरोसा जताया है उस पर पूरा खरा उतरूंगा। नगर विकास के लिए परिषद के साथ मिलकर काम करते हुए नागरिकों को अधिक अधिक सुविधा दिलाने का प्रयास करूंगा। इस नियुक्ति के फैसले पर सभी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं नगरीय प्रशाशन मंत्री शिवकुमार डहरिया का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया एवं तीनो नवनियुक्त एल्डरमैन ने अपने कार्य के प्रति सच्ची निष्ठा से समर्पित होने का संकल्प लिया।







## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से मारपीट करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**डोंगरीडीह।** पुलिस चौकी लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत तिल्दा में 19 सितम्बर को दोपहर के समय ड्यूटी के दौरान आवश्यक रजिस्टर लेने घर पहुँचने पर घर घुसकर आरोपी रामफल पिता खोलबाहरा कैवर्त ,मनीष पिता परमानंद कैवर्त, शिखवंतीन पति खोलबाहरा कैवर्त, दसरित पति परमानंद कैवर्त ने माँ बहन की अश्लील गन्दी गन्दी गालियां देते हुए ताबड़तोड़ हमला किये एवं जान सहित मारने की धमकी भी दिये। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को मारपीट से काफी चोंटे भी पहुंचा है। जिसका मुलाहिजा भी अस्पताल में हुआ है।आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ मारपीट करने वाले सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस चौकी लवन ने घटना दिनाँक को ही अपराध दर्ज कर रविवार को 20 सितंबर को पुलिस ने गिरफ्तार कर कसडोल कोर्ट में पेश किये।उक्त सभीआरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज है।गौरतलब हो कि पीड़िता ने आप बीती में बताया एक जिम्मेदार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता होने के साथ साथ वर्तमान समय मे कोरोना योद्धा के रूप में अपनी ड्यूटी दे रही है।आंगनबाड़ी केंद्र में ड्यूटी पर गई थी कि विभाग का आवश्यक रजिस्टर घर पर छोड़ आयी थी उसी को लेने दोपहर के समय अपने घर के अंदर पहूँची थी कि आरोपीगण पीड़िता को देखते ही घर के अंदर घुसकर यह कहते हुए माँ बहन की अश्लील गंदी गंदी गालियां देते हुए मारपीट करने लगे कि तुम सार्वजनिक जगहों पर दारू गांजा श्पीने वाले हमारे घर के पुरुषों को मना करते हो, सार्वजनिक जगहों पर जुआ खेलने वालों पर रोक टोक करते हो,लोगों को बड़ा कोरोना वायरस की बचाव की जागरूकता रैली निकालते हो का संदेश देते हो बड़ा समाज सुधारक बनते फिरते हो ,कहते हुए आरोपियों ने पीड़िता के साथ हाथ मुक्के ,से मारपीट की घटना को अंजाम दिए गए हैं।

## शंकर नगर आत्मनिर्भर युवा समूह ने की मुक्तिधाम की सफाई



पायनियर संवाददाता नवागढ़
www.dailypioneer.com

आत्मनिर्भर समूह शंकर नगर नवागढ़ का साप्ताहिक स्वच्छता अभियान लगातार 8वें सप्ताह भी जारी रहा। ज्ञात हो कि शंकर नगर के युवाओं द्वारा प्रति रविवार सफाई अभियान चलाया जाता है। इस रविवार वार्ड 12 स्थित मुक्तिधाम की सफाई की गई। प्रतिदिन होने वाले गंदगी के कारण यह स्थान कचरों का अंबार बना हुआ था। साथ ही खरपतवारों व कांटों के कारण इस स्थान पर लोग बैठ नही पा रहे थे। नगर के गौरव पथ से लगे शंकर नगर का एक मात्र मुक्तिधाम जिसकी स्थिति को देखकर युवाओं ने निश्चय किया की वे सभी मिलकर इस स्थान को सुंदर बनाएंगे। साथ ही आसपास शोभाकार पेंडो को भी लगाया जाए जिससे इस स्थान का महत्व और बढ़ जाये। समयानुसार प्राप्त होने वाली सुविधाओं से निश्चित ही इस स्थान को साफ और सुरक्षित रखा जा सकता है। युवाओं ने नगरवासियों से निवेदन किया कि मुक्तिधाम में कचरा ना फैलाएं। मुक्तिधाम में पार्षद वार्ड 14 तोरन प्रसाद(रमेश) निषाद, नारायण निर्मलकर, महेश साहू, विरेन्द्र जायसवाल(एल्डरमेन) मनोज देवांगन, संतोष पाल, किशोर देवांगन, एम कुमार साहू, दिलीप जायसवाल, कृष्णकुमार देवांगन, रामअवतार निषाद, हेमकांत निषाद, नागेश्वर सिन्हा, रूपेंद्र यादव, कृष्णा विश्वकर्मा, स्वराजगिरी गोस्वामी, प्रकाश(टोपी) दुबे, शिवकुमार निषाद, आकाश रजक, ताम्रध्वज नाविक द्वारा सफाई किया गया।

# पीएम के जन्मदिन पर जिला भाजपा का महावृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता कांकेर
www.dailypioneer.com



भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 70 वे जन्मदिन के अवसर पर मनाये जाने वाले सेवा सप्ताह के आज छटवे दिन पूरे जिले में भारतीय जनता पार्टी द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया भाजपा कोरर मण्डल में कुर्री, चिल्हाटी, किशनुपरी बुथ में भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया व जिला महामंत्री बृजेश चैहान, जिला मंत्री अनूप राठौर, मण्डल अध्यक्ष गजेन्द्र परिहार की उपस्थिति में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मण्डल महामंत्री जय शिवना, जनपद सदस्य कुमीन टेमुना, शिवराम टांडिया, दशरथ यादव, राजकुमार साहू, विनोद कोटा, निर्भय कोमरा, संतोष टांडिया, शुभम नाग, रतन ठाकुर, उमा टेमना उपस्थित रहे।

कांकेर शहर में जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल की उपस्थिति तथा मण्डल अध्यक्ष दीपक खटवानी के नेतृत्व में शहर के कंकालीन मंदिर परिसर, नये बस स्टेण्ड के गढ़ कलेवा गार्डन व भाजपा कार्यलय कमल सदन में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को बचाने एंव सरंक्षित रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, जिला उपाध्यक्ष राजीव लोचन सिंह, जिला मंत्री देवेन्द्र भाउ, प्रदेश महिला मोर्चा महामंत्री शालिनी राजपूत, पूर्व जिला महामंत्री विजय कुमार मण्डावी, युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री टेकेश्वर जैन, शहर महामंत्रीद्वय अरूण कौशिक, गिरधर यादव, नारायण चंदेल, मीरा सलाम, राकेश शर्मा, शंकुतला जैन, जागेश्वरी साहू, सलीम मेनन, विवेक परते, योगेश साहू, वीरेन्द्र श्रीवास्तव, जयप्रकाश गेडाम, मनोज ध्रुव, राजेश पटेल, नीलू तिवारी, मनीष जैन, जयंत अठभैया, उगेश्वरी उइके, मीना उके, विजय लक्ष्मी कौशिक, रमशीला साहू, अंशु शुक्ला, शैलेन्द्र शोरी, अन्नपूर्णा ठाकुर, विजय लखवानी, विजय साहू, अशोक ध्रुव, डी एन भण्डारी, ईश्वर ध्रुव, अभय ध्रुव, सुनिता यादव, रामकली चक्रधारी सहित भाजपा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**शासन के आदेश बिना कोई भी मजदूर नहीं रखा जा सकता**

# दैनिक मजदूरों को लिखित आदेश की आवश्यकता नहीं

पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com

आज हर कार्य को सुचारू रूप से रखने के लिए आवेदन कि मॉग किया जाता है मॉग के अनुसार काम दिया जाता है। आज सभी जानते है कि जब किसी शासकीय या अशासकीय कार्य मे मजदुरों कि आवश्यकता पड़ती है तो मॉग पत्र कि मॉग किया जाता है। लेकिन अनुसुचित जाति कन्या आश्रम मालखरौदा में अधीक्षिका ने दैनिक मजदूरो को किसी भी प्रकार कि मॉग न करते हुए लिखित नियुक्ति आदेश दिया गया है। जबकि कोई भी कार्य के लिए मजदुरो कि आवश्यकता पड़ती है तो शासन विज्ञिप्ती जारी करके ही उस स्थान कि पूर्ति करता है।

चाहे वह एक माह का हो या फिर जिंदगी भर के लिए कार्य का हो। सूचना के अधिकार मे यह खुलासा सामने आया है कि शासकीय अनुसुचित जाति आश्रम मालखरौदा मे अधीक्षिका के द्वारा सीधे तीन लोगो को नियुक्ति किया गया है वही पर सहायक आयुक्त का कथन है कि दैनिक मजदूरो के लिए न तों इंश्तहार कि आवश्यकता होती है उसे सीधे अपने अनुसार ही भर्ती किया जा सकता है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जॉजगीर जो कि अपने कार्यालय मे न जाने कितने मजदूरों को दैनिक रखा है वे ही बता पायेगे। कोई भी शासकीय कार्य को चलाने के लिए ईश्तहार निकाला जाता है। वही पर सहायक आयुक्त ने कहा कि मैं स्वय मालखरौदा जाकर निरीक्षण किया हूँ दैनिक मजदूरो के लिए निगरानी समिति के अनुमोदन से दैनिक मजदूर को कोई भी अधीक्षक रख सकते है उनका कहना है।

20 मार्च 2020 से कोविड 19 का विस्तार हुआ और अधीक्षिका ने छात्रावास क्वारेंटाईन सेंटर होने के कारण जानकारी 19 सितंबर को धनेश्वर प्रसाद साहू को जानकारी हुई जबकि शासकीय कार्य को घर मे रह कर किया जा रहा है। जानकारी विलंब कि बात कही गई है जबकि लोगो का आना जाना लगा रहता है लेकिन अधीक्षिका जॉजगीर कार्यालय जानकारी देने अब तक नही पहुची जो कि छ माह गुजर गये है। किसी के यहा अपने निजी कार्य जैसे शोक. जन्म दिवस एवं शादी विवाह समारोह मे शरीक हो सकती है इससे साफ यह जाहिर होता है कि अपने बचाव रखने के लिए सहायक आयुक्त एवं अधीक्षिका ने तोड़ मरोड़ कर जवाब दिया है जबकि कोई भी शासकीय कार्य करने के लिए जिला कलेक्टर से अनुमति लेना जरूरी है। शासन के आदेश बिना कोई भी मजदुर नही रख सकता।

सहायक आयुक्त का कथन दैनिक मजदूरो को किसी भी प्रकार की लिखित नियुक्ति आदेश नही दिया जाता है। संस्था मे कन्या आश्रम संचालित होने तथा नियमित कर्मचारी नही होने के कारण आश्रम के संचालन एवं छात्राओ कि भोजन व्यवस्था हेतु मेस संचालन के लिए निगरानी समिति के अनुमोदन पश्चात दैनिक मजदूरो को रखा गया है। ग्रीष्मावकाश मे सस्था बंद होने पर उक्त दैनिक मजदूरो से किसी भी प्रकार से कार्य नहीं लिया जाता है और ना ही उन्हे मजदूरी भुगतान कि जाती है।

इसमे अधीक्षिका एवं सहायक आयुक्त की किसी प्रकार की संलिप्तता नहीं पाई गई है।

# एबीवीपी की नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ, रोशन बने नगर मंत्री

पायनियर संवाददाता कांकेर
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पाखंजुर की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमे सर्वसमिति से नगर मंत्री रोशन बढ़ाई, सहमंत्री सुष्मिता मजूमदार, रेणुका दास, दीपेंद्र मण्डल, विक्रम मलिक महाविद्यालय प्रमुख शिलादित्य मण्डल सह प्रमुख राहुल,मिथुन गाइन, एसएफडी प्रमुख उत्तम साह,सह प्रमुख पिंटू सिकदार एसएफएस प्रमुख राहुल राय, सह प्रमुख सागर विश्वास, सुब्रत सरकार, सोशल मीडिया प्रमुख देवाशीष सरकार सह प्रमुख पुष्पेंद्र विश्वास,कला मंच प्रमुख ज्योति धुर्व सह प्रमुख सुखदेव पाल, विद्यालय प्रमुख सुबीर मालाकार सह प्रमुख अनूप विश्वास,प्रिया देवनाथ, क्रीड़ा प्रमुख आकाश विश्वास सह प्रमुख रिया देवनाथ, सुब्रत बिस्वाश कार्यकारिणी सदस्य कौशिक गाइन, अभी बर्मन, सुबेंदु मजूमदार बने कार्यकारिणी घोषणा में मुख्य रूप से प्रदेश सह संगठन मंत्री प्रदीप मेहता जी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विभाग संयोजक अजितेष दत्ता रॉय, जिला विद्यार्थी विस्तारक मनीष वर्मा उपस्थित थे प्रदीप मेहता जी ने परिषद के इतिहास को बताया कि कैसे अभाविप अपने स्थापना काल से ही सदैव छात्र हित एवं राष्टहित की बात कर रहा है जिसका उद्देश्य राष्ट का पुनर्निर्माण करना है आगे उन्होंने बताया कि आज परिषद ने अपने द्वार भिन्न भिन्न क्षेत्रो के लिये खोल दिए है चाहे वह एसएफएस के माध्यम से सेवा हो जल जंगल जमीन जंतु जानवरो ऐसे पर्यावरण के लिये एसएफडी हो कला के क्षेत्र के लिये कला मंच हो इसके साथ ही ऐग्रिविजन, फर्माविजन, मेडिविजन, आयुर्वेद होम्योपैथी के छात्र-छात्राओं हेतु जिज्ञासा, थिंक इंडिया जैसे आयाम भी प्रारम्भ हुए है। एक लंबे समय से परिषद शिक्षा के नीति में परिवर्तन के लिये पक्षधर था जो आज नई शिक्षा नीति के रूप दिखाई दे रही है अब शिक्षा के भारतीयकरण से देश का गौरव ब?गा और भारत पुनः विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर होगा विभाग संयोजक अजितेष दत्ता रॉय ने बताया कि एबिवीपी छात्र हित से लेकर विभिन्न देशव्यापी समस्याओं की ओर ध्यान दिलाया है कश्मीर से धारा 370 हटाने,र्भ्ष्टाचार के विरुद्ध,अवैध घुसपैठियों का विषय हो परिषद समय समय पर आंदोलन चलाता रहा है अभाविप शैक्षणिक परिवार की रचना करता है जहाँ शिक्षक,शिक्षकविद व् छात्र होते है जो दलगत राजनीति से उठकर एक स्वतंत्र छात्र संगठन के परिचायक बनते है जिला विद्यार्थी विस्तारक मनीष वर्मा द्वारा नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

**पिछले एक सप्ताह से हो रहे आयोजन**

# सेवा सप्ताह के अंतिम दिन, भाजपाइयों ने चलाया सफाई अभियान

पायनियर संवाददाता सुकमा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा के द्वारा सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। आज सेवा सप्ताह के अंतिम दिन में भाजपाइयों ने बस स्टैंड पर सफ ाई अभियान चलाया और भी कई आयोजन किए। रविवार करीब 9 बजे जिला मुख्यालय स्थित बस स्टैंड पर भाजपा जिला अध्यक्ष हूँगाराम मरकाम के नेतृत्व में भाजपाइयों ने सफाई अभियान शुरू किया। हाथों में झाडू लेकर बस स्टैंड की सफ ाई की। गौरतलब है कि भाजपाई पिछले सप्ताह से कई कार्यक्रमो का आयोजन कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। आज सेवा सप्ताह का अंतिम दिन है। और दिनभर कई कार्यक्रमो का आयोजन किया गया।



देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को लेकर सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। पिछले एक सप्ताह से जिले के अलग-अलग जगहों पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आज सेवा सप्ताह का अंतिम दिन है। इसलिए बस स्टैंड पर सफाई की गई।

**- हुंगाराम मरकाम,** जिला अध्यक्ष भाजपा

## कोरोना के संक्रमण के बढ़ते दबाव के चलते विधायक शोरी ने

पायनियर संवाददाता कांकेर
www.dailypioneer.com

संसदीय सचिव छ.ग. शासन एवं विधायक कांकेर शिशुपाल शोरी के द्वारा क्षेत्र जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता से अपील करते हुए कहा कि कोविड-19 कोरोना संक्रमण काल से संबंध में जारी केन्द्रीय तथा राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। अतिआवश्यक होने पर ही घर से बाहर जावे, जब भी घर से बाहर निकले मुंह और नाक को मास्क से ढककर निकले तथा बाहर से आने के बाद साबुन से हाथ को बार-बार धोवे जहां तक संभव हो गरम पानी पीये तथा आयुष विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार काड़ा बनाकर या अस्पताल से मिलने वाले काढ़ा को सेवन करे, संभव हो तो चेहरे, मुह तथा नाक को मास्क से ढक रखे, तथा हो सके तो भाप भी ले। सर्दी खासी, बुखार होने पर तत्काल अस्पताल जाकर ईलाज करवाये।

## लॉकडाउन को लेकर सख्त निर्णय ले सकती है जिला प्रशासन

**अम्बिकापुर।** कोरोना के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए प्रदेश सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा लॉकडाउन को लेकर सख्त निर्णय ले सकती है। सोमवार की रात से लॉकडाउन का निर्णय प्रशासन द्वारा लेने हेतु व्यापारियों से ऑनलाइन चर्चा की जा रही है। प्रशासन द्वारा लाकडॉउन के दौरान कितनी सख्ती बरती जाएगी यह तय किया जाना है। नगर निगम एरिया में लगातार कोरोना संक्रमितों की सख्या बढ़ती ही जा रही है। प्रभवितों कि बढ़ती संख्या व मौत के आंकड़े को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा लक्डॉन का निर्णय लिया जाना है।


## नाम परिवर्तन सूचना

मेरा वर्तमान नाम अमित कुमार चंदेल पिता पन्नालाल चंदेल है। मेरा स्थाई पता मकान नं. 243, सेंट्रल विद्यालय के पीछे, वार्ड नं.03 रेलवे बस्ती मनेद्रगढ़ कोरिया (छ.ग.) पिन नं. 497442.

जो कि मेरी कक्षा 10 व 12 वीं की अंकसूची में अमित कुमार पिता पन्नालाल चंदेल दर्ज है। मेरे आधारकार्ड व पैन कार्ड सहित समस्त दस्तावेजों मे अमित कुमार चंदेल नाम दर्ज है। अब मुझे अमित की जगह पर अमित कुमार चंदेल के नाम से जाना व पहचाना जायें।

-: पता :-
पता मकान नं. 243, सेंट्रल विद्यालय के पीछे, वार्ड नं.03 रेलवे बस्ती मनेद्रगढ़ कोरिया (छ.ग.)
पिन नं. 497442

**न्यायालय तहसीलदार जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /अ-20(1)/2019-20

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा ग्राम-जशपुर, प.ह.नं. 07 के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अलका जैन, पति राकेश कुमार जैन, निवासी ग्राम जशपुर नगर तहसील व जिला-जशपुर (छ.ग.) के द्वारा नजूल नगर जशपुर अन्तर्गत मुहल्ला जुरगुम स्थित - भू-खण्ड क्रमांक 516 रकबा 1.4490 हे. में से रकबा 7400 वर्गफुट को स्वयं के नाम पर व्यवस्थापन कर भूमि-स्वामी अधिकार दिये जाने हेतु कलेक्टर महोदय जशपुर के समक्ष आवेदन-पत्र पेश किये जाने पर प्रकरण जाँच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग रायपुर के आदेश क्रमांक एफ-4-07/सात-1/2019 दिनांक 11 सितम्बर 2019 की कंडिका 5 (5.3) में दिये गये प्रावधान अनुसार किसी भी शासकीय भू-खण्ड के दो या दो से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर प्रचलित गाईड लाईन की दर से निर्धारित की गई प्रब्याजि को आफसेट मूल्य मानते हुए नीलामी के माध्यम से अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति/संस्था को आबंटित किया जाना है। चूंकि आवेदित भूमि जुरगुम स्थित प्लाट नम्बर 516 रकबा 1.4490 हे. भूमि में एक से अधिक कई आवेदन प्राप्त हुए हैं।

उपरोक्त मामले की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 07.10.2020 को नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.09.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
जशपुर (छत्तीसगढ़)

**न्यायालय तहसीलदार जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /अ-20(1)/2019-20

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा ग्राम-जशपुर, प.ह.नं. 07 के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका तारा कुमारी जैन, जशपुर नगर तहसील व जिला - जशपुर (छ.ग.) के द्वारा नजूल नगर जशपुर अन्तर्गत मुहल्ला जुरगुम स्थित - भू-खण्ड क्रमांक 293/1/क रकबा 3.86 एकड़ में से रकबा 1104 वर्गफुट को स्वयं के नाम पर व्यवस्थापन कर भूमि-स्वामी अधिकार दिये जाने हेतु कलेक्टर महोदय जशपुर के समक्ष आवेदन-पत्र पेश किये जाने पर प्रकरण जाँच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग रायपुर के आदेश क्रमांक एफ-4-07/सात-1/2019 दिनांक 11 सितम्बर 2019 की कंडिका 5 (5.3) में दिये गये प्रावधान अनुसार किसी भी शासकीय भू-खण्ड के दो या दो से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर प्रचलित गाईड लाईन की दर से निर्धारित की गई प्रब्याजि को आफसेट मूल्य मानते हुए नीलामी के माध्यम से अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति/संस्था को आबंटित किया जाना है। चूंकि आवेदित भूमि जुरगुम स्थित प्लाट नम्बर 293/1/क रकबा 3.86 एकड़ भूमि में एक से अधिक कई आवेदन प्राप्त हुए हैं।

उपरोक्त मामले की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 07.10.2020 को नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.09.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
जशपुर (छत्तीसगढ़)

**न्यायालय तहसीलदार जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /अ-20(1)/2019-20

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा ग्राम-जशपुर, प.ह.नं. 07 के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राकेश कुमार जैन पिता श्री भागचंद्र जैन, निवासी जशपुर नगर तहसील व जिला- जशपुर (छ.ग.) के द्वारा नजूल नगर जशपुर अन्तर्गत मुहल्ला जुरगुम स्थित - भू-खण्ड क्रमांक 516 रकबा 1.4490 हे. में से रकबा 7400 वर्गफुट को स्वयं के नाम पर व्यवस्थापन कर भूमि-स्वामी अधिकार दिये जाने हेतु कलेक्टर महोदय जशपुर के समक्ष आवेदन-पत्र पेश किये जाने पर प्रकरण जाँच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग रायपुर के आदेश क्रमांक एफ-4-07/सात-1/2019 दिनांक 11 सितम्बर 2019 की कंडिका 5 (5.3) में दिये गये प्रावधान अनुसार किसी भी शासकीय भू-खण्ड के दो या दो से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर प्रचलित गाईड लाईन की दर से निर्धारित की गई प्रब्याजि को आफसेट मूल्य मानते हुए नीलामी के माध्यम से अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति/संस्था को आबंटित किया जाना है। चूंकि आवेदित भूमि जुरगुम स्थित प्लाट नम्बर 516 रकबा 1.4490 हे. भूमि में एक से अधिक कई आवेदन प्राप्त हुए हैं।

उपरोक्त मामले की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 07.10.2020 को नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.09.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
जशपुर (छत्तीसगढ़)

**न्यायालय तहसीलदार जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /अ-20(1)/2019-20

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा ग्राम-जशपुर, प.ह.नं. 07 के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अलका जैन, पति राकेश जैन, निवासी शिव मंदिर जशपुर नगर तहसील व जिला-जशपुर (छ.ग.) के द्वारा नजूल नगर जशपुर अन्तर्गत मुहल्ला जुरगुम स्थित भू-खण्ड क्रमांक 493/1 रकबा 0.5300 हे. में से रकबा 7400 वर्गफुट को स्वयं के नाम पर व्यवस्थापन कर भूमि-स्वामी अधिकार दिये जाने हेतु कलेक्टर महोदय जशपुर के समक्ष आवेदन-पत्र पेश किये जाने पर प्रकरण जाँच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग रायपुर के आदेश क्रमांक एफ-4-07/सात-1/2019 दिनांक 11 सितम्बर 2019 की कंडिका 5 (5.3) में दिये गये प्रावधान अनुसार किसी भी शासकीय भू-खण्ड के दो या दो से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर प्रचलित गाईड लाईन की दर से निर्धारित की गई प्रब्याजि को आफसेट मूल्य मानते हुए नीलामी के माध्यम से अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति/संस्था को आबंटित किया जाना है। चूंकि आवेदित भूमि जुरगुम स्थित प्लाट नम्बर 493/1 रकबा 0.5300 हे. भूमि में एक से अधिक कई आवेदन प्राप्त हुए हैं।

उपरोक्त मामले की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 07.10.2020 को नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.09.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
जशपुर (छत्तीसगढ़)

**न्यायालय तहसीलदार जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /अ-20(1)/2019-20

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा ग्राम-जशपुर, प.ह.नं. 07 के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राकेश कुमार जैन पिता श्री भागचंद्र जैन, निवासी शिव मंदिर रोड़, जशपुर नगर तहसील व जिला- जशपुर (छ.ग.) के द्वारा नजूल नगर जशपुर अन्तर्गत मुहल्ला जुरगुम स्थित - भू-खण्ड क्रमांक 493/1 रकबा 0.5300 हे. में से रकबा 7400 वर्गफुट को स्वयं के नाम पर व्यवस्थापन कर भूमि-स्वामी अधिकार दिये जाने हेतु कलेक्टर महोदय जशपुर के समक्ष आवेदन-पत्र पेश किये जाने पर प्रकरण जाँच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग रायपुर के आदेश क्रमांक एफ-4-07/सात-1/2019 दिनांक 11 सितम्बर 2019 की कंडिका 5 (5.3) में दिये गये प्रावधान अनुसार किसी भी शासकीय भू-खण्ड के दो या दो से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर प्रचलित गाईड लाईन की दर से निर्धारित की गई प्रब्याजि को आफसेट मूल्य मानते हुए नीलामी के माध्यम से अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति/संस्था को आबंटित किया जाना है। चूंकि आवेदित भूमि जुरगुम स्थित प्लाट नम्बर 493/1 रकबा 0.5300 हे. भूमि में एक से अधिक कई आवेदन प्राप्त हुए हैं।

उपरोक्त मामले की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 07.10.2020 को नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.09.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
जशपुर (छत्तीसगढ़)

**न्यायालय तहसीलदार जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /अ-20(1)/2019-20

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा ग्राम-जशपुर, प.ह.नं. 07 के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अरविंद मिश्रा, पिता श्री करमदयाल मिश्रा, निवासी जशपुर नगर तहसील व जिला-जशपुर (छ.ग.) के द्वारा नजूल नगर जशपुर अन्तर्गत मुहल्ला जुरगुम स्थित - भू-खण्ड क्रमांक 495 रकबा 2.57 हे. में से रकबा 7400 वर्गफुट को स्वयं के नाम पर व्यवस्थापन कर भूमि-स्वामी अधिकार दिये जाने हेतु कलेक्टर महोदय जशपुर के समक्ष आवेदन-पत्र पेश किये जाने पर प्रकरण जाँच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग रायपुर के आदेश क्रमांक एफ-4-07/सात-1/2019 दिनांक 11 सितम्बर 2019 की कंडिका 5 (5.3) में दिये गये प्रावधान अनुसार किसी भी शासकीय भू-खण्ड के दो या दो से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर प्रचलित गाईड लाईन की दर से निर्धारित की गई प्रब्याजि को आफसेट मूल्य मानते हुए नीलामी के माध्यम से अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति/संस्था को आबंटित किया जाना है। चूंकि आवेदित भूमि जुरगुम स्थित प्लाट नम्बर 495 रकबा 2.57 हे. भूमि में एक से अधिक कई आवेदन प्राप्त हुए हैं।

उपरोक्त मामले की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 07.10.2020 को नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.09.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
जशपुर (छत्तीसगढ़)

**न्यायालय तहसीलदार जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /अ-20(1)/2019-20

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा ग्राम-जशपुर, प.ह.नं. 07 के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अरविंद मिश्रा, पिता श्री करमदयाल मिश्रा, निवासी जशपुर नगर तहसील व जिला-जशपुर (छ.ग.) के द्वारा नजूल नगर जशपुर अन्तर्गत मुहल्ला जुरगुम स्थित - भू-खण्ड क्रमांक 516 रकबा 1.4490 हे. में से रकबा 7400 वर्गफुट को स्वयं के नाम पर व्यवस्थापन कर भूमि-स्वामी अधिकार दिये जाने हेतु कलेक्टर महोदय जशपुर के समक्ष आवेदन-पत्र पेश किये जाने पर प्रकरण जाँच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग रायपुर के आदेश क्रमांक एफ-4-07/सात-1/2019 दिनांक 11 सितम्बर 2019 की कंडिका 5 (5.3) में दिये गये प्रावधान अनुसार किसी भी शासकीय भू-खण्ड के दो या दो से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर प्रचलित गाईड लाईन की दर से निर्धारित की गई प्रब्याजि को आफसेट मूल्य मानते हुए नीलामी के माध्यम से अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति/संस्था को आबंटित किया जाना है। चूंकि आवेदित भूमि जुरगुम स्थित प्लाट नम्बर 516 रकबा 1.4490 हे. भूमि में एक से अधिक कई आवेदन प्राप्त हुए हैं।

उपरोक्त मामले की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 07.10.2020 को नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.09.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
जशपुर (छत्तीसगढ़)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**:: ईश्तहार ::**

रा.प्र.क्र. अ/2 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेन्द्र आ. विजय जाति महरा ग्राम पोड़ी तहसील बोड़ला के द्वारा अपने नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम पोड़ीटोला प.ह.नं. 27 तहसील बोड़ला स्थित भूमि ख.नं. 78/6 रकबा 0.040 हे. भूमि को कृषि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तित कराये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत तिथी 8.10.20 तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.9.20 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**जारी दिनांक - 1.9.2020**
**पेशी दिनांक - 28.10.20**

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बोड़ला

# धरती के पर्यावरण की ढाल है ओजोन पर्त

जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभावों का अनुभव करने के बाद, अब समय आ गया है कि सभी देश ओजोन पर्त की क्षमता बहाल करने के लिए निम्न कार्बन उत्सर्जन का मार्ग अपनाने हेतु साथ मिलकर काम करें।




षणमुगनाथम के.
आशीष सारस्वत

हमारी धरती के वातावरण की रक्षक ओजोन पर्त हमारे लौकिक एवं समुद्री जीवन के संरक्षण का काम करती है। वह पर्त जो अत्यधिक प्रतिक्रियाशील तथा ट्रेस गैसों से निर्मित होती है वायु के प्रत्येक 10 मिलियन अणुओं के लिए लगभग तीन अणु निर्मित करती है तथा सूर्य की पराबैंगनी किरणों को अवशोषित करती है जो धरती की ओर आती हैं। हालांकि, 1970 के पूर्वार्द्ध में निर्णयात्मक शोध के द्वारा इस अहम आवरण में समस्या के संकेतों को रेखांकित किया गया था। 1974 में, कैलीफोर्निया विश्वविद्यालय के स्वर्गीय प्रोफेसर शेरवुड रोलैंड एवं प्रोफेसर मारियो मोलिना एक लेख प्रकाशित किया था जिसमें क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी) गैसों से ओजोन पर्त को खतरों का उल्लेख किया गया था।

यह पाया गया कि, जो प्रशीतन के लिए आमतौर पर रेफ्रिजरेटरों आदि में इस्तेमाल किया जाता है वह धरती के वातावरण में प्रवाहित होने के बाद ओजोन लेयर को खा रहा है। स्थिति और भी बुरी हो जाती है क्योंकि सीएफसी का उपभोग इसकी कम कीमत तथा अज्वलनशील एवं गैरविषकारी गुणों के कारण विविध बिजनेसों व उद्योगों में चरघातांकीय रूप से बढ़ रहा है।


दुनिया के सर्वाधिक सफल समझौते की शुरुआत : प्रोफेसर रोलैंड एवं प्रोफेसर मोलिना के निष्कर्षों के 11 वर्ष बाद, वैज्ञानिकों की एक टीम ने भी ओजोन लेयर के सिकुड़ने के बारे में जाना, जिसे ओजोन छिद्र की संज्ञा दी जाती है। उन्हें महसूस हुआ कि सीएफसी ने ओजोन पर्त को भेदना प्रारम्भ कर दिया है जिससे अत्यंत हानिकारक पराबैंगनी किरणों का प्रवेश धरती की सतह तक होना संभव है। इसके परिणामस्वरूप मनुष्यों में त्वचा कैंसर के मामले बढ़ने लगे तथा भौतिक तथा समुद्री पारिस्थितिकीय तंत्र को नुकसान पहुंचने लगा। मानव स्वास्थ्य की रक्षा एवं पर्यावरण को सिकुड़ती ओजोन पर्त के हानकारक प्रभावों से बचाने का ध्येय लेकर, ओजोन पर्त के संरक्षण हेतु विएना कन्वेंशन 22 मार्च 1985 को अस्तित्व में आई।

कन्वेंशन ने मांट्रियल प्रोटोकाल (एमपी) के लिए व्यवस्था मुहैया कराई जो सार्वभौमिक मंजूरी प्राप्त करने के मामले में सर्वाधिक सफल पर्यावरण समझौता है। 16 सितम्बर 1987 को, संयुक्त राष्ट्र संघ व 45 अन्य देशों ने उन पदार्थों को लेकर मांट्रियल प्रोटोकाल पर हस्ताक्षर किए जो ओजोन पर्त का क्षरण करते हैं। इसका उद्देश्य ओजोन पर्त को पतला करने वाले पदार्थों पर विश्वव्यापी नियंत्रण, कटौती एवं चरणबद्ध रूप से उनका उपयोग बंद करके संरक्षाणात्मक ढाल का संरक्षण करना था। तीन दशक पूर्व, वैंकूवर की 12 वर्षीय लड़की, सेवर्न कुलिस सुजूकी, ने 1992 के पृथ्वी सम्मेलन के अवसर पर ओजोन का क्षरण करने वाले पदार्थों को चरणबद्ध रूप से हटाने के उपायों संबंधी रणनीति को लेकर विविध पक्षकारों का ध्यान खींचा था। कुलिस ने अपने ऐतिहासिक भाषण में कहा था, ''ओजोन पर्त में छिद्र के कारण मुझे सूर्य की रोशनी में बाहर जाने से डर लगता है। मुझे हवा में सांस लेने से भय लगता है क्योंकि मुझे नहीं पता उसमें कौन से रसायन मिले हुए हैं। यदि आपको नहीं पता कि समस्या से कैसे निबटा जाए, तो कृपया उसे तोड़ना बंद कर दीजिए।'

1994 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने हस्ताक्षर वाले दिन की याद में 16 सितम्बर को ओजोन पर्त संरक्षण हेतु अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित किया था। आज, मांट्रियल प्रोटोकाल के सभी पक्षों ने अपने 98 प्रतिशत ओजोन क्षरण कारक पदार्थों का प्रयोग बंद कर दिया है जिससे प्रतिवर्ष दो मिलियन लोगों की त्वचा कैंसर से रक्षा होती है।

प्रमुख निर्धारक हैं प्रशीतक तत्व। प्रशीतकों की व्यवस्था की स्थापना ने 18वीं सदी के दौरान आकार लेना प्रारम्भ कर दिया था जब विश्व ने वाष्प संपीडन प्रशीतन प्रणाली नामक तकनीकी उच्चीकरण की पद्धति को अपनाया था जो बाद में सर्वाधिक सफल वाणिज्यिक तकनीक साबित हुई।

प्रशीतन की अप्रत्याशित आवश्यकता का परिणाम शुरुआत में अपनाए गए प्राकृतिक प्रशीतकों (कार्बनडाइ आक्साइड, अमोनिया, सल्फर डाइ आक्साइड, जल और वायु) के अनुप्रयोग के रूप में सामने आया। पहली पीढ़ी के



> प्रोफेसर रोलैंड एवं प्रोफेसर मोलिना के निष्कर्षों के 11 वर्ष बाद वैज्ञानिकों की एक टीम ने भी ओजोन लेयर के सिकुड़ने के बारे में जाना, जिसे ओजोन छिद्र की संज्ञा दी जाती है। उन्हें महसूस हुआ कि सीएफसी ने ओजोन पर्त को भेदना प्रारम्भ कर दिया है जिससे अत्यंत हानिकारक पराबैंगनी किरणों का प्रवेश धरती की सतह तक होना संभव है।

प्रशीतकों का स्थान धीरे-धीरे फ्लोरोकेमिकल्स ने लिया, जिन्हें उनके विविध गुणों यथा स्थिरता, अज्वलनशीलता आदि के कारण आमतौर से क्लोरोफ्लोरोकार्बन- सीएफसी तथा हाइड्रोक्लोरोफ्लोरोकार्बन (एचएफसी) कहा जाता है, जैसे आर-123, आर13, आर22। शुरुआत में, प्रशीतकों की व्यवस्था को शोधकर्ताओं ने पर्यावरण के परिप्रेक्ष्य में नहीं देखा। बाद में, ओजोन पर्त पर उनके नकारात्मक प्रभावों ने एचएफसी तथा पेट्रोक्लोरोफ्लोरोकार्बन (पीएफसी) के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया, जो ओजोन क्षरणकारी नहीं होते, लेकिन उनमें वैश्विक तापन की क्षमता होती हे जो जलवायु परिवर्तन में योगदान के मामले में कार्बन डाइआक्साइड से ज्यादा प्रभावी होते हैं। 2,000 के शुरुआती वर्षों के दौरान, एचएपुसी प्रशीतकों को अप्रत्याशित रूप से अपनाए जाने के चलते ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को बढ़ावा मिला जिससे वैश्विक तापन प्रभाव सामने आने लगे।

एचएफसी प्रशीतकों के कारण पैदा कार्बन पादचिन्हों के घातक प्रभाव को महसूस करते हुए, वैश्विक नेताओं एवं संयुक्त राष्ट्र ने रवांडा की राजधानी में अक्टूबर 2016 में मांट्रियल प्रोटोकाल के सभी पक्षों की 28वीं बैठक आयोजित की। कन्वेंशन की परिणिति किगाली संशोधन के रूप में हुई, जिसका उद्देश्य जीएचजी उत्सर्जनों में कटौती करना था जिसके द्वारा इस सदी के अंत तक 0.5 डिग्री सेल्सियस वैश्विक तापन को कम किया जा सकता है, साथ में ओजोन पर्त का संरक्षण भी जरी रहेगा। टिकाऊ जलवायु का उद्देश्य लेकर किगाली संशोधन के अंतर्गत, विश्व की अर्थव्यवस्थाएं अब वैश्विक तापन निरोधक उपायों के तहत 2040 तक चरणबद्ध तरीके से वर्तमान में प्रयुक्त होने वाले एचसीएफसी का उपयोग घटाने के प्रयास कर रही हैं। निम्न जीडब्लूपी प्रशीतकों को अपनाने की प्रवृत्ति पर्यावरणीय लाभों की खोजकर के साथ ही साथ बाजार की तैयारी के साथ संबोधित किया जा सकता है। हालांकि, आगे बढ़ाते समय, बिजनेस के पूर्व परिदृश्य को बनाए रखते हुए, प्रशीतक संक्रमण को बाजार की स्वीकार्यता के परिप्रेक्ष्य में देखना आवश्यक होता है। प्रशीतक का कुल पर्यावरणीय प्रभाव केवल कम अग्रिम लागत वाले प्रशीतकों, सभी प्रशीतन प्रणालियों की कुल ऊर्जा दक्षता एवं सुरक्षा पहलुओं को जोड़कर ही कम किया जा सकता है।

उदाहरण के लिए, बगैर संशोधन किए वर्तमान प्रशीतन प्रणाली के किसी प्रशीतक को बदल देने से वांछित आर्थिक एवं पर्यावरणीय लाभ उलट सकते हैं। ऐसे परिदृश्य से बचने के लिए, प्रशीतन उद्योग अगली पीढ़ी के निम्न जीडब्लूपी प्रशीतकों की वाणिज्यिक व्यावहार्यता सुनिश्चित करने के लिए प्रणालियां निर्मित करने के प्रयासों में लगा हुआ है। हालांकि, ऐसी नई प्रणालियों का इस्तेमाल बहुत सीमित है और प्रारम्भिक रूप से इस्तेमाल करने वाले पर निर्भर करता है जो आम तौर से प्रयुक्त होने वाले प्रशीतकों की वर्तमान प्रणालियों को पसंद करते हैं जिनकी कीमत कम है और परिणाम सिद्ध हो चुके हैं।

इस वर्ष ओजोन दिवस की थीम है, ''ओजोन फार लाइफ : ओजोन पर्त संरक्षण प्रयासों के 35 साल'' ओजोन पर्त के संरक्षण हेतु 1985 के विएना कन्वेंशन की सफलता को याद करते हुए। साथ ही साथ, वातावरण में जीएचजी उत्सर्जनों के निरंतर प्रवाहित होने का परिणाम यह हुआ है कि 2010-19 का दशक सर्वाधिक गर्म रहा है। जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभावों का अनुभव करने के बाद, अब समय आ गया है कि सभी देश भावी पीढ़ियों के लिए ओजोन पर्त की क्षमता बहाल करने के लिए निम्न कार्बन उत्सर्जन का मार्ग अपनाने हेतु साथ मिलकर काम करें। प्रशीतन क्षेत्र में टिकाऊ ऊर्जा विकल्पों एवं वातावरण-हितैषी प्रशीतकों को अपनाकर 2100 तक वैश्विक तापन 0.5 डिग्री सेल्सियस तक घटाने की उम्मीद की जा सकती है।

भारत में विश्व की 16 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है लेकिन वर्तमान में केवल 7 से 9 प्रतिशत लोगों की पहुंच वातानुकूलन उपकरणों तक हो पाई है। प्रशीतन संकर-क्षेत्रीय है जो व्यापक रूप से विविध क्षेत्रों में होता है जैसे कि अंतरिक्ष प्रशीतन, उद्योग, परिवहन, खाद्य सुरक्षा आदि। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की रिपोर्ट 2018 के अनुसार, भारत का प्रशीतन उद्योग 2050 तक तेजी से बढ़ने की संभावना है। भविष्य में प्रशीतन की आवश्यकताओं को महसूस करते हुए, भारत ने सक्रिय रूप से मार्च 2019 में इंडियसा कूलिंग एक्शन प्लान के रूप में अपना सामरिक दस्तावेज प्रस्तुत किया है, जिसका उद्देश्य कम पर्यावरणीय प्रभावों के साथ अधिक टिकाऊ प्रशीतन हेतु समाधानों का अपनाना है।

इस अप्रत्याशित वृद्धि से निबटने के लिए, भारतीय प्रशीतन उद्योग के लिए देशीय शोध एवं विकासीय गतिविधियों को बढ़ावा देकर श्रेष्ठ ऊर्जा-दक्ष तकनीकी विकल्पों का उपयोग करने के लिए त्वरित पद्धतियों को रणनीतिक रूप देना अनिवार्य हो गया है तथा पूर्व बिजनेस परिदृश्य में पर्यावरण हितैषी प्रशीतकों के इस्तेमाल को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। इसमें सहयोग देने के लिए अंतर मंत्रालयी कार्रवाइयों में समकालिकता, नवीन प्रशीतन तकनीकों के प्रमाणीकरण एवं वित्तपोषण, नई प्रशीतन तकनीकों के लिए कार्य प्रणालियों का पेटेंट कराना तथा वर्तमान प्रशीतन नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन आदि सुनिश्चित कराने की आवश्यकता है।

# सुशांत मामले में मीडिया कवरेज की प्रकृति

पब्लिक स्फेयर में चर्चा के लिए सूचना उपलब्ध कराने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है, पर उसकी यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी है कि जांच सही दिशा में चले। जांच और अभियोजन एजेंसियां कभी-कभी आपराधिक घटना के खुलासे के दबाव में निरपराध लोगों को फंसा देती हैं।



हिरण्यमय कार्लेकर
(लेखक, द पायनियर
के सलाहकार संपादक हैं)

**मीडिया ने सुशांत** सिंह राजपूत की मौत मामले में नैतिक न्यायिक कवरेज सिद्धान्त की अनदेखी की है जिसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। सुशांत सिंह राजपूत मामले में खासकर टेलीवीजन कवरेज पर अनेक सवाल उठे हैं। जब तक प्रमाणों के आधार पर स्थापित न हो जाए, तब तक इसे आत्महत्या कहा जा सकता है। मामले में परस्पर आरोप-प्रत्यारोप वाले बयानों का दौर जारी है। में केवल इससे जुड़े गहरे मुद्दों पर गौर करना चाहता हूं। पहला यह है कि क्या इसकी विस्तारित कवरेज उचित है। निसंदेह यह घटना बहुत त्रासद है। भारतीय सिनेमा में उल्लेखनीय योगदान करने वाला एक युवा असमय विदा हो गया। उसकी मौत की असामान्य प्रकृति, इससे जुड़े आरोप-प्रत्यारोप, केन्द्र द्वारा सीबीआई जांच का फैसला, मामला हस्तांतरित करने का सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय तथा बाद का घटनाक्रम निश्चित रूप से मीडिया कवरेज की जरूरत उजागर करता है। लेकिन क्या 14 जून को हुई कथित आत्महत्या के बाद से अधिकांश चैनलों के प्राइम टाइम कवरेज में इसे बड़ा स्थान मिलना ठीक है? देश वर्तमान समय में चीनी आक्रामकता के गंभीर खतरे, कोविड-19 महामारी के विस्तार तथा अर्थव्यवस्था पर संकट जैसी महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे में क्या इस मुद्दे को मिलने वाले समय की गुणवत्ता व विस्तार उचित है? इस सवाल के नकारात्मक या सकारात्मक जवाब में अनेक व्यक्तिनिष्ठ निर्णय हो सकते हैं, इसलिए इसे अंतिम नहीं कहा जा सकता है। दूसरे, कहा जाता है कि दर्शक इसी तरह की कवरेज चाहते हैं। वैसे सभी मुद्दों पर निर्णय व्यक्तिनिष्ठ होते हैं क्योंकि प्रमाणों की गुणवत्ता के आधार पर कोई व्यक्ति या समूह इनका आंकलन करता और नतीजे पर पहुंचता है। इसमें पूर्वाग्रहों व उन्मुखीकरण का भी अपना स्थान है। लेकिन समाज को उचित निर्णय करने के पहले अंतर्निहित सामाजिक संबंधों का ध्यान रखते हुए तार्किकता व नैतिकता को महत्व देना चाहिए।

सवाल है कि क्या सुशांत की मौत व उसके परिणामों की देश के लिए प्रासांगिकता चीनी आक्रामकता, कोविड-19 महामारी और आर्थिक संकट से अधिक है? केन्द्रीय राज्य मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कांग्रेस सांसद के. सुधाकरन के सवाल का लिखित जवाब 15 सितंबर को लोकसभा में दिया,



> देश वर्तमान समय में चीनी आक्रामकता के गंभीर खतरे, कोविड-19 महामारी के विस्तार तथा अर्थव्यवस्था पर संकट जैसी महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे में क्या इस मुद्दे को मिलने वाले समय की गुणवत्ता व विस्तार उचित है? इस सवाल के नकारात्मक या सकारात्मक जवाब में अनेक व्यक्तिनिष्ठ निर्णय हो सकते हैं, इसलिए इसे अंतिम नहीं कहा जा सकता है। दूसरे, कहा जाता है कि दर्शक इसी तरह की कवरेज चाहते हैं। वैसे सभी मुद्दों पर निर्णय व्यक्तिनिष्ठ होते हैं क्योंकि प्रमाणों की गुणवत्ता के आधार पर कोई व्यक्ति या समूह इनका आकलन करता और नतीजे पर पहुंचता है।

'नारकोटिक्स कंटोल ब्यूरो-एनसीबी अपनी या अन्य स्रोतों से मिली जानकारियों के आधार पर पूरे साल तलाशी, जब्ती, गिरफ्तारी व जांच का काम लगातार करता है। कोविड-19 लाकडाउन के कारण एनसीबी को फिल्म उद्योग और नशा व्यापारियों के बीच गठजोड़ के खुलासे वाली कोई कारगर सूचना नहीं मिली थी। लेकिन इस संबंध में एनसीबी मुंबई जोनल कार्यालय ने 28 अगस्त, 2020 को एक मामला दर्ज कर अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से गांजा, हशीश, टेटां हाइडो कैनाबिनाल व लिसर्जिक एसिड डी इथिलमाइड जैसे नशे जब्त हुए हैं।' एनसीबी द्वारा निकाले नतीजे की प्रतीक्षा करनी होगी। लेकिन ऐसा नहीं लगता कि सुशांत की मौत के बाद उसकी कार्रवाई किसी देशव्यापी नशा व्यापारी गठजोड़ का खुलासा करने वाली है। यह तर्क कुछ सीमा तक उचित हो सकता है कि दर्शकों को सेलेब्रिटीज़ से जुड़ी इस प्रकार की कवरेज में दिलचस्पी होती है जो खासकर किसी आश्चर्यजनक त्रासद घटना के बाद बढ़ जाती है। लेकिन यह तर्क ठीक नहीं कहा जा सकता है। एक समय रोम के कोलेजियम में एकत्र जनता द्वारा ग्लेडियेटर की दूसरे ग्लेडियेटर या शेर से मारे जाने पर खुशी सामान्य बात मानी जाती थी। आज भी स्पेन में बहुत से लोग सांडों की लड़ाई में किसी मैटाडोर की मौत से खुश होते हैं और हजारों लोग दक्षिण भारत में बैलों की भयंकर लड़ाई जलीकट्टू से खुश होते हैं। लेकिन केवल जनता के देखने से इन घटनाओं या उनकी व्यापक कवरेज को ऐसे समय उचित नहीं कहा जा सकता है, जब इससे देश के सामने मौजूद महत्वपूर्ण समस्याओं से ध्यान हटता हो। जर्मन सामाजिक दार्शनिक जर्गन हेबरमास ने इसे 'पब्लिक स्फेयर' कहा है। उसने 'स्टंक्चरल टॉसफारमेशन आफद पब्लिक स्फेयर' में यह भी कहा है कि 'यह सार्वजनिक स्थल पर एकत्र लोगों द्वारा बनता तथा समाज व राज्य की आवश्यकताओं को जोड़ता है।' इस स्पेस में लोग समाज व राज्य से जुड़े सार्वजनिक मुद्दों की चर्चा करते हैं तथा एक सार्वजनिक राय बनाते हैं जो राज्य को नागरिकों के प्रति जवाबदेह बनाती है।

पब्लिक स्फेयर में चर्चा के लिए सूचना उपलब्ध कराने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है, पर उसकी यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी है कि जांच सही दिशा में चले। जांच और अभियोजन एजेंसियां कभी-कभी आपराधिक घटना के खुलासे के दबाव में निरपराध लोगों को फंसा देती हैं। इस लेखक ने पत्रकार बनने का निर्णय हेनरी हैथवे की सच्ची घटना पर आधारित फिल्म 'काल नार्थसाइड 777' से प्रभावित होकर लिया था। इसमें शकागो डेली टाइम्स का रिपोर्टर जेम्स मैक्ग्यूर जोसेफ मैजजेक को रिहा करवा देता है जिसे एक पुलिस अधिकारी की हत्या में गलत तरीके से फंसा दिया गया था और उसे 99 साल की सजा मिली थी। सुशांत सिंह राजपूत का मामला मुझे मैल्काम फीले की बहुचर्चित पुस्तक 'प्रोसेस इज़ द पनिशमेंटः हैंडलिंग केसेज़ इन ए लोअर क्रिमिनल कोर्ट' की याद दिला देता है। हालांकि, इसका संबंध भारत के बजाय अमेरिकी अदालतों से है, पर भारत की अदालतों में भी लगभग ऐसी ही समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। क्या अंततः निर्दोष सिद्ध होने वाले व्यक्ति के लिए यह त्रासदी उचित होगी कि मीडिया पर उसे दोषी ठहराने का दबाव था? इसका अर्थ यह नहीं है कि खोजी पत्रकारिता को ऐसे मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए जिनकी जांच चल रही हो। लेकिन इसका अर्थ निश्चित रूप से लोकतांत्रिक व उदारवादी न्याय प्रणाली के दो मुख्य सिद्धान्तों पर काम करना और उनकी निष्ठा का सम्मान करना जरूर है जो मानवाधिकारों से जुड़े हैं। इनमें से पहला संयुक्त राष्टंसंघ द्वारा 1948 में घोषित मानवाधिकारों की सार्विक घोषणा का अनुच्छेद 11-1 में निहित है। इसके अनुसार, 'आपराधिक मामले के किसी आरोपी को उस समय तक निरपराध समझे जाने का अधिकार है, जब तक उसे कानून के अनुसार ऐसी सार्वजनिक सुनवाई में दोषी न सिद्ध किया जाए जिसमें उसे अपने बचाव के लिए आवश्यक सभी गारंटियां मिली हों।' इसे मानवाधिकार संरक्षण के यूरोपीय प्रस्ताव में भी शामिल किया गया है जो मूल रूप से मानवाधिकार तथा मूल स्वतंत्रताओं के संरक्षण का प्रस्ताव था। 3 सितंबर, 1953 को लागू हुए इस प्रस्ताव के अनुच्छेद 6-2 में कहा गया था, 'आपराधिक कृत्य के आरोपी सभी लोगों को उस समय तक निरपराध माना जाएगा जब तक उनको कानून के अनुसार दोषी न मान लिया जाए।' प्रख्यात ब्रिटिश न्यायविद विलियम ब्लैकस्टोन ने दूसरे सिद्धान्त को ब्रिटेन में कानूनों पर टिप्पणियां करते हुए स्पष्ट किया है। उनके अनुसार, 'अपराध के सभी प्रमाणों को सावधानी से स्वीकार किया जाना चाहिए। कानून के अनुसार एक निरपराध को सजा मिलने से बेहतर दस दोषियों का छूट जाना है।' संयुक्त राज्य अमेरिका के एक संस्थापक बेंजामिन फ्रेंक्रलिन ने और आगे बढ़ते हुए मार्च, 1785 को एक पत्र में लिखा था, 'एक निरपराध व्यक्ति को सजा मिलने से बेहतर 100 दोषी व्यक्तियों का बरी हो जाना है। इस सिद्धान्त को लंबे समय से स्वीकार किया गया है।' पत्रकारों को दोनों बातें हमेशा याद रखनी चाहिए।

# कलेक्टर ने कंटेन्टमेंट जोन क्षेत्र का भ्रमण कर आवश्यक जाजया लिया

## महज एक सप्ताह तक अनावश्यक अपने घर से बाहर निकलने से बचे : कलेक्टर

**व्यापारियों का मिला सहयोग, आमजनों को भी सहयोग करना होगा**

**सर्दी, खासी, बुखार है तो छुपाएं नहीं, फोन कर सूचना दें**

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने शनिवार देर शाम व रात कवर्धा शहर के वास्तविक स्थिति का जायजा लेने के लिए शहर के विभिन्न कंटेन्टमेंट जोन क्षेत्रों का भ्रमण किया। उन्होने शहर के प्रमुख मार्गो का जायजा लेने के बाद कवर्धा के सटे पिकनिट स्पॉट सरोदा बाध तक निरीक्षण किया। कलेक्टर शर्मा ने कहा कि कोविड-19 कोरोना वायरस के रोकथाम और नियंत्रण के लिए राज्य शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा अनेक प्रयास किए जा रहे है। जिले में जिस तेज गति से कोरोना के संक्रमण का प्रभाव देने के मिला रहा है वह बहुत ही चिंतनीय है, पर इसके संक्रमण को रोकने और रोकथाम के लिए आज शहर को कन्टेंटमेंट जोन घोषित किया गया है। कोरोना के संक्रमण के रोकने के लिए शहर के सभी छोटे-व्यापारी वर्ग का आज जिला प्रशासन का सहयोग मिल रहा है। यह बहुत ही अच्छी बात है।

आज शहर के सभी छोटे-बड़े व्यापारी अपने घाटे को सहन करते हुए कोरोना वायरस के संक्रमण को हराने में शासन-प्रशासन के साथ खड़े है। लेकिन ठीक इसके विपरित शहर के आमजनों का उतना अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा रहा है, जितना की इस संक्रमण के चैन को तोड़ने अथवा रोकने के लिए आवश्यक है। महज एक सप्ताह आमजन अनावश्यक घर से बाहर नहीं निकले में, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने और अपने घर के सामने, चौक-चौराहों में समुह के रूप में नहीं बैठने के लिए जिला प्रशासन का सहयोग कर देते है तो कोरोना के संक्रमण को रोकने में सफल हो सकते है। कलेक्टर शर्मा ने बताया कि हम लगातार सभी वार्डों और गांव में मुनादी अथवा लाडस्पीकर के माध्यम से संदेश पहंचा रहे है कि कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए आज शहर कन्टेंटमेंट जोन घोषित किए गए है। इसलिए अनावश्यक घर से बाहर ना निकले और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। हेंड सेनेटाईजर का उपयोग करें और साबुन से हाथों को अच्छी तरह से समय-समय पर साफ करते रहे। आज शहर के भ्रमण के दौरान शहर के सभी छोटे-बड़े दुकान बंद मिले, लेकिन शहर वासी अपने घरों में सामने, या चौक-चौराहों पर समुह के रूप में दिखें। ना वहां कोई सोशल डिटेंन्सिंग का पालन करते नजर आएं और ना ही वहां किसी ने मास्क पहना है। समुह अथवा टू-वीलर में सरोधा की तरह भारी संख्या में शहर से बाहर निकल रहे है। जिला प्रशासन ने जिले सभी पिकनिकट स्पॉट को आगामी आदेश तक बंद रखा है। ऐसी स्थिति में समूह में प्रास्कृतिक सौदर्य का दर्शन अथवा भ्रमण करना उचित नहीं है।

### कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए इन बातों का रखे ख्याल

कलेक्टर शर्मा ने अपील करते हुए कहा कि सर्दी, खांसी, बुखार, सांस लेने में कठिनाई, स्वाद और सूंघने की क्षमता का अभाव कोरोना वायरस का प्रमुख लक्षण है। समय रहते इस कोरोना के संक्रमण को रोका जा सकता है। सर्दी, खांसी, बुखार, सांस लेने में कठिनाई, स्वाद और सूंघने की क्षमता का अभाव जैसे लक्षण दिखाई दे रहे तो तत्काल राज्य शासन के टोल फ्री नम्बर 104 और जिला स्वास्थ्य विभाग के दूरभाष नम्बर 07741232078 पर फोन लगा कर निः शुल्क कोरोना जांच कराए। समय रहते कोरोना वायरस को चिन्हांकित कर पाने पर इस वायरस संक्रमण को रोका जा सकता है और संबंधित व्यक्ति यों को आसानी से बचाया जा सकता है। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना चाहिए। कंन्टेंटमेंट जोन क्षेत्र में प्रवेश अथवा बाहर निकलने से बचना चाहिए। अगर बहुत ही जरूरी का है तभी घर से बाहर निकले। घर से बाहर जाते समय सावधानी बरते और भींड-भाड़ जगहों में ना जाएं। हमेशा मास्क और हैण्डसेनेटाइजर का उपयोग करे। अपने हाथों से नांक, मुंह, और आंख को बार-बार ना छुए।

### कंन्टेंटमेंट आपके और आपके परिवार की सुरक्षा के लिए, पालन अवश्यक करें

कलेक्टर शर्मा ने बताया कि कवर्धा शहर में जिस तेज गति से कोरोना के संक्रमण के प्रकरण सामने आ रहे है, इससे यह तथ्य भी सामने आ रहे है, संक्रमण का प्रभाव उस क्षेत्र अथवा वार्ड में ज्यादा मिल रहे है, जहां पहले भी मिल चुकें है। इससे साफ जाहिर है कि उन वार्डों के निवासी कन्टेंटमेंट जोन क्षेत्र के निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। उन्होने बताया कि केनटेमेंट जोन क्षेत्र घोषित करने का उद्देश्य यह है कि हम कोरोना के संक्रमण पर काबू पा सके और उन वार्डों के अन्य परिवारों को पुर्णतः सुरक्षित रख सके। केन्टेंटमेंट जोन क्षेत्र आप और आपके परिवार की सुरक्षा के लिए बनाया जा रहा है। इसलिए इस गंभीरता को समझे और अनावश्यक घर से अथवा शहर से बाहर निकलने से कुछ दिन के लिए बचे।

# सेल-बीएसपी की टीमों ने सुरक्षा अनुभूति स्कीम-में लहराया परचम

**सेल स्तरीय पुरस्कार से नवाजे गए**

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

सेल सुरक्षा संगठन (सेल सेफ्टी आर्गनाइजेशन) द्वारा आयोजित 'सुरक्षा अनुभूति स्कीम-2020' के तहत आयोजित प्रतियोगिता में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की टीमों ने बाजी मारते हुए प्रथम पुरस्कार के साथ-साथ सांत्वना पुरस्कार जीतने में कामयाबी हासिल की है।

बीएसपी की ब्लास्ट फर्नेस-8 की टीम ने सुरक्षा अनुभूति स्कीम-2020 के तहत क्रेन सेफ्टी केटेगरी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर सम्पूर्ण सेल में अपनी धाक जमाई है। इस वर्ग में संयंत्र की ब्लास्ट फर्नेस-8 टीम ने नार्थ कास्ट हाउस के 50 टन ईओटी क्रेन में मॉडिफिकेशन कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। इस टीम ने इस मॉडिफिकेशन से संबंधित कार्यों को सेल सुरक्षा संगठन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में सेल के अन्य इकाइयों की टीमों ने भी भाग लिया। मूल्यांकन के पश्चात् ब्लास्ट फर्नेस-8 की टीम को विजेता के खिताब से नवाजा गया। इस विजयी टीम के सदस्यों में शामिल हैं सहायक महाप्रबंधक नितिन गोयल, उप प्रबंधक गौरव सिंह, सहायक प्रबंधक शैलेष कुमार चन्द्राकर, तकनीशियन अनिल पारखे एवं ओसीटी धनराज मीणा। यह पुरस्कार इस टीम द्वारा संपादित कार्यों की उत्कृष्टता को सिद्ध करता है।

इसके अतिरिक्त इसी प्रतियोगिता में सेल-बीएसपी की एक और टीम ने स्थान बनाने में सफलता प्राप्त की है। बीएसपी के पॉवर एवं ब्लोइंग स्टेशन-2 (पीबीएस-2) इलेक्ट्रिकल अनुभाग में कार्यरत् व्ही मोहन राव के सामान व मानव हेतु परिचालित लिफ्ट में खतरनाक घटना के संदर्भ में भेजे गए प्रविष्टि को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। इस प्रकार राव ने इस पुरस्कार को प्राप्त कर सेल-बीएसपी को गौरवान्वित किया है।

# केम्प क्षेत्र के घरों में नहीं भरेगा नाला का पानी

पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



सुंदर नगर बैकुंठधाम केम्प क्षेत्र के लोगों को निकासी की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। बारिश के दिनों में भी आसानी से पानी की निकासी हो जाएगी। नाला के आसपास रहने वाले लोगों को भी दिक्कत नहीं होगी और यह सब नाला सुदृढ़ीकरण कार्य से संभव हुआ है। जोन आयुक्त प्रीति सिंह ने बताया कि निगम प्रशासन ने वार्ड-21 सुंदर तालाब से गौरवपथ बैकुंठधाम तक बहने वाली नाला का 95 लाख की लागत से सुदृढ़ीकरण किया है। दो साल पहले महापौर देवेन्द्र यादव की परिषद ने वार्ड-21 सुंदर नगर तालाब से गौरवपथ बैकुंठधाम तक बहने वाली नाला का सुदृढ़ीकरण का निर्णय लिया था। अधोसंरचना मद से फंड की स्वीकृति दी गई थी। 750 मीटर लंबा नाला के सुदृढ़ीकरण कार्य को दो चरण में कराया गया।

गौरवपथ बैकुंठधाम से लेकर सुंदर नगर तालाब तक 750 मीटर लंबा नाला की सफाई के साथ कांक्रीट से दोनों तरफ रिटेनिंग वाल बनाने का कार्य लगभग पूरी हो गई है। इससे नाला दो मीटर चौड़ा और लगभग 5 फीट गहरा हो गया है। इससे आसानी से पानी की निकासी हो रही है। इस साल की बारिश में सुंदर नगर के अलावा आसपास के वार्डों के छोटे-बड़े नाला-नालियों में जाम या ओवर फ्लो की स्थिति नहीं

### इन वार्डो के घरों में भर जाता था पानी

वार्ड पार्षद रिंकू राजेश प्रसाद का कहना कि जोन-3 अंतर्गत सबसे बड़ा कार्य नाला सुदृढ़ीकरण का हुआ है। काफी लंबे समय से क्षेत्र के लोग नाला के दोनों तरफ रिटेनिंग वाल बनवाने की मांग कर रहे थे। जो महापौर देवेन्द्र यादव और निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर हुआ। पहले हर साल बारिश में आदर्श नगर, जेपी नगर, शांतिपारा और सुंदर के लोगों को निकासी की समस्या का सामना करना पड़ता था। नाला के किनारे बसे आदर्श नगर, जेपी नगर, शांतिपारा और सुंदर के लोगों को घरों में पानी भर जाता था।

# कांग्रेस फैला रही है भ्रम, किसानों के हित में है बिल : माहेश्वरी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



हाल ही में केंद्र सरकार ने ऐतिहासिक कृषि सुधारो के साथ किसान विधेयक को लोकसभा में प्रस्तुत किया। देश के किसानों को दशकों बाद उनकी उपज का सही मूल्य दिलाने एवं किसानों की आमदनी दुगनी करने के लक्ष्य के साथ प्रस्तुत बिल का विरोधी पक्षो द्वारा भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। उक्त विचार व्यक्त करते हुए सांसद प्रतिनिधि अनिल माहेश्वरी ने ?कहा कि जिन्होंने दशकों तक देश मे शासन करते वक्त भी किसानों की सुध नही ली वे अब बिचौलियों के हितों को साधने के लिए इस क्रांतिकारी बिल का विरोध कर रहे है एवं बिल के बारे में तरह तरह के भ्रम किसान भाइयों के मध्य फैला रहे है। 'कृषि सुधार विधेयक' किसान को अपनी फसल का दाम खुद तय करने की स्वतंत्रता देता है, 'एक राष्ट्र, एक बाज़ार' राज्यों और सीमाओं के बंधन को तोड़ता है, मंडी टैक्स से सुरक्षा देता है और हर परिस्थिति में 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' का कवच भी देता है। यह एक क्रांतिकारी बिल है।

इससे किसानों को अब कई तरह की सुविधाएं प्राप्त होगी जिनसे उनके आर्थिक हितों की रक्षा होगी। इससे किसानो को सरकारी समर्थन मूल्य लागू रहेगा इसके अलावा किसान समर्थन मूल्य से अधिक देने पर दूसरे व्यापारी और उधोगपति को भी फसल बेचने स्वतंत्र होगा। कृषि खरीद मंडी समाप्त कर दी गयी है। पहले विभिन्न प्रकार के टैक्स किसानो को ही भरने पडते थे अब फसल खरीदने वाले को देना होगा ।किसान को अपने राज्य मे ही फसल बेचने की अनिवार्यता से मुक्ति मिल गई है। अब किसान अधिक मुल्य मिलने पर दूसरे शहर / राज्य में भी बेच सकता है । किसानो को अब अपने फसल के लिए कोर्ट का चक्कर नही लगाना होगा। क्षेत्र का स्ठरूही व्यापारी से पैसा किसान को दिला देगा।

इस विस्तृत प्रावधान से स्पष्ट है कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लाए गए तीन कृषि सुधार कानून से सीधे-सीधे सीधे किसानो को बहुत अधिक फायदा होगा , उनको अपनी मेहनत की फसल का अधिकतम मूल्य मिलेगा।

# छावनी बस्ती बनी समस्याओं का तीर्थ : रमेश यदु

**भिलाई।** युवा भाजपा नेता रमेश यदु ने छावनी बस्ती की ज्वलंत समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि औद्योगिक तीर्थ कहा जाने वाला औद्योगिक क्षेत्र छावनी समस्याओं का घर बन चुकी है। उन्होंने महापौर एवं विधायक के कार्यो को निराशाजनक बताया। उनके द्वारा एक भी उल्लेखनीय कार्य नहीं किया गया है, जिसे जनता याद कर सके। लाखों रूपये के स्वीकृत कार्य केवल कागज एवं फाइलों तक ही सीमित हैं। सफाई व्यवस्था लचर है, लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। शंकर नगर में दुर्गा मंच का निर्माण एक साल तथा मंगल बाजार के पास डोम शेड का निर्माण दो महीने से अधूरा है। वहीं शहीद चुम्मन यादव की प्रतिमा अगस्त में लग जाने की बात विधायक द्वारा कही गई थी, जो कहीं नजर नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि इन सारी समस्याओं को जानते हुए भी वार्ड पार्षद मौन बनकर देख रही है, लेकिन उनके द्वारा एक भी बार सदन में आवाज नहीं उठाई। यहाँ की गरीब जनता के साथ धोखा किया जा रहा है। पार्षद निधि का पैसा दूसरे वार्ड में लगाकर मनमानी की जा रही है। कोरोना काल में भी आवश्यक चीजें गरीब तक नहीं पहुंच पाई हैं। औद्योगिक क्षेत्र की सड़कें भी जर्जर हो चुकी है। शंकर नगर से श्रमिक नगर की ओर जाने वाली सड़क का बुरा हाल है।

**विकास कार्य केवल कागजी फाइलों तक सीमित**

# दूसरे दिन भी जारी रहा जिले के संविदा स्वास्थ्य कर्मियों का हड़ताल

## संविदा कर्मियो के हड़ताल से जिले मे स्वास्थ्य सेवाए बदहाल

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छ.ग. प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रांतीय आह्वान में एनएचएम व छत्तीसगढ़ राज्य एडस नियंत्रण कार्यक्रम के समस्त स्वास्थ्य संस्था अधिकारी/कर्मचारी डॉक्टर, नर्स, लैब तकनिशियन, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, फार्मास्टि, काउंसलर, डेंटल सहायक, जेएसए, डाटा मैनेजर, अकाउंट मैनेजर, प्रोग्राम मैनेजर, जेएसए आदि शनिवार से अपनी एक सूत्रीय मांग छ.ग. राज्य के 13000 स्वास्थ्य कर्मियों के नियमितिकरण को लेकर लगातार हडताल मे है। इनके हडताल के कारण जिले मे स्वास्थ्य सेवाए बदहाल हो गई हैं। जिले के कई उपस्वास्थ्य केन्द्रो तथा हेल्थ एवं वेलनेस सेंटरो मे ताला जडा हुआ है साथ ही जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो मे कर्मचारियों के हडताल मे जाने के कारण जिले के लोगों को स्वास्थ्य सेवाए नहीं मिल पा रही हैं। जिले मे बच्चो तथा गर्भवती महिलाओ को टीकाकरण की सुविधा, एच आई वी व अन्य जांच सुविधा प्रापर नही मिल पा रही है गर्भवती महिलाए प्रसव के लिए भटक रही हैं। डायबिटीज एवं हाईपरटेंशन वाले मरीज जो हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर मे जाके रेगुलर अपना चेकअप कराते थे व दवाई लेते थे उनको बहुत ज्यादा समस्या का सामना करना पड रहा है।। लोग स्वास्थ्य केन्द्रो मे जन्म प्रमाण पत्र के लिए बार-बार चक्कर लगा रहे हैं। सबसे विकट स्थिति कोविड अस्पतालो कि जहा मरीजो कि देखरेख नही हो पा रही है । जिले मे कोरोना जांच की संख्या मे भारी कमी आई है। इनके हडताल मे जाने के कारण जिले के सभी कंट्रोल रूम काल अटेंड करने वाला कोई नही है जिसके कारण कोरोना के मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। शनिवार को जिले के चोरभट्ठी मे स्थित कोविड अस्पताल मे भर्ती धर्मेन्द्र कुमार नाम के मरीज द्वारा 104 मे शिकायत किया गया है कि उसके समेत 03 कोरोना मरीजो को दस्त हो रहा है और कोई स्टॉफ अटेंड करने के लिए नही हैं। वहीं लिंक ए आर टी बंद से एड्स मरीज को दवाई नहीं मिल पा रही है । आईसीटीसी, एस टी आई क्लीनिक बंद होने से परामर्श व जांच कार्य बाधित हो गया है।

संघ के जिलाध्यक्ष पुरन दास एवं उपाध्यक्ष संजय तिवारी ने कहॉ कि ये हडताल हम मजबुरी मे कर रहे है हम हडताल करना नही चाह रहे थे पर बार बार हमारे संघ द्वारा माननीय मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के साथ ही उच्चाधिकारीयो को पत्र के माध्यम से हमारी मांगो को अवगत कराने के बाद भी हमारी मांगो पर उनके द्वारा जब कोई ध्यान नही दिया गया तब हमे मजबुरन हडताल करना पड़ा। जबकि कांग्रेस सरकार के स्वास्थ्य मंत्री खुद ही चुनाव के समय जब वे विपक्ष मे थे वादा किये थे कि अगर हमारी सरकार बनती है तो समस्त अनियमित कर्मचारियो को 10 दिन के भीतर नियमितिकरण का तोहफा दिया जावेगा। साथ ही अपने चुनावी घोषणा पत्र इसे शामिल भी किए थे।

# बेरला मंडल में लगाया गया 400 पौधा

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधानसभा के अंतर्गत बेरला मंडल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 70 वे जन्मदिवस के शुभावसर पर बेरला मंडल के विभिन्न गांव में 400 पौधा पूर्व विधायक अवधेश चंदेल के नेर्तृत्व में लगाया गया व उनके संरक्षण के लिए कार्यकर्ता नियुक्त किया गया।

जिसमें खमरिया द्व 35, रेवे 70, लेंजवारा 40, सरदा 25,कुसमी ,माटरा 40, बिरोदा 40, दारगांव 40, सूरजपुरा 70, देवरबीजा 10,10 डगनिया,परपोड़ा, देवादा, सुरहोली 20... नरेंद्र मोदी जी जन्मदिन के सुभावसर पर फलवितरण के कार्यक्रम रखा गया। मोदी जी के जन्मदिन में बताया अवधेश सिंह चंदेल ने बताया की नरेन्द्र मोदी जी गरीब ,किसान ,मजदूर जनता सेवा में अपने पूरे घर परिवार को छोड़ा है।

उनके अथक परिश्रम दृण निश्चयी, कठोर फैसले लेकर आज पूरे विश्व मे देश को अग्रणी देशों में खड़ा किया है आज विश्व भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रहा है और जो फैसला वर्तमान में धारा 370, राम मंदिर निर्माण अर्षो बाद यह फैसला हुआ इनका भी पूरा श्रेय मोदी जी को जाता है उनके बारे में यदि बताते चलो तो रात बीत जाएगा खत्म नही होगा अंत मे यही कहा कि आप सभी के सहयोग से सेवासप्ताह सफल आयोजन हुआ आगे भी हम सब मिलजुलकर पार्टी का काम करेंगे सफल बनायेगे।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल, जिला पंचायत सभापति पुष्पा साहू, महामंत्री डोमेन्द्र सिंह राजपूत, जनपद सदस्य हेमंत वैष्णव, डॉ. एन के तिवारी, मंडल मीडिया प्रमुख नीरज राजपूत सरपंच दारगांव, किशुन साहू, लवलेश साहू, पेखन साहू आजु साहू , साहू, धनेशी यादव, खुमान ,साहू, नरेश साहू, विष्णु साहू, दानी राम साहू,राधे लाल साहू, पंच-धनश्य साहू, तेजराम साहू, माधो साहू,पूना राम यादव, चम्पेश्वर साहू, रमेश साहू, संतोष यादव, युवराज कौशले भूपेंद्र साहू मनीराम साहू दिलीप बंजारे सूरज साहू राकेश बंजारे मयंक साहू सिकंदर बंजारे पेखन साहू सोनू पाल सूयश साहू मूलचंद साहूसूरज साहू, जागेश साहू, सुयश साहू, प्रधान पाठक म भीकु राम साहू, सरपंच पाठक, भारत साहू, रंजीत यादव, स्व सहायता समूह संचालक thanvarin sahu, पूर्णिमा साहू, तिजिया साहू आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**कृषक नेता योगेश तिवारी एवं सर्व ट्रामा हास्पिटल रायपुर के प्रमुख डॉ सुरेंद्र शुक्ल के नेतृत्व में चलाये जा रहे मोबाइल चलित स्वास्थ्य जांच अभियान**

# स्वास्थ्य जांच शिविर कोकड़ी ,हरदी ,पांहदा, जमघट देवसरा. अछोली, सहगांव, चेटवा में लगेगा

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



आज छोटी बीमारी में भी लोगों को स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल रहां है। आम जनता परेशान है। ईस करोना महामारी में लोगों को झंकझोर दिया है। सभी लोगों में एक डर का माहौल है। गाँव में भी अब करोना के मरीज निकल रहे है। ईस लिये भी डर का माहौल है। लेकिन जन स्वास्थ्य शिविर में डाक्टरों के द्वारा आम लोगों को करोना से बचने के सुझाव दे रहे है।

ऐसे समय में अपनों का साथ चाहिए। सबका सहयोग चाहिए। किंतु संक्रमण के कारण लोग घरों से नही निकल ना है ।आप सभी घरों में सुरक्षित रहे हैं ।करोना महामारी में डॉक्टर, मेडिकल स्टाफ, छत्तीसगढ पुलिस वालें ,सफ़ाई कर्मी ,अपनी जान की परवाह नही करते हुए आपकी सेवा में लगे हुए हैं। इनका हम सम्मान करतें हैं। रात दिन जनता का सेवा कर रहें हैं हमें समय की मांग के अनुसार चलना चाहिए वर्तमान समय में कोरोना वायरस से बचने का सुरक्षा ही मुख्य उपाय नजर आ रहा है ।किसान नेता योगेश तिवारी और ट्रामा अस्पताल के प्रमुख डॉ. सुरेंद्र शुक्ला एवं उनके टीम के द्वारा बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव में जाकर स्वास्थ्य जांच दवाई एवं सेनीटाइजर मास्क का वितरण किया जा रहा है यह भी एक चुनौतीपूर्ण कार्य है।

ईस अभियान के प्रमुख डां उमेंद्र सिन्हा, डां पामेश साहु, डां संदीप जासवाल डां परमांनद,डां सीताराम सोनकर मेडिकल टीम के साथ संचिदानंद मिश्रा, डां के के वर्मा ,केशव सिन्हा लखन चक्रघारी, प्पु पारकर, प्रवीण गोस्वामी सुरज तिवारी फग्गु निषाद चेतन सोनवानी, डां मार्कण्डेय, भरत बंजारे ,तेजराम निर्मलकर, मनोज बंजारे ,गौकरण कुरे ,उपस्थित रहे योगेश तिवारी द्वारा किये जा रहे कार्यो को लोंग सराह रहें हैं।

# निदान-1100 में दर्ज शिकायतों के निराकरण को मिली अच्छा रिस्पांस

**निगम ने 13126 शिकायतों का समय-सीमा में किया निराकरण**

पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

निगम प्रशासन ने निदान-1100 में शहर से ऑनलाइन दर्ज सड़क, बिजली, पानी, साफ-सफाई सहित अन्य समस्याअश्रों का समय-सीमा में निराकरण कर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की ग्रेडिंग में ए ग्रेड हासिल कर रही है। निगम प्रशासन ने निदान-1100 में ऑनलाइन शिकायत प्राप्त होने के बाद न केवल निर्धारित समय सीमा में निराकरण किया, बल्कि महापौर व भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव और निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देशानुसार निराकरण के बाद शिकायतकर्ता के फोन नंबर पर संपर्क कर फीडबैक लेने का कार्य भी किया है। ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली की रिपोर्ट के अनुसार शहर से निदान-1100 में 1 अप्रेल 2020 से 17 सितंबर 2020 तक कुल 17641 शिकायतें दर्ज हुई। इनमें से 13126 शिकायतों का निगम ने निर्धारित समय-सीमा में निराकरण किया। यानी कि निगम के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने शिकायत दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर 74 फीसद शिकायतों का निराकरण कर लिया। बाकी 4371 आवेदनों को समय-सीमा के बाद निराकरण किया गया। शिकायतों के लिए अलग-अलग मामलों में समय सीमा भी अलग-अलग निर्धारित की गई है! आयुक्त रघुवंशी की नियमित मॉनिटरिंग से निदान में प्राप्त शिकायतों का निराकरण शीघ्रता से गंभीरता पूर्वक किया जा रहा है। नगरीय प्रशासन विभाग ने सड़क, नाली की सफाई, स्ट्रीट लाइट, मृत जानवर का उठाव, पेयजल, सार्वजनिक शौचालय, आवारा मवेशियों इत्यादि से होने वाले समस्याओं के निराकरण के लिए तीन साल पहले निदान 1100 की शुरुआत की थी। टोल फ्री नंबर के जरिए दर्ज होने वाले शिकायतों का निराकरण के लिए तीन चरण की व्यवस्था की गई है। इस प्रकिया के अंतर्गत आनलाइन दर्ज होने वाले अधिकतर शिकायतों को भिलाई निगम ने प्रथम चरण में ही 24 घंटे के अंदर मैसेज प्राप्त होते ही निराकरण कर दिया।

## क्विक न्यूज

### समीर रावत को किसान कल्याण संघ का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया



**मुंगेली।** राष्ट्रीय किसान कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के द्वारा प्रदेश भर में संगठन का विस्तार करते हुए मुंगेली जिला से किसान कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष ताराचंद कश्यप के द्वारा किसान हितैषी किसान नेता समीर रावत को किसान कल्याण संघ जिला का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया साथ में धर्मेंद्र चतुर्वेदी को भी मुंगेली ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया इसके पद सुशोभित होने पर मुंगेली जिला वासियों और किसान भाई बहनों की तरफसे ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं हितैषी संगठन के पद पर विराजमान होने पर हर्ष व्याप्त किया प्रदेश कोषाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर जिला प्रभारी छत्तीसगढ़ साथ में प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सोनिया मराबी जी मुंगेली जिला प्रभारी एवं मुंगेली जिला से रमेश कुमार धनपत राव जोशी अंजना सभी ने बधाई दिए।

### देश भर में बेरोजगारों को रोजगार दो अभियान के तहत पोस्टर लगाया



**मुंगेली।** भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के आवाहन पर छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पूर्णचंद कोको पाढ़ी के निर्देशानुसार पूरा देश भर में बेरोजगारों को रोजगार दो अभियान के तहत मुंगेली जिला में मंजीत रात्रे युवा कांग्रेस नेता मुंगेली के नेतृत्व में बहुत तेजी से रोजगार दो अभियान को बढ़ावा दिया जा रहा है जिसमें विभिन्न चौक चौराहों में पम्पलेट स्टिककर और पड़ाव चौक बस स्टैंड जैसे अनेक जगहों पर पोस्टर लगाकर रोजगार दो अभियान को बढ़ावा दिया गया साथ ही रिक्सा ऑटो बस सभी में स्टिकर और पम्पलेट चिपकाया गया जिसमें अजय साहू उपाध्यक्ष विधानसभा युवा कांग्रेस मुंगेली, राहुल यादव छात्र नेता मुंगेली, अलीम मिर्जा, सहित युवा कांग्रेस के सभी साथी उपस्थित रहे।

# 179 कर्मचारियों के हड़ताल में जाने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कम्प

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



कोरोना संकट के गंभीर दौर में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के एक सूत्रीय नियमितिकरण की मांग को लेकर जिले के 179 कर्मचारियों के हड़ताल में चले जाने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कम्प मच गया है हड़ताल में जाने से स्वास्थ्य सेवाओं में इसका असर पड़ा है और व्यवस्था चरमरा गई है। लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे संविदा स्वास्थ्यकर्मियों ने मजबूरी में कोरोना संकट के समय अब आर-पार की लड़ाई करने की मंशा बना लिये है और 19 सितम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले गए है। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों में आयुष डॉक्टर (चिरायु), कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर (सी.एच.ओ.), आरएमए, एन.एम., नर्स, फ र्मासिस्ट, लैब, टेक्निशियन, डाटा एंट्री ऑपरेटर शामिल है।

हड़ताल में खमिल कर्मचारी - जिला चिकित्सालय मुंगेली के 28 व मुंगेली ब्लाक के 49 कर्मचारी के साथ जिला मुंगेली के 179 कर्मचारियों के साथ राज्य के लगभग 13 हजार कर्मचारी आंदोलन में है और आंदोलन जिला स्तर पर किया जा रहा है।

आंदोलित कर्मचारियों की मांग- संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपने नियमितिकरण एक सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है।

आंदोलित संविदा स्वास्थ्यकर्मी संघ - का कहना है कि विगत 15 वर्षो से छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ एवं विश्वसनीय बनाने में कड़ी मेहनत के साथ अपनी सेवाएं दे रहे है। वर्तमान छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में संविदा कर्मचारियों के नियमितिकरण की घोषणा की थी। किन्तु बार-बार निवेदन के बाद भी उसमें अमल नही होने से हमें मजबूरन यह कदम उठाना पड़ रहा है, इस दौरान किसी प्रकार की विषम परिस्थिति के लिए संघ ने शासन को जवाबदेह बतलाया है। कर्मचारियों का कहना है कि कोरोना के इस संकट काल में 24 घंटे की ड्यूटी करनी पड़ रही है कोई छुट्टी नही मिलती, इस संकट काल में भी हम ओव्हर ड्यूटी कर परिस्थिति से जूझ रहे है इसके पूर्व एक बार 10 प्रतिशत अतिरिक्त वेतन देने की घोषणा भी की गई थी जो भी अमल में नही आया और इसका लाभ हमें नहीं मिला। संघ के सदस्यों का यहा तक कहना है कि सरकार निश्चित तिथि घोषित कर नियमितिकरण की घोषणा कर दे तो हमें आंदोलन नही करना पड़ेगा इसके लिए संघ ने निवेदन भी किया था लेकिन बात नही बनने से आंदोलन का रुख अख्तियार करना पड़ा है। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव की अपील- स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने अपना वीडियो जारी कर स्वास्थ्य विभाग के सभी संविदा कर्मियों से इस संकट के बीच हड़ताल पर नहीं जाने की अपील की है। उन्होंने कर्मचारियों को उनका मांगों को लेकर भरोसा दिलाया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि घोषणा पत्र के अपने इन वादों को हमने छोड़ा नहीं है। उन्होंने सभी से एक मार्मिक अपील की है, जानिये क्या कहा उन्होंने-

**वीडियो संदेश में यह कहा-** मैं छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग के सभी संविदा कर्मियों से निवेदन करना चाहता हूं, मैंने सुना है कि कल से कल से आप लोगों का निर्णय है अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का। आज जब हम कोविड के संक्रमण से जूझ रहे हैं और गंभीर स्थिति में छत्तीसगढ़ है, मुझे लगता है कि यह समय नहीं था हड़ताल में जाने का। आपकी बातें है, आपकी मांगे है, स्वभाविक है वो आपका लगेगा यह जायज है। हम लोगों ने भी घोषणा पत्र में छत्तीसगढ़ के सभी विभागों में काम करने वाले दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, संविदा कर्मचारियों के संबंध में उल्लेख किया है और उस बात को छोड़ा नहीं है। यह समय नहीं है लोगों के स्वास्थ्य और लोगों की जान से हम एक तरह से समझौता करें उनकी तकलीफों को इतना बढ़ाएं कि हमारे प्रति उनकी संवेदना ना रह जाए।

## एनएचएम के अंतर्गत संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल जारी

- हड़ताल के प्रथम दिवस वीरगति प्राप्त कोरोना वारियर्स को श्रद्धांजलि दी गई

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



छ.ग. प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ मे आव्हान पर जांजगीर चाम्पा जिले के समस्त स्वास्थ्य संस्था (जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उपस्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर) मे कार्यरत समस्त अधिकारी/कर्मचारी डॉक्टर, नर्स, लैब तकनिशियन, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, फार्मास्टि, काउंसलर, डेंटल सहायक, जेएसए, डाटा मैनेजर, अकांउट मैनेजर, प्रोग्राम मैनेजर, जेएसए आदि ने 19 सितंबर से अपनी एक सूत्रीय मांग छ.ग. राज्य के 13000 स्वास्थ्य कर्मियों के नियमितिकरण को लेकर हड़ताल के प्रथम दिवस विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से हड़ताल का शुभारंभ किया गया,हड़ताल समस्त विकासखंड मुख्यालय एव जिला मुख्यालय मे शांतिपूर्ण ढंग से कोविड-19 के गाइडलाईन का पालन करते हुए मास्क, सेनेटाइजर, एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कर किया गया, हड़ताल छ.ग. प्रदेश एन.एच.एम. कर्मचारी संघ के ब्लाक अध्यक्षों एवं जिला अध्यक्ष की देखरेख में प्रारंभ किया गया,संघ के जांजगीर चाम्पा जिला अध्यक्ष ने बताया कि हड़ताल के प्रथम दिवस कोविड-19 के गाइडलाइन का पालन करते हुए विरगति प्राप्त कोरोना वारियर्स को मोमबत्ती जलाकर श्रध्दांजलि दिए एवं 02 मिनट का मौन धारण किए। संघ के जिला अध्यक्ष ने कि कहा कि जब तक सरकार हमारी मांगो को पुरा नही करती तब तक हम ह?ताल पे ही रहेंगे। सरकार हमे कितना भी डराने धमकाने की कोशिश करे, हम हड़ताल तोड़ने वाले नही हैं। यदि किसी भी एक संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी पर कार्यवाही होती है तो समस्त कर्मचारी उनके साथ शासन को इस्तीफा तक देने के लिए तैयार हैं,जांजगीर जिले के समस्त संविदा अधिकारी/कर्मचारी के हड़ताल मे जाने से जिले मे स्वास्थ्य सेवाएं बाधित हो गई है, अगर इनके द्वारा हड़ताल समाप्त नही किया जाता तो आने वाले दिनो मे जिले मे स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति खराब हो सकती हैं। ज्ञात हो कि अभी तक हड़ताल हेतु अनुमति व स्थान शासन द्वारा नही दिया गया है जिसके कारण अपनी सुविधा अनुसार जिले के कर्मचारी कोविड-19 गाइडलाईन का पालन करते हुए हडताल कर रहे हैं, शक्ति विकासखंड में भी 19 सितंबर को हड़ताल का औपचारिक शुभारंभ हो गया है।

## जैमुरा व बसनाझर धान खरीदी केन्द्र में सवा करोड़ का घोटाला उजागर

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले के खरसिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जैमुरा धान खरीदी केंद्र एवं उप मंडी बसनाझर में एक करोड़ से भी अधिक रुपए की गड़बड़ी किये जाने की घटना सामने आने के बाद खरसियां पुलिस ने मामले में सोसाईटी के अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष एवं सहित 10 से अधिक सदस्यो के खिलाफ पुलिसियां कार्रवाही की जा रही है। इसमें बताया जा रहा है कि मामले में खरसियां पुलिस 6 -7 लोगो के खिलाफ नामजद एफआईआर कर रही है जिसमें जांच के बाद कई लोग बेनकाब हो सकते हैं। लंबे समय से इन दोनों समितियों में अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी मिलकर घोटाले दर घोटाले करते आ रहे थे और अब जांच के बाद बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आने पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम जैमुरा धान खरीदी केंद्र एवं उप धान खरीदी केंद्र बसनाझर में 3 हजार क्विंटल धान एवं हजारो बारदाना खरदी में घोटाला किया गया है। इसकी जानकारी शासन के नुमाइंदो को लगने पर मामले में पुलिसियां कार्रवाही की जा रही है। खरसियां टीआई सुम्मत राम साहू ने बताया कि जैमुरा धान खरीदी केंद्र एवं बसनाझार के सोसाईटी अध्यक्ष उपाध्याक्ष सहित 6 से 7 सदस्यो के खिलाफ धारा 409, 34 के तहत जूर्म पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया है। इसमें 7 लोग नामजद है। उन्होने बताया कि सुमिती के लोगो ने 1 करोड 29 लाख का घोठाला किया है। इसका एफआई आर किया जा रहा है. मामले मे सूत्रों की मोन तो जैमुरा धान खरीदीकेंद्र के प्रबंधक एवं अध्यक्ष का नाम प्रमोद राठौर बताया जा रहा है।

## आबकारी विभाग एवं महिला कमांडो ने शराब बनाने की सामग्री बरामद की

- क्षेत्र में चल रही जागरूकता एवं आबकारी विभाग की ताड़बतोड़ कार्यवाही अवैध शराब बनाने वालों में मचा हड़कंप

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

शक्ति विकासखंड के ग्राम पंचायत जुड़गा में 19 सितंबर को आबकारी विभाग एवं गांव की महिला कमांडो तथा ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सरपंच प्रतिनिधि की सक्रियता से पहाड़ों के ऊपर अवैध रूप से शराब बनाने हेतु रखा गया महुआ तथा अन्य शराब बनाने की सामग्रियां,बर्तन,जरीकेन जप्त की गई है, तथा ग्राम पंचायत जुड़गा में विगत लंबे अर्से से पहाड़ों के ऊपर एवं जंगलों में अवैध रूप से महुआ लाकर शराब बनाने का कार्य किया जा रहा था, जिस पर गांव की महिला कमांडो द्वारा ग्राम पंचायत जुड़गा के सरपंच सुरती लाल जायसवाल एवं सरपंच प्रतिनिधि इंजीनियर पूरन



जायसवाल के मार्गदर्शन में निरंतर मानिटरिंग करते हुए ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का मन बनाया, तथा विगत सप्ताह भी काफी मात्रा में महुआ,एवम बर्तन महिला कमांडो द्वारा बरामद किया गया था एवं आज पुनः 19 सितंबर को आबकारी विभाग शक्ति के अधिकारियों ग्राम पंचायत जुड़गा के जनप्रतिनिधियों एवं महिला कमांडो की टीम ने यह कार्रवाई की जिस पर पूरे गांव में लोगों में प्रसन्नता व्याप्त है, तथा ग्राम पंचायत जु?गा के सरपंच सुरती लाल जायसवाल का कहना है कि गांव की महिला कमांडो द्वारा हमेशा लोगों को शराबबंदी एवं शराब से दूर रहने जागरूक किया जा रहा है, किंतु कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से जंगलों एवं पहाड़ों के ऊपर महुआ लाकर शराब बनाई जाती है, जिससे गांव का एवं आसपास का वातावरण खराब हो रहा है जिसे देखते हुए ऐसी कार्रवाई की जा रही है, 17 सितंबर को हुई कार्रवाई मे आबकारी उप निरीक्षक छबिलाल पटेल,अनिल पाण्डेय आरक्षक, मोहन लाल चौहान आरक्षक, राजेश पटेल आरक्षक,कमलेश यादव,परस राम कहरा, जुड़गा सरपंच सुरुत्ति जायसवाल, सरपंच प्रतिनिधि इंजीनियर पुरनलाल जायसवाल, गणेशी बाई महिला कमांडो,एवं यशोदा वाई महिला कमांडो सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सड़क की मरम्मत कार्य शुरू होने पर कलेक्टर को किया धन्यवाद ज्ञापित

पायनियर संवाददाता अकलतरा
www.dailypioneer.com

शिवसेना जिलाध्यक्ष ठा.ओंकार सिंह गहलौत के नेतृत्व में शिवसैनिकों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मांग किया था कि जांजगीर कलेक्ट्रेट चौक से लछनपुर चौंक होते हुए घठोली चौंक चाम्पा तक की बद से बदतर हो चुकी सडक, जिसमें बड़े-बड़े गढ्ढे हो चुके हैं। और आने जाने वाले राहगीरों को आए दिन हादसों से गुजरना पड़ता है। सडक में भारी वाहनों की आवागमन नेशनल हाइवे के अपूर्ण होने के कारण सभी वाहन इन्हीं सडकों से होकर गुजरती है। उक्त सडक की अतिशीघ्र मरम्मत हेतु शिवसैनिकों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर निवेदन किया था। जिसको संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर महोदय ने मरम्मत के कार्य को शुरू करा दिए हैं। जिस पर ठा.ओंकार सिंह गहलौत जिलाध्यक्ष, चंदन धीवर जिला महासचिव, शुभम सिंह राजपूत जिला महासचिव, ईश्वर साहू जिलासचिव, प्रतीक राज जिला उपाध्यक्ष, चन्द्रशेखर बरेठ जिला उपाध्यक्ष, रमेश साहू, दिलीप साहू सहित शिवसैनिकों ने कलेक्टर को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## पुलिस की दनसरा में जुआ फड़ पर रेड

- सात जुआरियों के फड़ से हजारों रुपए नकद जप्त

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

मुखबिर की सूचना पर सारंगढ़ पुलिस ने दानसरा जुआ फड़ पर रेड मारते हुए सात जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 26 हजार रुपए की नगद रकम बरामद की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 18 सितंबर को थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक आशीष वासनिक के मुखबिर द्वारा ग्राम दनसरा सोसायटी के पास कुछ जुआड़ियान के जुआ खेलने की सूचना दिया गया। सूचना पर सारंगढ पुलिस स्टाफ के साथ गवाहों के साथ जुआ फड के पास पहुंचे और घेराबंदी कर 07 जुआडियान को 52 पत्ती तास से काट पत्ती नामक जुआ खेलते पकड़े। जुआड़ी में संतोष श्रीवास पिता बाबुलाल श्रीवास उम्र 49 वर्ष साकिन कमलानगर सारंगढ, देव कुमार निषाद पिता जगधर निषाद उम्र 35 वर्ष ,सुरेश कुमार सोनवानी पिता दादुराम सोनवानी उम्र 43 वर्ष, मोहनलाल



अग्रवाल पिता प्यारेलाल उम्र 63 वर्ष, फुलेश्वर सोनवानी पिता सोनाराम सोनवानी उम्र 43 वर्ष, अशोक निषाद पिता चमार निषाद उम्र 24 वर्ष, दत्तात्रेय गिरी गोस्वामी पिता प्रहलाद गिरी गोस्वामी उम्र 37 वर्ष सभी साकिनान दानसरा थाना सारंगढ के फड़ एवं पास से जुमला नगदी रकम 26,200 रुपए एवं 52 पत्ती तास समक्ष गवाहन जप्त किया है। इसके एक दिन पूर्व सारंगढ़ लिस द्वारा ग्राम भेड़वन जुआ फड में रेड किया गया था, जहां भी सात जुआरियों से 25,300 रुपए की जप्त हुई थी। जुआडियों पर थाना सारंगढ़ में 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है।

## निगम के तोड़ू दल ने ऑक्सीजन प्लांट के समीप अतिक्रमित बाउंड्रीबाल को तोड़ा

- दो दिन का समय मांग कर कार्रवाई रुकवाया गया है : रत्थु जायसवाल

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ नगर निगम आयुक्त, तहसीलदार एवम निगम अमला ने अतिक्रमण दल के साथ शहर के कई स्थानों में ताबड़तोड़ कार्यवाही की। ज्ञात हो कि नगर निगम आयुक्त ने निगम अमला के अतिक्रमण दल के साथ शहर के कई स्थानों पर सख्त कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि में अवैध अतिक्रमण करने वालो पर गाज गिराई, फटहामुड़ा बांजिन पाली में ट्रीटमेंट प्लांट जाने के रास्ते पर 5 घरों में कब्जाधारियों को नोटिस देकर समय दिया गया था किसी ने पुख्ता दस्तावेज नही दिखाया आज निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय, तहसीलदार सीमा पात्रे की उपस्थिति में निगम के तोड़ू दल द्वारा घरों के पूरे बाउंड्रीबाल को तोड़ू दस्ता दल एवम जेसीबी से तुड़वा कर अतिक्रमण हटाया, साथ ही आलोक माल के सामने एसबीजे काम्प्लेक्स में अरीरिक्त छज्जे का निर्माण था। जिसमे कब्जाधारी को सात दिवस दिया गया। उसके द्वारा लिखित में दिया गया कि स्वयं हटा कर सूचित करेगा। वहीं छटघाट में भी



अतिक्रमण हटाया गया। शनिवार के अतिक्रमण कार्यवाही में अतिक्रमण प्रभारी प्रतुल श्रीवास्तव, सहायक विजेंद्र गुप्ता, सोनू चौधरी, नीरज ठाकुर, ईई अजित तिग्गा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी भूपेश सिंह, स्वास्थ्य निरीक्षक राजू पांडेय एवम टीम शामिल रही। वार्ड के पार्षद रत्थु जायसवाल ने बताया कि ऑक्सीजन प्लांट के पास अतिक्रमण के शिकायत पर निगम दल आई थी। मैनें दो दिन का समय देने कहा जिससे दस्तावेज उपलब्ध हो सके, बॉउण्डरीबाल को तोड़ा गया है।

## श्रमिकों ने बताई कलेक्टर को रोजी रोटी की समस्या

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिला कलेक्टर के निर्देशन में नगर निगम आयुक्त ने श्रम विभाग एवं नगर निगम की टीम के साथ शनि मंदिर स्थल में एकत्रित मजदूरों को उनके हित में स्थान परिवर्तन कराकर जूटमिल बस स्टैंड में भेजा था, लेकिन श्रमिको के अनुसार उस स्थान में उन्हें काम नहीं मिलना बताया जिसके लिये कलेक्टर स्वयं उनके समस्या सुनने पहुंचे। ज्ञात हो कि बुधवार को जिला कलक्टर भीम सिंह के आदेश अनुसार नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडे ने श्रम विभाग एवं निगम अमला के साथ शनि मंदिर स्थान पर बैठने वाले मजदूरों को जूट मिल बस स्टैंड में व्यवस्थित कराया था।क्योंकि वह स्थल अंधा मोड़ के साथ कोविड 19 के खतरे से भरा हुआ है। यहां हर रोज 300 से 400 श्रमिक बगैर सोशल डिस्टेंसिंग एवं मास्क में रहते हैं इस प्रकार उन्हें बस स्टैंड विस्थापन



करना कारगर जानकर भेजा गया था। कुछ श्रमिक वहां से जाने का विरोध कर रहे थे किंतु उन्हें समझाया गया कि सर्व सुविधा के साथ सभी को वहां शिफ्ट किया जाएगा। वैसे भी श्रमिकों की आवश्यकता जिसे होती है वह उन तक पहुंच जाते हैं ।बहरहाल श्रमिकों के हित को ध्यान में रखते हुए शिफ्टिंग की गई थी शनिवार को जिला कलेक्टर भीमसिंह ने स्वयं उनकी समस्या सुनने स्थल निरीक्षण किया। श्रमिको की बातों को संज्ञान में लेकर उन्हें समझाते हुए 1 हफ्ते रहकर देखने कहा। निरीक्षण दौरान श्रम विभाग से पटेल एवं निगम से ईई अजित तिग्गा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी भूपेश सिंह, स्वास्थ्य निरीक्षक राजीव पांडे, वाहन विभाग से रमेश ताँती,उपस्थित रहे। कलेक्टर भीम सिंह ने बताया कि ट्रैफिक के दबाव एवम डेंजरजोन स्थान को देखते हुए स्थल परिवर्तन कराया गया है,उन्हें कोई समस्या न हो इसके लिए व्यवस्था की जा रही है। एक हफ्ते में उनका काम प्रभावित लगेगा तो दूसरा जगह देखा जाएगा। आयुक्त आशुतोष पांडे ने बताया कि कलेक्टर महोदय के निर्देशन में आज श्रम विभाग एवं नगर निगम की टीम जूटमिल बस स्टैंड पहुची,उन्हें वहीं रहकर काम करने बताया गया साथ ही यह जगह डेंजरजोंन तो है ही ट्रैफिक का भी बहुत ज्यादा दबाव है कलेक्टर सर ने हफ्ते भर का समय दिया है,उनकी समस्या हल नही होगी तो उन्हें माकूल जगह दिया जाएगा,निगम प्रशासन उनके लिये भोजन के साथ मेडिकल केम्प भी लगाने विचार की है।

## पेज 1 के शेष...

### ओबीसी व सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से ...

इसको आधार मानते हुए यदि छूटे हुए परिवारों का डेटा इसमें शामिल कर लिया जाए, तो राज्य का अद्यतन वर्गवार डेटा तैयार हो जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी वर्गो का सही-सही डेटा एकत्र करने के लिए शीघ्र नवीन दिशा-निर्देश जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर तबके को 10 प्रतिशत तक आरक्षण दिए जाने का निर्णय लिया है। वर्तमान में सामान्य वर्ग को जारी राशनकार्ड की सदस्य संख्या राज्य में लाभान्वित लोगो की संख्या का मात्र 8.18 प्रतिशत है। नए सिरे से छूटे हुए परिवारों का आवेदन लेने से इसमें वृद्धि होने की संभावना है। सामान्य वर्ग का प्रतिशत 8.18 से बढ़कर 11-12 प्रतिशत होने की उम्मीद है। इस आधार पर सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर तबके को 10 प्रतिशत तक आरक्षण दिए जाने का आधार मजबूत होगा। बैठक में मंत्री मोहम्मद अकबर एवं मंत्री टी.एस. सिंहदेव सहित अन्य मंत्रीगणों का कहना था कि राज्य में प्रचलित राशनकार्ड का डेटा वर्ष 2003 से अब तक राशनकार्ड बनाने के कायदे-कानून एवं समय-समय पर शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देश और प्रक्रियाओं का पालन करते हुए एकत्र किया गया है। यह पूरी तरह विश्वसनीय है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के सुझाव के अनुरूप वर्गवार डेटा अपग्रेडेशन की प्रक्रिया पर सहमति जतायी। बैठक में आगामी 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती कोरोना संक्रमण को देखते हुए संक्षिप्त तरीके से मनाने का निर्णय गया। जयंती कार्यक्रम में फिजिकल डिस्टेसिंग एवं सुरक्षा के उपायों का पालन सुनिश्चित करते हुए स्वच्छता, स्वालंबन, गांव के सेनेटाईजेसन एवं सुराजी ग्राम की अवधारणा पर आधारित कार्यक्रम होंगे एवं मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पाती का वाचन होगा।

## बरपाली विद्युत वितरण केंद्र में बत्ती गुल मीटर चालु

**कोरबा।** करतला ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम बरपाली तथा उसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग विद्युत की आंख मिचोली से बहुत परेशान हैं वैसे तो कोरबा जिला विद्युत उत्पादन के लिए देश में रोज नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। परंतु विद्युत वितरण केंद्र बरपाली से जितने भी गांव में विद्युत की सप्लाई की जाती है वह सभी विद्युत की समस्या से बहुत ही परेशान हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि लाइट आती कम है और जाति ज्यादा है। वैसे तो विद्युत की समस्या ग्रामीण क्षेत्रों में हमेशा से बनी रही है, परंतु बीते कुछ सालों मैं बिजली की समस्या से थोड़ा निजात मिला था, परंतु बरपाली विद्युत वितरण केंद्र में जब से नए कनिष्ठ अभियंता श्री कंवर का आगमन हुआ है, तब से बिजली की आंख मिचोली कुछ ज्यादा ही देखने को मिल रही है। मौसम जब अपना मिजाज बिलासपुर में बदलता है तो बरपाली विद्युत वितरण केंद्र की विद्युत सप्लाई बंद कर दी जाती है। ग्रामीणों द्वारा जब अधिकारियों कर्मचारियों से जानकारी लेने का प्रयास किया जाता है की बिजली क्यों बंद है तो नए-नए कारण सुनने को मिलते हैं और कई बार तो हमारा काम हमें ही मत सिखाओ यह जवाब देकर ग्रामीणों को चुप करा दिया जाता है। अधिकारियों के रटे रटाए जवाब की माने तो उनके हिसाब से तो अक्सर 11 केवी, 33 केवी की तार में कुछ ना कुछ फाल्ट आ जाता है या फिर तार ही टूट जाती है अगर तार इतनी जर्जर हो चुकी है तो विभाग कुंभकरण निद्रा में क्यों सोया हुआ है। कई बार इन तारों के टूटने से बड़ी बड़ी दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। अगर तार इतनी ही जर्जर हो चुकी है तो विभाग जिम्मेदारी लेते हुए इन्हें बदल क्यों नहीं देता।

## कोरोना प्रोटोकॉल के नियमों का पालन नहीं करने पर व्यवसायियों पर लगा जुर्माना


**कोरबा।** नायाब तहसीलदार बरपाली के नेतृत्व में ग्राम बरपाली के व्यवसायियों पर कोरोना प्रोटोकॉल के नियमों का पालन नहीं करने पर 40 व्यवसायियों से 7550 रुपए जुर्माना वसूला गया नायाब तहसीलदार बरपाली पंचराम सलामे पटवारी नंदलाल साहू पंचायत सचिव वीरेंद्र किरण उरगा थाना हवलदार अवधेश यादव सलीहा भाटा कोटवार लक्ष्मी नारायण महंत सिपाही के द्वारा बरपाली बस स्टैंड तुमान मार्ग के व्यवसायियों पर कोविड-19 के नियमों का पालन नहीं करने जिसमें मास्क का उपयोग नहीं करने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करने दस्ताने का उपयोग नहीं करने व्यवसाय के संचालन हेतु कोरोना प्रोटोकॉल का पालन नहीं करने पर पंचायत के रसीद बुक से 40 व्यवसायियों के ऊपर चालान की कार्यवाही की गई। वहीं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के प्रबंधक को कड़ी चेतावनी देते हुए सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों को कड़ाई से पालन कराने का निर्देश दिया गया। बैंक के सामने भीड़ ना लगाने की चेतावनी दी गई यह बताते चलें कि बरपाली में दो कोरोना पॉजिटिव मिलने से बरपाली में दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया है।

## हाथियों का कहर जारी, 21 किसानों के फसल सहित एक मकान को किया क्षतिग्रस्त

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल में हाथियों का कहर लगातार जारी है। 17 की संख्या में कल रात अचानक पहुंचे हाथियों के दल ने पसान रेंज के बनिया गांव में फि र भारी उत्पात मचाया। इस दौरान जहां हाथियों ने 21 किसानों किसानों के फसल को तहस-नहस कर दिया। वहीं एक गरीब परिवार के आशियाने को भी उजाड़ दिया। जिससे वे बेघर हो गए हैं और शरण लेने को मजबूर हैं। बनिया में हाथियों के उत्पात की सूचना पर रेंजर निश्चल शुक्ला ने अपने मातहतों को मौके पर रवाना किया, जो बनिया पहुंचकर हाथियों द्वारा किये गए नुकसान का आंकलन करने के साथ ही अपनी रिपोर्ट पेश करेंगे। हाथियों के उत्पात से कितना नुकसान हुआ है। फिलहाल पता नहीं चल सका है। लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि ग्रामीणों को लाखों रुपए की चपत लगी है। वन विभाग पीड़ितों को मुआवजा देने का प्रबंध करेगा। क्षेत्र में हाथियों की लगातार मौजूदगी में ग्रामीणों की परेशानी व चिंता बढ़ा दी है। हाथी न केवल घर तोड़ रहे हैं बल्कि फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं। ग्रामीण रतजगा कर अपनी फसल बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

# कोरोना जांच 13685, नए मरीज 2617, मौतें 19, टोटल केस 84 हजार के पार

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह भी कोरोना के शिकार हो गए हैं। उन्होंने ट्वीट के माध्यम से खुद के संक्रमित होने की जानकारी दी है। वहीं भोजपुरी समाज के नेता राकेश गौतम का निधन हो गया, वे कोरोना संक्रमित होने के बाद अपना इलाज करवा रहे थे। प्रदेश में शनिवार को एक हजार से ज्यादा मरीज मिलने के बाद कुल संक्रमितों की संख्या 84 हजार के ऊपर जा चुकी है। रमन सिंह ने अपने ट्वीट के माध्यम से लोगों को जानकारी दी है कि शुरुआती लक्षण नजर आने के बाद उन्होंने अपना कोरोना टेस्ट कराया था, जिसमें रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। उन्होंने कहा है कि पिछले दिनों जो उनके संपर्क में आए हैं, वे अपनी कोविड की जांच करवा ले। डा. रमन सिंह की पत्नी वीणा सिंह पिछले माह संक्रमित पाई गई थीं और निजी अस्पताल में इलाज के बाद वे स्वस्थ हो चुकी हैं। वहीं उनके बंगले का स्टाफ भी उन्हीं दिनों संक्रमित हुआ था। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी के नेता सत्यम दुवा की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। सत्यम दुवा ने सोशल मीडिया के माध्यम से इस बात की जानकारी दी है कि वे पिछले 20 दिनों से आइसोलेशन में हैं और हाल ही में अपनी जांच कराई है। इसके साथ ही प्रदेश में कोरोना संक्रमण की संख्या लगातर बढ़ती जा रही है। विशेषज्ञों के अनुमान से बढ़कर प्रदेश में सितंबर के अंत तक कोरोना संक्रमित मरीजों की कुल संख्या एक लाख से ज्यादा पहुंचने की आशंका जताई जा रही है।

होम आइसोलेशन से भी स्वस्थ हो रहे मरीज प्रदेश में कोरोना से प्रारंभिक लक्षण वाले मरीजों को इलाज के लिए होम आइसोलेशन की सुविधा दी गई, जिसके बाद कोरोना से स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या में भी काफी इजाफा हुआ है, जिसकी वजह से प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या स्वस्थ होने वालों से बहुत कम है। पीएचई मंत्री निवास में 15 पॉजिटिव रायपुर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्रकुमार के निवास कार्यालय को सात दिनों तक आम लोगों के लिए बंद रखा गया है। मंत्री के निजी स्टॉफ के कुल 15 लोगों के कोरोना संक्रमित होने के कारण मंत्री गुरू रूद्रकुमार सात दिनों तक आम लोगों से भेंट-मुलाकात नहीं करेंगे। इस अवधि में उनके निर्धारित सभी कार्यक्रम नहीं होंगे।८ प्रदेश में 2617 नए मरीजों की पहचान स्वास्थ्य कर्मियों के हड़ताल की वजह से 20 से 22 हजार तक होने वाली कोरोना की जांच का आंकड़ा 13685 तक सिमटकर रह गया। प्रदेश में 2617 नए मरीजों की पहचान की गई है। वहीं 19 लोगों की मौत हुई है, जिसमें 13 मरीज गंभीर बीमारी की वजह से इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती किए गए थे और उन्हें कोरोना संक्रमित भी पाया गया था। प्रदेश में कोरोना के मरीजों की कुल संख्या 84 हजार से अधिक हो गई है। वहीं होने वाली मौतों की संख्या भी 664 तक पहुंच गई है। शनिवार को रायपुर जिले में 780 मरीजों का पता चला, वहीं दुर्ग में इनकी संख्या 323, राजनांदगांव में 196, महासमुंद में 184, धमतरी व रायगढ़ जिले में 116-116, सुकमा 110, दंतेवाड़ा 106, बालोद 98, बिलासपुर 97, सरगुजा जिले से 72, मुंगेली 60, जांजगीर-चांपा 57, गरियाबंद 53, कोरबा 37, बस्तर से 36, नारायणपुर 33, सूरजपुर 31, बलरामपुर 30, बलौदाबाजार में 25, बेमेतरा 21, कोरिया 17, कबीरधाम जिले से 15 तथा अन्य राज्य से आए 4 लोगों को जांच में कोरोना संक्रमित पाया गया है। शनिवार को ही 1689 की विभिन्न अस्पतालों तथा होम आईसोलेशन से छुट्टी हुई है। प्रदेश में अब एक्टिव केस की संख्या 37489 हो गई है।

साथ ही जान गंवाने वालों में आठ राजधानी और एक सिलयारी का रहने वाला है। वहीं दुर्ग जिले में रहने वाले तीन, बिलासपुर से एक, सरगुजा से 3, कांकेर जिले के एक तथा हरियाणा से आए एक वृद्ध ने दम तोड़ दिया। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह कोरोना पॉजिटिव होने पर ट्वीट किया है। इसके बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर डॉ. रमन को अपना ख्याल रखने की सलाह दी है। श्री बघेल ने ट्वीट पर लिखा है- अपना ख्याल रखिएगा। आपके जल्द स्वस्थ होने की कामना है।

# अवैध उत्खनन पर कार्यवाही नहीं होने से तस्करों के हौसले बुलंद

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



खनिज माफियाओं के हौसले बलंद हो चले है। लगातार हो रहे अवैध उत्खनन के बाद भी कार्यवाही नहीं होने के कारण ये अपने कार्य को बेखौफअंजाम देने में लगे है। बरसात के तुरंत बाद रेत एवं गिट्टी के मूल्यो में हुई बढोत्तरी से अवैध उत्खनन करने वालो के जेब गरम होने लगे है।

जिसके चलते प्रतिदिन प्रशासन को लाखो का नुकसान हो रहा है। छोटी मोटी कार्यवाही के बाद प्रषासनिक षांति खनिज माफ्यिाओं के हौसले और बुलंद कर रही है, जहां क्षेत्र में लगातार खनन की सूचनाये मिल रही है। वही विभाग द्वारा महज खाना पूर्ति जैसे कार्यवाही देखा जा रहा है।

जहां क्षेत्र में खनिज माफियाओं के हौसले बुलंद हो चले है, जिस पर प्रषासनिक दबाव की कमी के चलते ये खनिज माफ्यिा अपनी मनमानी करने लगे है, पंचायतो में अवैध उत्खनन के मामले होने वाले अवैध उत्खनन के मामलो में जहां बढोत्तरी हुई है, वही रेत, गिट्टी, का अवैध भंडारण भी धडल्ले से जारी है जिस पर अब तक कोई बडी कार्यवाही नजर नही आ रही है। लगातार हो रही षिकायतो के चलते काफी लंबे समय बाद खनिज विभाग की ने एक बडी कार्यवाही को अंजाम दिया गया था, जिसके बाद कुछ उम्मीद जगी थी कि अब इन खनिज माफ्यिाओं के हौसले षायद पस्त हो जाये किंतु विभागिय कार्यवाही के महज कुछ दिनों बाद ही क्षेत्र में फ्रि से खनन की सूचनाये मिल रही है। जिसमें अब तक किसी प्रकार की विभागिय कार्यवाही की सूचना नही मिल पा रही है।

ज्ञात हो कि क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहे अवैध रेत उत्खनन के खिलाफविगत 3 दिनों पहले ही कार्यवाही की गई थी ट्रेक्टर, राजस्व विभाग द्वारा 4 तथा खनिज विभाग के द्वारा अवैध मुरुम परिवहन करते 16 ट्रक 4 ट्रेक्टर और एक श्रब्ठ को भी पकड़ा गया है। सभी वाहनों पर माइनिंग एक्ट के तरफकार्यवाही किया गया था। इस कार्यवाही से अवैध रेत माफियो में महज 2 दिन खलबली मची उसके बाद उनका कारनामा बदस्तुर जारी है।

# राजधानी में अगले एक हफ्ते तक बंद रहेंगे सभी बैंक

**कोरोना वायरस संक्रमण का फैलाव रोकने जारी किए गए लॉकडाउन में बैंकों को भी छूट नहीं**

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




यदि आपको बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम है, तो उसे सोमवार यानी आज ही कर लें. कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए राजधानी रायपुर में अगले एक हफ्ते तक बैंकों का कामकाज भी पूरी तरह से ठप्प रहेगा. बैंकों की ओर से इसकी सूचना ग्राहकों को मोबाइल मैसेज के जरिए दी जा रही है. कोरोना वायरस की दस्तक देने के बाद से अब तक यह पहला मौका होगा, जब बैंक बंद किए जाएंगे. अब तक लागू सभी लॉकडाउन में बैंकों को जरूरी सेवाओं की कैटेगरी में रखा गया था। बैंकों की ओर से ग्राहकों के लिए जारी मैसेज में कहा गया है कि संक्रमण का फैलाव रोकने रायपुर जिले में लागू लॉकडाउन में बैंकों की सभी सेवाएं बंद रहेंगी. बैंक की गतिविधियां केवल आनलाइन संचालित होंगी. लिहाजा जिन ग्राहकों ने आनलाइन सेवा शुरू नहीं की हैं, वह इसे जल्द से जल्द शुरू कर लें. बैंकों ने कहा है कि सोमवार को कामकाज जारी रहेगा. ऐसे में जो भी जरूरी कामकाज हैं, उन्हें ग्राहक समय पर पूरा कर लें। रायपुर जिला प्रशासन ने लॉकडाउन को लेकर जो गाइडलाइन जारी की है, यह बेहद सख्त है. मेडिकल स्टोर के अतिरिक्त अन्य किसी भी तरह की दुकानों को खोलने की अनुमति नहीं दी गई है. यहां तक की सब्जी और किराने की दुकान भी बंद रहेंगी. दूध भी सीमित समय के लिए ही मिलेगा. इस बार के लॉकडाउन के दौरान पेट्रोल पंप में आपातकालीन सेवाओं और सरकारी गाड़ियों को ही पेट्रोल-डीजल दिया जाएगा. व्यापार भी बंद रखने के निर्देश हैं. उद्योगों को अनुमति दी गई है, लेकिन कर्मचारी बाहर नहीं निकल पाएंगे. परिसर में ही उनके रहने की व्यवस्था की जाएगी. सभी तरह की आवाजाही पर रोक इस लॉकडाउन में होगी। छत्तीसगढ़ में कोरोना वायरस का संक्रमण तेजी से फैल रहा है. अब तक 84 हजार से ज्यादा संक्रमित मरीज सामने आ चुके हैं. सितंबर महीने में ही अब तक 51 हजार से ज्यादा मामले आ चुके हैं. कोरोना से अब तक राज्य में कुल 664 मरीजों की मौत हो चुकी है. कोरोना वायरस से बचने के लिए जारी किए गए गाइडलाइन को लेकर लोग बेपरवाह हो गए, लिहाजा आंकड़ों में तेजी आ गई. संक्रमण का फैलाव रोकने के लिहाज से रायपुर समेत राज्य के आधा दर्जन से ज्यादा जिलों में एक बार फिर लॉकडाउन घोषित किया गया है?

# बारनवापारा अभयारण्य में सांभर का शिकार, एक गिरफ्तार, दो फरार

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



बारनवापारा अभयारण्य क्षेत्र में शिकार करने वाले एक आरोप को वन कर्मियों ने गिरफ्तार किया है. उससे पूछताछ करने पर अहम जानकारी निकल कर सामने आई. आरोपी के निशानदेही पर गांव में छापा मारा गया. इस दौरान शिकार के हथियार, जीआई तार, हड्डी के टुकड़े व कच्चा मांस जब्त किया गया. वहीं दो आरोपी मौके से फरार हो गया. जिसकी तलाश की जा रही है।

परिक्षेत्र देवपुर के अंतर्गत शनिवार रात को गुप्त सूचना के आधार पर सभी बेरियरों में सघन जांच किया जा रहा था, तभी बया बेरियर में समय 8ः30 को वाहन जांच किया जा रहा था, अचानक एक अल्टो कार बेरियर से थोड़ी दूर में आकर खड़ा हुआ, जिसे शक होने पर नजदीक जाने पर कार से दो व्यक्ति भागने लगे, जिसे देख कर्मचारियों द्वारा दौड़कर कार में बैठे एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया. कार के डिग्गी में चेक करने पर 1 बोरी मिला, जिसे खोलकर देखने पर जंगली जानवर का मांस होना पता चला, जिसे मौके पर जब्त किया गया। कार में बैठे व्यक्ति से नाम पूछे जाने पर अपना नाम धर्मेंद्र पिता मालिकराम कश्यप ग्राम कलमीदादर थाना सलिहा जिला बलौदाबाजार बताया, जो कि बोरी में रखें मांस को सांभर का मांस होना बताकर ग्राम पकरीद के गौतरिहा बरिहा पिता पत्थर बरिहा के घर से खरीद कर लाना बताया। रविवार सुबह ग्राम पकरीद में गौतरिहा बरिहा पिता पत्थर बरिहा के घर में छापामार कर जीआई तार, हड्डी के टुकड़े, खून से सने कुल्हाड़ी सहित उनके निशानदेही पर बारनयापारा अभयारण्य क्षेत्र में शिकार के लिए फैलाये जीआई तार तथा वहीं शिकार किये वन्यप्राणी सांभर के कटे अवशेष को जब्त किया गया। धर्मेंद्र कश्यप ने बताया कि 2 आरोपी सुरेश पिता प्रभुलाल पटेल ग्राम कलमीदादर, मुकेश पिता गंगाधर नायक ग्राम मगरदरहा, जिला बलौदाबाजार निवासी रात का फायदा उठाकर फरार हो गया. मामले में वन्यप्राणी सांभर का मांस 46 कि.ग्रा.,खल्ली, पैर, गर्दन की नली, हड्डी के टुकडे, पेट का हिस्सा आंत, जीआई तार 4.32 किग्रा, बिजली की मोटी तार 2.170 कि.ग्रा.धारदार कुल्हाड़ी 1 नग शीशी 32 नग, लकड़ी की खूटी 25 नग, अल्टो कार CG04 HL 7234 मोबाइल विवो 17 प्रो को जब्त कर वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा के तहत अपराध पंजीबध्द किया गया है।

# याद दिलाई हर साल दो करोड़ नौकरी के वादे की

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

इंकलाबी नौजवान सभा (इंनौस) के राष्ट्रव्यापी आव्हान पर बेरोजगार नौजवानों ने पूरे देश में 17 सितंबर को राष्ट्रव्यापी बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया। इसी परिप्रेक्ष्य में इंकलाबी नौजवान सभा, भिलाई द्वारा 17 सितंबर को जेपी चौक, सुपेला, भिलाई में कैंडल व मशाल जलाकर बेरोजगारी दिवस का आयोजन किया। बेरोजगार नौजवानों ने सरकार को 2014 के चुनाव से पहले मौजूदा प्रधानमंत्री द्वारा किए गए हर साल 2 करोड़ नौकरी देने और तमाम खाली पदों को भरने के वादों की याद दिलाते हुए कहा कि उनके ये वादे जुमले साबित हो चुके हैं और आज नौजवानों के सामने रोजगार की भीषण समस्या खड़ी हो गई है। 2 करोड़ नए रोजगार सृजित करना तो बहुत दूर की बात है, पिछले छः सालों में सरकार के कुप्रबंधन व गलत नीतियों के चलते 5 करोड़ से ज्यादा रोजगार खत्म हो चुके हैं तथा शिक्षा व स्वास्थ्य की स्थिति बदतर हो चुकी है। बीते 6 सालों में रेलवे, बैंकिंग, एसएससी सहित तमाम पब्लिक सेक्टर में रोजगार की भारी कमी दिख रही है और सबसे ज्यादा नौकरी पैदा करने वाली संस्थाओं को प्रायोजित तरीके से कमजोर कर दिया गया है। इस देशव्यापी कार्यक्रम के माध्यम से सरकार के विरोध में प्रदर्शन कर तीव्र रोष जाहिर किया गया और तमाम युवा बेरोजगारों को रोजगार देने की मांग की गई। प्रदर्शन में यह भी मांग की गई कि बेरोजगारों को 10 हजार बेरोजगारी भत्ता दिया जाए। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की नियुक्ति संबंधी प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी की जाए। काम से निकाले गए तमाम लोगों के कार्य की गांरटी की जाये तथा निजीकरण की तमाम प्रक्रियाओं पर रोक लगाई जाए।

इस कार्यक्रम में इंकलाबी नौ?वान सभा के प्रदेश संयोजक विनोद कुमार प्रसाद, अरुण कुमार, विकास कुमार, विजय पिम्मी, अंकुश राव, युमन गायकवाड, गज्जू एवं विनोद सिंह, सपन साहू, गिरीश राव सहित अन्य नौजवानों ने भाग लिया।

## 28 सितम्बर तक संबंधित तहसील कार्यालय में कर सकते है दावा-आपत्ति

**बेमेतरा।** जिले में कृषि वर्ष 2020 -21 मौसम खरीफ के लिए किये गये गिरदावरी के आधार पर प्रत्येक भूमि के संबंध में राजस्व अभिलेख में अंकित भूमिस्वामी का नाम, भूमि का क्षेत्रफल तथा उस पर ली जा रही फसल विवरण की जानकारी राजस्व विभाग के विभागीय बेवसाईट https://revenue.cg.nic.in/bhuiyanreport के नागरिक सुविधा अंतर्गत उपलब्ध विकल्प ग्रामवार, भूमिस्वामीवार, फसलवार क्षेत्राच्छादन रिपोर्ट के माध्यम से ऑनलाईन उपलब्ध कराया गया है। यदि उक्त प्रविष्टियों के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 28 सितम्बर 2020 तक संबंधित तहसील कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त दावा - आपत्ति का निराकरण उपरांत अंतिम प्रकाशन 14 अक्टुबर 2020 तक किया जाएगा।


## जिले में अब तक 997 मिमी. औसत वर्षा दर्ज

**बेमेतरा।** चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 20 सितम्बर 2020 सवेरे 8.00 बजे तक की स्थिति में 997 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। सर्वाधिक 1216 मि.मी. वर्षा बेमेतरा तहसील में तथा न्यूनतम 685 मि.मी. वर्षा नवागढ़ तहसील में दर्ज की गई है।

# कोरोना संक्रमित मरीजों को मिली बड़ी राहत, जिले के सभी निजी डायग्नोस्टिक सेंटरों में एक्स-रे,सहित सीटी स्कैन की दरे निर्धारित

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

**मैनुअल एक्स-रे 250,डिजीटल एक्स-रे 400 एवं सीटी स्कैन 2000 रुपए**



राज्य शासन की दिशा निर्देश एवं जिला कलेक्टर सुनील कुमार जैन की विशेष पहल पर जिले के सभी निजी एक्स-रे, डायग्नोस्टिक सेंटरों ने कोरोना संक्रमित मरीजों के लिए एक्स-रे,सीटी स्कैन की एक निश्चित दरे निर्धारित की है। जिसके तहत मैनुअल एक्स-रे 200 से लेकर 250 रुपये,डिजीटल एक्स-रे 300 से लेकर 400 रुपये तक एवं सीटी स्कैन 2000 रुपये तय किया गया है। यह दरे केवल कोविड केयर सेंटर एवं कोविड हॉस्पिटल से टेस्ट के लिए रिफर होने वाले मरीजों के लिए ही लागू होगा।

गौरतलब है की अब संक्रमित मरीजो को कोरोना उपचार के दौरान सीटी स्कैन एवं एक्स-रे की आवश्यकता होने लगी है। आर्थिक रूप से कमजोर गरीब,मजदूरों,किसानों को अनावश्यक रूप से इलाज के लिए अतिरिक्त का वहन ना करना पड़े इसलियें यह विशेष पहल कलेक्टर जैन की है। विषय की गंभीरता एवं वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए जिले के सभी निजी हॉस्पिटल, एक्स-रे, डायग्नोस्टिक सेंटरों के संचालकों ने आपस मे मिलकर जिला प्रशासन को सहयोग करते हुऐ एक निर्धारित मूल्य तय किया हैं। गौरतलब है की जिले में कुल 4 सीटी स्कैन सेंटर की सुविधा उपलब्ध है। जिसमें जिला मुख्यालय बलौदाबाजार मे तीन सीटी स्कैन सेंटर एवं भाटापारा में एक सीटी स्कैन सेंटर स्थित है।

बलौदाबाजार में चंदा देवी तिवारी स्मृति हॉस्पिटल, श्री राम हॉस्पिटल, बलौदाबाजार इमेजिंग एवं डायग्नोस्टिक सेंटर में डिजिटल एक्सरे-300 रुपये एवं सीटी स्कैन 2 हजार रुपये एवं भाटापारा में कृष्णा डायग्नोस्टिक सेंटर में भी सीटी स्कैन के लिए 2 हजार रुपये तय किया गया है। इसके अलावा सिमगा, कसडोल, बिलाईगढ़ विकासखण्डों में स्थित पैथोलॉजी सेंटर जहां पर एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध है उन्होंने ने भी अपने दरे निर्धारित कर प्रशासन को सहयोग किया है।

**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, राज्य की ओर से मांगी गई हर मदद केंद्र ने भेजी, सांसदों से आंकड़ें साझा कर दी जानकारी**

# छत्तीसगढ़ में कोरोना बेकाबू, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से की हस्तक्षेप की मांग

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



कोरोना संक्रमण के लगातार बढ़ते मामलों को लेकर छत्तीसगढ़ के बीजेपी सांसदों ने दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन से मुलाकात कर राज्य में केंद्रीय हस्तक्षेप की मांग की है. सांसदों ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार कोरोनो को काबू कर पाने में पूरी तरह विफल हो गई है. सांसदों के प्रतिनिधिमंडल में मोहन मंडावी कांकेर सुनील सोनी, रायपुर विजय बघेल, दुर्ग अरूण साव बिलासपुर और गोमती साय रायगढ़ शामिल थीं. सांसदों ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन से छत्तीसगढ़ में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराए जाने की मांग की है. इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से कोरोना से निपटने जैसी मदद मांगी गई, उसे उपलब्ध कराई गई है. केंद्र सरकार राज्यों की मांगों के मुताबिक मदद भेज रही है। केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन ने छत्तीसगढ़ के संदर्भ में आंकड़ें देते हुए बताया कि आज की तारीख तक राज्य में कोरोना संक्रमण के कुल 84 हजार 234 केस आ चुके हैं, जिनमें से 46 हजार 81 मरीज ठीक हो चुके हैं, वहीं 37 हजार 489 एक्टिव केस हैं. अब तक 664 मरीजों की मौत हुई है. केंद्र सरकार ने अपने आंकड़ों में यह जानकारी दी है कि बीते सात दिनों में केसेज के बढ़ने की दर 15.6 फीसदी रही है, जबकि मृत्यु दर 0.79 फीसदी रही है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से राज्य को भेजी गई मदद में 4.62 लाख एन 95 मास्क, 1.87 लाख पीपीई कीट, हाइड्रो क्लोरोक्विन की 21.2 लाख टेबलेट और 230 वेंटिलेटर शामिल हैं.

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि राज्य में 32 सरकारी लैब इस वक्त काम कर रही है, जिनमें से पांच प्राइवेट लैब है. छत्तीसगढ़ में अब तक 7 लाख 90 हजार 381 सैम्पलों की जांच की जा चुकी है. सैम्पल जांच की दर प्रति एक लाख 2 हजार 685 है।

# हपका मारा बने सरपंच संघ के अध्यक्ष जिला मुख्यालय में हुआ सरपंच संघ का चुनाव

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com

**सर्व सम्मति से चुना गया अध्यक्ष**



जिला सरपंच संघ का चुनाव सर्व सम्मति से सम्पन्न हुआ। जिसमें हपका मारा को सभी सरपंचों ने सर्व सम्मति से संघ का जिला अध्यक्ष चुना गया वही जोगा कवासी को सचिव के रूप में चुना गया। रविवार को जिला मुख्यालय स्थित सामुदायिक भवन में जिला सरपंच संघ का चुनाव सम्पन्न किया गया। जिसमें जिलेभर के प्रमुख सरपंच शामिल हुए।

हालांकि कोविड 19 को देखते हुए कुछ सरपंच नहीं पहुंच पाए लेकिन संघ का चुनाव सर्वसम्मति से समपन्न हुआ है। जिसमें जिला अध्यक्ष के रूप में हपका मारा, देवाराम कश्यप उपाध्यक्ष, कृति मरकाम उपाध्यक्ष, जोगा कवासी सचिव, हितेन्द्र मरकाम सहायक सचिव, हुंगाराम वेट्टी कोषाध्यक्ष, पोडियामी सुक्का कोषाध्यक्ष, कोसाराम मिडिया प्रभारी बनाया गया। तीनों ब्लाक के सरपंच शामिल हुए।

> संघ के सभी पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं। साथ ही जनता के हित में ऐसे ही कार्य करे और उनकी समस्याओं को दूर करे।
>
> – **हरीश कवासी,** जिप अध्यक्ष सुकमा

# राज्य में होगी 14580 पदों पर शिक्षक भर्ती मुख्यमंत्री को डीएड व बीएड संघ का आभार

## छग प्रशिक्षित डीएड एवं बीएड संघ की भेंट

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सीएम निवास कार्यालय राजधानी में छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड एवं बीएड संघ के प्रमुख पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। इन्होंने राज्य में शिक्षकों की 14 हजार 580 पदों पर नियुक्ति के लिए अनुमति दिए जाने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताया।

संघ के पदाधिकारियों ने इसे एक ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए संघ के विभाग व मुख्यमंत्री को आभार संप्रेषित करते हुए जल्द प्रक्रिया को पूर्ण करने की मांग की है। इस अवसर पर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा, खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, आरपी सिंह, संजीव शुक्ला, छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड एवं बीएड संघ के अध्यक्ष दाउद खान, सचिव सुशांत शेखर धराई, सुश्री अन्नपूर्णा पाण्डेय, प्रवक्ता हिमांचल प्रसाद व अनिरूद्ध साहू सहित संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विधानसभा क्षेत्र में 2 करोड़ के विकास कार्यों की स्वीकृति

■ मुख्यमंत्री, मंत्री, प्रभारीमंत्री व विधायक का आभार

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगढ़/डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



विधायक व छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण व अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दलेश्वर साहू की अनुशंसा पर डोंगरगांव विधान सभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ 10 लाख रू की स्वीकृति मिली है। मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के तहत 1 करोड़ 58 लाख व खनिज न्यास मद से 52 लाख रू की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है।

विधायक कार्यालय से जारी विज्ञप्ति में अमरनाथ साहू ने बताया कि कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन डोंगरगांव में पंहुच मार्ग निर्माण 1007 लाख, आईटीआई हास्टल भवन डोंगरगांव पंहुच मार्ग 16 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंच मार्ग चांदो 8.09 लाख, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंच मार्ग मोहड 16 लाख, तहसील कार्यालय पहुंच मार्ग डोंगरगांव 4.14 लाख, एसडीएम कार्यालय एवं क्वार्टर में पहुंच मार्ग डोंगरगांव 4.14 लाख, हाई स्कूल जंतर में पहुंच मार्ग 2.56 लाख, उपस्वास्थ केन्द्र मेढा पंहुच मार्ग 11.45 लाख रू, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अजुनी पहुंच मार्ग 11.45 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंच मार्ग जंगलपुर 8.71 लाख, हाई स्कूल भवन पहुंच मार्ग अजुनी 7.85 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंच मार्ग तेलीटोला से टप्पा 11.45 लाख रू, हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंच मार्ग तिलईरवार 6.52 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंच मार्ग धौराभांठा 11.45 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंच मार्ग आरगांव 5.98 लाख, मोहड से शीतला मंदिर कांक्रीट पहुंच मार्ग 16 लाख रू, इसी तरह खनिज न्यास मद से पेयजल व्यवस्था हेतु रामपुर में 1.52 लाख, तिलईरवार 5 लाख, रातापायली 1.50 लाख, सुखरी (अर्जुनी) पंप हाउस 5 लाख, पेयजल व्यवस्था हेतु सम्वेल निर्माण डोंगरगांव 4.50 लाख, डोंगरगांव मे माटी शिल्पकला हेतु ग्लेजिंग युनिट स्थापना हेतु 25 लाख, शासकीय इंगलिश मीडियम स्कूल उन्नयन कार्य डोंगरगांव 4 लाख रू, प्राथमिक शाला झिटिया में अहाता निर्माण 5 लाख रू की स्वीकृति सम्मिलित है।

उक्त कार्य की स्वीकृति मिलने पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, कांग्रेस कार्यकर्ता, पंचायत प्रतिनिधी व ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू, प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर व विधायक दलेश्वर साहू के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# मोदी सरकार किसानों के शोषण पर आमादा

## जिला ईकां किसान महामंत्री महेंद्र ने लगाया आरोप

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



मोदी सरकार द्वारा लोकसभा में किसान विरोधी विधेयक पारित कर कृषि करने वाले किसानों के शोषण पर उतर आई है। देश के 60 फीसदी 2 तथा 5 एकड़ वाले लघु एवं सीमांत किसानों में इतनी क्षमता नहीं है कि वह अपने फसलों को राज्य के बाहर जाकर बेच सकें। ऐसे में किसानों को उनकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिलेगा। राज्य में भूपेश सरकार किसानों के साथ है। जिला कांग्रेस के किसान महामंत्री महेंद्र साहू ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा व्यापारी वर्ग को अप्रत्यक्ष लाभ पहुंचाने किसान विरोधी विधेयक पारित किया है। किसान अपनी फसलों को बड़े उद्योगपतियों को औने पौने दाम में बेचने के लिए मजबूर होंगे। महेंद्र साहू ने मोदी सरकार द्वारा लाए गए विधेयक को किसान विरोधी करार दिया है। छत्तीसगढ़ सरकार एवं देश के सभी विपक्षी दल इस किसानों के विधायक का एक साथ पूर्ण जोर विरोध कर रही है। किसानों के हित में कार्य करने किसान कांग्रेस द्वारा पुरजोर विरोध किया जाएगा।

## ग्राम-करमू, बेलतरा, भेड़रवानी, चेचानमेटा, बेदरची, चंदनु, बीरमपुर, कांपा, मुरकुटा, तरपोंगी, मनोधरपुर एवं मोहलाई कंटेनमेंट जोन घोषित

**बेमेतरा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिव अनंत तायल ने कल शाम एक आदेश जारी कर बेमेतरा जिले के तहसील बेमेतरा के ग्राम-चंदनु, बिरमपुर एवं तहसील नवागढ़ के ग्राम-कांपा, मुरकुटा, तरपोंगी, मनोधरपुर (मारो) एवं मोहलाई (टेमरी) मे कोरोना पॉजिटिव के केस पाए जाने के कारण कोरोना वायरस के संक्रमण के फैलाव को दृष्टिगत रखते उक्त गांवों को कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गया है। ग्राम-चंदनु एवं बिरमपुर के प्रभारी अधिकारी प्रभारी तहसीलदार बेमेतरा अजय चंद्रवंशी तथा ग्राम-कांपा एवं मुरकुटा (सिवनी), के प्रभारी अधिकारी तहसीलदार नवागढ़ रेणुका रात्रे और ग्राम-तरपोंगी, मनोधरपुर एवं मोहलाई के प्रभारी अधिकारी नायब तहसीलदार नवागढ़ श्री लुप्तम साहू एवं पर्यवेक्षण अधिकारी अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजस्व बेमेतरा दुर्गेश कुमार वर्मा होंगे। इसी प्रकार तहसील थानखम्हरिया के ग्राम-करमू एवं बेलतरा और तहसील साजा के ग्राम-भेड़रवानी, चेचानमेटा, बेदरची मे कोरोना पॉजिटिव के केस पाये जाने के कारण कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गया है। ग्राम-करमू एवं बेलतरा के प्रभारी अधिकारी प्रभारी तहसीलदार थानखम्हरिया नीलम सिंह पिस्दा तथा भेड़रवानी, चेचानमेटा एवं बेदरची के प्रभारी अधिकारी नायब तहसीलदार साजा चंद्रषेखर चंद्राकर एवं पर्यवेक्षण अधिकारी अनुविभागीय दण्डाधिकारी साजा आशुतोष चतुर्वेदी होंगे।

# जोरातराई एवं बाजार अतरिया में शिक्षा सारथी कर रहे हैं पारा मोहल्ला क्लास संचालित

पायनियर संवाददाता ➤ खैरागढ़
www.dailypioneer.com



विकास खंड खैरागढ़ से लगभग 16 से 20 किलोमीटर दूर स्थित बाजार अतरिया एवम् जोरतराई क्षेत्र के विभिन्न शाला ग्रामों में पारा मोहल्ला क्लास संचालित हो रहे है। इन पारा मोहल्ला कक्षाओं का संचालन इन्हीं ग्रामों में शिक्षा सारथियों का चयन करके एवं स्थानीय शिक्षकों की सहायता से किया जा रहा है।

मोहल्ला क्लास संचालित करने के लिये शिक्षा सारथियों का सहयोग प्राप्त करने में संकुल समन्वयक कमल वर्मा एवम् पी एल सी हेड राकेश शर्मा का अहम् योगदान रहा है, जिन्होंने प्राथमिक एवम् माध्यमिक शाला के शिक्षकों से संपर्क करके, उनके माध्यम से विभिन्न ग्रामों में शिक्षा सारथी का चयन कर मोहल्ला क्लास प्रारंभ करवाने हेतु विशेष प्रयास किया हैं।

# युवाओं ने बदली मानाबंद तालाब की दशा, चलाया सफाई अभियान

पायनियर संवाददाता ➤ नवागढ़
www.dailypioneer.com



महामाया पारा नवागढ़ के प्राचीन मानाबंद तलाब में स्थानीय युवाओं के एकजुटता से किये श्रम दान ने आज तालाब की सूरत बदल दी है। उल्लेखनीय है कि पिछली बार तालाब की सफाई शमी गणेश महामाया शारदा पर्यटन समिति के तत्वावधान में महाआरती के समय हुई थी, जिसके पश्चात न ही किसी जनप्रतिनिधि और न ही प्रशासन ने तालाब को ओर ध्यान दिया। स्थिती यह रही कि सफाई नहीं हुई, तालाब में नजदीकी घरों की नालियों के पानी तथा कचरों से पानी प्रदूषित होता जा रहा था।

स्थिति को देख स्थानीय युवा आगे आये जिन्हें वरिष्ठजनों का भी भरपूर साथ मिला और लॉकडाउन की सुबह प्रतिदिन सफाई चल रहा है। जिसमें प्रमुख रूप से शमशेर खान डीएसपी ,सत्यम ताम्रकार सुरेश देवांगन दीपचंद देवांगन, आनंद देवांगन, मनीष देवांगन, कोशन कुंभकार, सत्रोहन यादव ,जित्तू देवांगन, दीपक कुंभका,र करण यादव, जय कुंभकार,गौतम यादव, राहुल यादव,जय देवांगन, हर्ष देवांगन ,भानु यादव एवम समस्त मोहल्ले वासी एकजुट होकर तलाब की सफाई की है। जिससे अब यह तालाब स्वच्छ एवं साफ सुंदर दिखाई देने लगा है।

# शिक्षा का अलख जगाने प्रतिबद्ध शिक्षा सारथी

## जनपद पंचायत अध्यक्षा ने पांच देवरी शिक्षा सारथियों का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



आज पूरा प्रदेश कोरोना के वैश्विक महामारी से जूझ रहा है तथा स्कूल बंद है ऐसे में बच्चों की पढ़ाई को सतत जारी रखने मोहल्ला क्लास की शुरुआत की गई है जिसमें गांव के ही पड़े लिखे युवक-युवतियां, छात्र-छात्राएं, महिलाएं शिक्षा सारथी के रूप में अपनी सेवा दे रहे हैं तथा बच्चों की पढ़ाई में मदद कर रहे हैं। संकुल स्रोत केंद्र कुम्हारी के अधीनस्थ पंचदेवरी में मोहल्ला प?ाई में शिक्षा की अलख जगाने वाले शिक्षा सारथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम धमधा जनपद पंचायत अध्यक्षा श्रीमती सरस्वती रात्रे एवं ग्राम पंचायत पंचदेवरी सरपंच श्रीमती सत्यवती सोनके के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

पंचदेवरी के अलग अलग मोहल्ला पढ़ाई केंद्र में शिक्षा सारथी के रूप में कार्य करने वाले - योगेश्वरी चतुर्वेदी, कुमारी लोकेश्वरी महिलांग, कुमारी अंजली भारती का प्रशस्ति पत्र, मास्क, पेन, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्षा श्रीमती सरस्वती रात्रे ने शिक्षा सारथियों द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की साथ ही उन्होने कहा कि बच्चों को प?ाई से जो?कर रखने में शिक्षा सारथियों का योगदान अमूल्य है। शिक्षा सारथियों द्वारा किये जा रहे इस पुनीत कार्य के लिए उन्हें बधाई एवम शुभकामनाएं दी। संकुल समन्वयक मदन लाल साहू ने कहा आज विषम परिस्थितियों में भी हमारे शिक्षकों एवम शिक्षा सारथियों ने अपना अमूल्य समय देकर बच्चों को पढ़ाई से जोड़ने का कार्य मोहल्ला पढ़ाई के माध्यम से किया है यह अपने आप में प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि संकुल केंद्र कुम्हारी के अधीनस्थ प्रत्येक विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को शत प्रतिशत मोहल्ला पढ़ाई के माध्यम से जोड़ना उनका लक्ष्य है और इस दिशा में लगातार मोहल्ला पढ़ाई केंद्र का विस्तार करते हुए उन्हें जोड़ने प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में सोशल डिस्टेंस का पूरा पालन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से -विद्यालय के शिक्षक समूह मंजुलता भारती, बसंत गायकवाड़, ऋतु कश्यप एवं पालक गण उपस्थित थे।

> कुम्हारी संकुल में मोहल्ला क्लास में प्रशंसनीय ढंग से पढ़ाई हो रही है। इसके लिए संकुल समन्वयक का योगदान निसंदेह प्रशंसनीय है। अन्य शिक्षकों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए।
>
> **-सरस्वती रात्रे,** अध्यक्षा जनपद पंचायत धमधा

## अधिकांश कबाड़खाना नेशनल हाइवे में

# चोरी के माल से फलफूल रहा कबाड़खाना, मिनटों में कट जाता है वाहन, नहीं होती जांच

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com







कबाड़खानों की आड़ में अधिकांश कबाड़ी चोरी के माल की खरीद-फरोख्त का काला कारोबार जिला मुख्यालय, शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में बेखौफ चल रहा है। शहर व हाट बाजार से चोरी होने वाले सायकल व दोपहिया वाहन कबाड़खानों में पहुंचते हैं और छोटे-छोटे टुकड़ों में तब्दील हो जाते हैं। पुलिस की शह पर यह धंधा दिनों-दिन फल-फूल रहा है। नतीजा ये है कि चोरी गए अधिकांश वाहन कबाड़ में कट जाते हैं। पुलिस का मुंह बंद कर कबाड़ी धडल्ले से चोरी का माल इधर से उधर कर रहे हैं। शहर व गावो के कई बड़े कबाड़ियों का तो इतना दबदबा है कि पुलिस उनके कबाड़खाने में जाने से बचती है।

**नेशनल हाईवे के समीप कबाड़खाना :** कबीरधाम जिला के बोड़ला विकासखंड के पोड़ी में भी बहुत बड़ा कबाड़खाना है जहां पर पंडरिया , कुन्डा , पांडातराई , रुसे , रबेली ,चिल्फीघाटी, बोड़ला , कवर्धा सहित दर्जनों जगह से छोटे छोटे कबाड़ी अपना कबाड़ बेचने आते हैं साथ ही यह कबाड़खाना पुलिस थाना से महज सौ मीटर की दूरी है । अन्य अधिकारियों की नजर इसलिए नहीं पड़ता क्योंकि वह बस्ती की तरफ अंदर में है ।

**नहीं होती जांच :** पुलिस नियमित रूप से न कबाड़खानों की जांच करती है और न कबाड़ियों से पूछताछ करती है। यदि कोई वाहन चोरी हो भी जाए, तो पुलिस कभी-कभार ही कबाड़खानों में वाहन तलाशने पहुंचती है। यदि वहां जाती भी है, तो सामान की रसीद नहीं देखती न कबाड़खाना वाले उन्हें दिखाते ।

**मिनटों में खुल जाता है वाहन :** कबाड़खाने में चोरी के वाहन पहुंचते ही वहां पर लगे मजदूर व मिस्त्री के द्वारा वाहन खोलने में जुट जाते हैं। सायकल व अन्य दोपहिया वाहन के पांच से दस मिनट में एक-एक पुर्जे अलग कर दिए जाते हैं। इसके बाद इंजन नम्बर और चेचिस नम्बर मिटाया या बदला जाता है। इसके बाद कलपुर्जों को या तो फुटकर में या फिर थोक में बेचा जाता है।

**ये माल खरीदते हैं कबाड़ी :** कबाड़ियों के द्वारा आजकल चारपहिया वाहनों में गांव गाँव घूमकर कबाड़ी का समान खरीदने का कार्य किया जाता है । उनके द्वारा एक मोटरसाइकिल का दस्तावेजों में सैकड़ों मोटरसाइकिल खपत कर लेते है वही साइकिल का कोई भी दस्तावेज इनके द्वारा नहीं रखा जाता हैं । इनके द्वारा और कई प्रकार की स्क्रैब की खरीदी भी की जाती हैं ।

### सीसीटीवी कैमरे की होनी चाहिए जांच

आजकल सभी व्यपारियों के द्वारा अपनी व समानों की सुरक्षा की दृष्टि से सी सी टीवी कैमरे लगाए गए है ।
कबाड़खाना में भी कैमरे लगे हुए हैं यदि जिम्मेदार अधिकारी इन कैमरे से जांच करते हैं तो कई तरह की नए नए मामले परत दर परत खुलते नजर आएंगे लेकिन अधिकांश जिम्मेदार अधिकारी दरवाजे से अपनी उपस्थिति देकर वापस आ जाते हैं ।

## जिला स्तर पर बेहतर कोविड प्रबंधन और निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**बेमेतरा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री षिव अनंत तायल ने एक आदेश जारी कर जिला स्तर पर बेहतर कोविड प्रबंधन और निगरानी के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार डेडिकेटेड कोविड अस्पताल एवं कोविड केयर सेंटर्स के लिए अपर कलेक्टर श्री संजय कुमार दीवान, नोडल अधिकारी कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग के लिए संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति सिंह और सैंपलिंग एवं टेस्टिंग के लिए डिप्टी कलेक्टर श्री संदीप ठाकुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उक्त नोडल अधिकारी सौंपे गए दायित्वों से संबंधित गतिविधियों की सतत् मॉनिटरिंग कर समस्याओं के निराकरण हेतु जिला स्तर पर समन्वय का कार्य संपादन करेंगें।

## क्विक न्यूज

### पूरक परीक्षा देने एक घंटा पहले केंद्र पहुंचेंगे विद्यार्थी

**कोरबा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल (सीबीएसई) की बोर्ड के परीक्षा परिणाम में किसी विषय में बैक लगने पर ऐसे छात्र-छात्राओं को कंपार्टमेंट परीक्षा में बैठने का मौका दिया जाता है। इस वर्ष के लिए 22 सितंबर को प्रस्तावित कंपार्टमेंट परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी गई है। संबंधित परीक्षार्थियों के लिए बोर्ड ने प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। कोविड-19 के दिशानिर्देशो का ध्यान रखते हुए की जा रही व्यवस्था में परीक्षा देने परीक्षार्थियों को एक घंटे पहले पहुंचने कहा गया है। सीबीएसई की दसवीं-12वीं बोर्ड परीक्षा में सफल होने से चूक जाने वाले छात्र-छात्राओं को एक और मौका देते हुए हर वर्ष की तरह कंपार्टमेंट परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा को लेकर शासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुए व्यवस्था रखी जाएगी। प्रत्येक परीक्षार्थी को अपने परीक्षा केंद्र में परीक्षा शुरू होने की निधारित तिथि में तय वक्त से एक घंटे पहले पहुंचने कहा गया है।

### लूट का एक और फरार आरोपित गिरफ्तार

**कोरबा।** पूर्व संयंत्र में सुरक्षा कर्मी को बंधक बना तांबाए पीतलए लोहा व मोबाइल लूटने वाले एक और फरार आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में सात आरोपित पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। पुलिस को लूट का सामान खरीदने वाले दो लोगों की तलाश है। पुलिस ने बताया कि कोरबा पूर्व संयंत्र में बीते 13 अगस्त की रात एक दर्जन से ज्यादा नकाबपोश पहुंचे और सुरक्षा कर्मी तोलकराम राठौर को बंधक बनाकर उसकी आंख व मुंह में पट्टी बांध दी। लूटपाट करने के बाद सभी लोग फरार हो गए। पुलिस विभिन्न धाराओं में मामला कायम कर पतासाजी कर रही थी। इस बीच मानसनगर से लूट की योजना बना रहे सात युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उन्होंने प्लांट में लूट की घटना को भी स्वीकार किया। मामले में फरार ईश्वर साहू को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया।

# शॉट सर्किट की वजह से 20 दुकानें जलकर हुई खाक

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com





बुधवारी बाजार के सब्जी मार्केट में बीती रात आगजनी की घटना से 20 से अधिक दुकान जलकर खाक हो गई , रेलवे क्षेत्र होने के बावजूद यहां आजगनी जैसी घटना से बचाव के कोई उपयुक्त सुविधा उपलब्ध नही है । बुधवारी बाजार में कई सालों से सब्जी मंडी संचालित हो रही है जहां पर दुकानदार सब्जी बेच कर अपने और अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं लेकिन देखा जाता है कि रेलवे को व्यापारियों से कोई सरोकार नहीं रहता। रेलवे के अधिकारी यहां से टेक्स के रूप में राशि वसूल करते हैं लेकिन बुनियादी सुविधाएं देने के बजाय इन्हें यहां से हटाने के लिए आमादा भी रहते हैं। शनिवार की देर रात यहां के सब्जी बाजार में 20 दुकाने आग की चपेट में आने से जलकर राख हो गई ।

आगजनी की घटना से यहां पर हड़कम्प मच गया। इस बीच दमकल को भी सूचना दी गई लेकिन उसके आते तक आग ने भीषण रूप ले लिया और फिर दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। व्यापारी जिन्होंने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक यहां 20 दुकानों को आग ने अपनी चपेट में ले लिया था। दमकल के पहुंचते तक यहां सब कुछ जलकर खाक हो चुका था।

ज्ञात हो कि इसी तरह बुधवारी बाजार के सब्जी मंडी में पहले भी दो बार आगजनी जैसी घटना घटित हो चुकी है जिसमे लग भग पूरी दुकान जल गई थी , इन दो घटनाओं के बाद भी रेलवे इस दिशा में हमेशा से लापरवाह बरते हुए है। रेलवे आगजनी जैसी घटाओं से राहत देने कोई सुविधा दुकानदारों की नही दे रखा है । वहीं टेक्स के नाम पर रोजाना सब्जी मंडी के व्यापारियों से 20-30 रुपये वसूलते हैं।

व्यापारी अपनी सुरक्षा के और आगजनी जैसी घटाओं से निपटने स्यंम व्यवस्था कर रखे है। 22 तारीख से एक बार फिर लॉक डाउन हो रहा है ऊपर से आगजनी की इस घटना से तो जैसे व्यापारियों की कमर ही टूट गई है।

## एनएचएम मिशन ने हड़तालियों की सूची तैयार करने सीएमओ को दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com


राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़

नियमितीकरण को लेकर हड़ताल में बैठे स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारियों द्वारा मिशन संचालक के चेतावनी दरकिनार किये जाने के बाद अब आंदोलन में बैठे कर्मचारियों की सूची तैयार करने सीएमओ को निर्देश दिया गया है ।

पिछले कई वर्षो से स्वास्थ्य विभाग के एनएचएम में कार्यरत समस्त संविदा नियुक्त अधिकारी कर्मचारी नियमिति करण की मांग करते आ रहे है । सत्ता में काबिज पूर्व की सरकार से आश्वासन के सिवाये कुछ नही मिला । राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद भूपेश बघेल की नेतृत वाली कांग्रेस सरकार से काफी उम्मीदें थी, स्वास्थ्य संघ के पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री सहित स्वास्थ्य मंत्री ने संविदा कर्मचारियों के हक में जल्द फैसला लेने का आश्वासन दिया था। पिछले सरकार की तरह आश्वासन तथा उम्मीद की कोई किरण दिखाई नही देने से स्वास्थ्य मिशन विभाग के समस्त संविदा कर्मचारी अपनी जायज मांग को मनवाने और सत्ता में आने के पूर्व किये गये वादे को याद दिलाते हुए, कार्य बंद आंदोलन में चले गए हैं। वहीं इसका गम्भीर परिणाम शासन को भुगतना पड़ सकता है इसकी वजह है वर्तमान दौर कोरोना जैसे महामारी से लोग जूझ रहे हैं। इसी तरह हड़ताल जारी रहा तो ग्रामीण क्षेत्र सहित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य में उपचार की बुनियादी सुविधाएं चरमरा जाएगी और मरीजो का समय पर इलाज नही हो पायेगा ।

कर्मचारियों के हड़ताल में होने का असर एभी से दिखाई दे रहा है । संविदा कर्मचारियों के हड़ताल में जाने से पहले ही एनएचएम मिशन संचालक ने हड़ताल स्थगित करने तथा निर्देश का पालन नही किये जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी थी। जिसका असर नही होता देख अब एनएचएम मिशन संचालक ने जिले के सीएमओ को आदेश जारी कर हड़ताल गये कर्मचारियों की सूची तैयार करने कहा है। एनएचएम संचालक का यह फरमान कितना कारगर साबित होगा।

## कोरबा का आईटीकालेज बंद होने की कगार पर अमले के समक्ष बेरोजगार होने का खतरा

पायनियर संवाददाता ‹ कोरबा
www.dailypioneer.com

जिले का एक मात्र इंजीनियरिंग कालेज बंद होने के कगार पर है। इसके साथ ही यहां कार्यरत करीब चालीस प्राध्यायकों, अधिकारियों कर्मचारियों के समक्ष बेरोजगार होने का खतरा आ उपस्थित हुआ है। जनभागीदारी योजना के तहत सन् 2008 में स्थापित आई.टी. कालेज का संचालन एक सोसायटी के माध्यम से किया जाता है। इस सोसायटी में जिले के प्रमुख उद्योग भारत एल्युमिनियम कंपनी बालको, एनटीपीसी, सीएसईबी, एसईसीएल, लांको आदि सदस्य है। छ.ग.के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सोसायटी के पदेन अध्यक्ष हैं। सोसायटी में प्रभारी मंत्री, जिले के विधायक, उद्योगों के प्रमुख सदस्य है। जिले के औद्योगिक प्रतिष्ठानों ने आई.टी. कालेज प्रारंभ करते समय वित्तीय सहायता की घोषणा की थी, लेकिन घोषित सम्पूर्ण राशि का भुगतान अब तक नहीं किया गया है, जिसके कारण संस्था वित्तीय संकट में आ गयी है। इसके अलावे वित्तीय संकट का दूसरा कारण सन् 2014-15 में इंजीनियरिंग में अरूचि के चलते छात्रों की संख्या में गिरावट आना है। संस्था में चार वर्षों की स्वीकृत संख्या 960 के विरूद्ध यहां केवल 135 छात्र-छात्राओं में अध्ययनरत है। मिली जानकारी के अनुसार गत वर्ष 27 अगस्त 2019 को सोसायटी के शासी निकाय की बैठक हुई थी, जिसमें कालेज का वित्तीय संकट निपटाने के लिए जिला खनिज न्यास निधि (डी एम एफ)मद से अनुदान प्राप्ति के लिए आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया था।

## कोरोना से डरो ना, डिजिटल करो ना

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की राजधानी व न्यायधानी में एकसाथ 22 सितम्बर से एक सप्ताह का सख्त लॉक डाउन लगाया जा रहा हैं। रायपुर में तो इस दौरान बैंक भी बंद रहेंगे। बैंकर्स क्लब, बिलासपुर ने अत्यधिक जरूरतमंद की सुविधा हेतु दो घँटे बैंक खोलने का निर्णय लिया है। जिलाधीश महोदय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया हैं कि इस दौरान ग्राहकों को बैंक आने से हतोत्साहित करना है। चूंकि सब्जी, किराना आदि सभी दुकान वैसे ही बंद रहेगी। पेट्रोल पम्प 12 बजे तक भले ही खुले रहेंगे, लेकिन जनसामान्य को पेट्रोल नहीं देंगे। दवाओं को क्रय करने हेतु पॉस मशीन का इस्तेमाल किया जा सकता हैं। अतः आम जनता से अपील की जाती हैं कि वे इंटरनेट, मोबाईल, डेबिट क्रेडिट कार्ड, भीम यूपीआई आदि डिजिटल प्रोडक्ट्स का अपने अपने घरों से सुरक्षित उपयोग करे। डिजिटल बेंकिंग के इस्तेमाल से आप जिला प्रशासन को सहयोग देने के साथ ही कोरोना की चैन को तो?ने में सहायक होंगे। आमजनता की सुविधा हेतु एटीएम में पर्याप्त नगदी की व्यवस्था की जाएगा। बिलासपुर में कोरोना का संक्रमण अपने पैर पसार रहा हैं। अतः सावधानी रखें। अतिआवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलते समय मास्क अवश्य ही पहनें। सोशल डिस्टेंस का पालन करे।




## कनकी में जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की सहमति से लॉकडाउन

पायनियर संवाददाता ‹ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए ग्राम पंचायत कनकी के सरपंच-पंच एवं समस्त नागरिकों के निर्णय अनुसार कोरोना के इस चैन को तोड़ने हेतु समस्त नागरिकों के बचाव के लिए संयम का संकल्प लेने का आव्हान किया और घरों से बाहर नहीं निकलने की अपील की है। प्रत्येक व्यक्तियों से कम से कम एक मीटर की दूरी बनाकर रहें। कोरोना से बचाव का सबसे बेहतर उपाय यही है कि साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें और भीड़भाड़ वाली जगहों के साथ-साथ अफवाहों से भी व्यापक दूरी बनाएं। ग्राम कनकी में कोरोना के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए ग्राम पंचायत के समस्त जनप्रतिनिधियों और गाँव के गणमान्य नागरिकों के सहमति से सोशल डिस्टेंस के नियमो का पालन करते हुए बैठक आयोजित कर गाँव मे कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने हेतु फिर से गाँव में सम्पूर्ण तालाबंदी की जरूरत को देखते हुए एक सप्ताह के तालाबंदी पर चर्चा किया गया और आपसी सहमति से इस पर सभी व्यक्तियों ने अपनी सहमति दी है। ग्राम पंचायत कनकी के सरपंच बिहारीलाल मंझवार सहित सभी ग्रामवासियों ने गांव में एक हफ्ते का पूर्ण लाकडाऊन करने की मांग जिलाधीश से की है। छत्तीसगढ़ सहित कोरबा जिले में कोरोना संक्रमण तेजी से फैल रहा है। शुक्रवार को कोरबा जिले में 185 कोरोना पॉजिटिव की पुष्टि हुई है। कोरबा जिले के उमरैली ग्राम पंचायत ने कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए आज से पूरे गाँव में लॉकडाउन लगाने का फैसला लिया है।

# नोटिस से आक्रोशित गंगानगर ग्रामीणों ने फूंका एसईसीएल प्रबंधन का पुतला

पायनियर संवाददाता ‹ कोरबा
www.dailypioneer.com

■ **सकारात्मक रवैया नहीं रहा तो चरणबद्ध आंदोलन, पुनर्वास के नाम पर प्रबंधन का मजाकः प्रशांत**

अवैध कब्जा हटाने के नोटिस से नाराज नगर निगम क्षेत्र के गंगानगर ग्राम के सैकड़ों ग्रामीणों ने शनिवार को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, छत्तीसगढ़ किसान सभा और जनवादी महिला समिति के नेतृत्व में एसईसीएल प्रबंधन का पुतला दहन किया। 22 सितंबर को पदयात्रा करके एसईसीएल गेवरा मुख्यालय पर जाकर नोटिस का सामूहिक जवाब देने का एलान किया है। इस मौके पर आसपास के गांव के जनप्रतिनिधि भी उपस्थित होकर आंदोलन को अपना समर्थन दिए। आंदोलनकारियों का कहना है कि एसईसीएल प्रबंधन ने 1980 में गंगानगर पुनर्वास ग्राम के रूप में विकसित किया। तब घाटमुड़ा की हजारों एकड़ जमीन कोयला खदान के लिए अधिग्रहित की गई। यहां के विस्थापित 75 परिवारों को 25 एकड़ का क्षेत्र बसाहट के लिए दिया गया। उस समय ग्रामीणों ने आपसी सहमति से जमीन का बंटवारा कर लिया था और एसईसीएल ने इसमें कोई दखल भी नहीं दिया था। बंटवारे के बाद सब अपने कच्चे-पक्के मकान बनाकर बची हुई जमीन पर अपने भरण-पोषण के लिए बाड़ी बना सब्जी उगा रहे। पुनर्वास के बाद इस गांव के विकास के लिए बुनियादी सुविधाएं अस्पताल, बिजली, पानी, स्कूल, मनोरंजन गृह, श्मशान घाट, गोठान आदि प्रदान नहीं किया गया। चालीस साल बाद परिवार की संख्या बढ़कर 200 से ज्यादा हो गई है। अब एसईसीएल ने 25 एकड़ के इस प्लाट पर बसे परिवारों की सब्जी बाड़ियों, बाउंड्री को अवैध कब्जा बताकर नोटिस जारी कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि एसईसीएल यहां दूसरे गांव के विस्थापितों को जबरन बसाने की कोशिश कर रहा है। जबकि उसकी जिम्मेदारी बनती है कि ऐसे विस्थापितों को सुविधाओं के साथ और कहीं बसाने का प्रबंध किया जाए। अवैध कब्जे के नोटिस से आक्रोशित ग्रामीणों ने माकपा पार्षद राजकुमारी कंवर और सुरती कुलदीप की अगुवाई में एसईसीएल प्रबंधन का पुतला दहन किया। उनका आरोप है कि पहले भी एसईसीएल प्रबंधन ग्रामीणों के आधिपत्य वाली भूमि पर बुलडोजर चला चुकी है। आंदोलन के बाद मुआवजा देने पर बनी सहमति पर अभी तक अमल नहीं किया गया है। अब बेदखली के इस नोटिस का जवाब याचना नहीं, संघर्ष होगा। पुतला दहन कार्यक्रम के बाद हुई आमसभा को महिला नेत्री धनबाई कुलदीप, माकपा के दोनों पार्षद और किसान सभा के नेता नंदलाल कंवर, जवाहर सिंह कंवर, श्याम यादव और तेरस बाई ने संबोधित किया।

# रेल सुरक्षा बल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 1 साल में अनेक सराहनीय कार्य किए

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

रेलवे सुरक्षा बल दक्षिण पूर्व मध्य रेल बिलासपुर द्वारा रेलवे सुरक्षा बल स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर दिनांक 20 से 26 सितंबर तक स्थापना सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसमें सामाजिक दूरी का ध्यान रखते हुए विभिन्न ऑन लाईन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ।

रेल सुरक्षा बल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की उप्लबध्यों के दस आयाम - कोविड -19 के दौरान विभागीय तथा सामाजिक दयित्वों को उत्कृष्ट निर्वहन 353 श्रमिक स्पेशल ट्रेनों की समय बद्धता के साथ सुरक्षित यात्रा सम्पन्न करायी गयी। श्रमिक स्पेशल ट्रेनों के सभी यात्रियों को रेल प्रशासन द्वारा चिन्हित स्टेशनों पर खाना व पानी के वितरण में पूर्ण सहयोगद्ध रेलवे ट्रेक पर और उसके किनारे चलने वाले 307 प्रवासी मजदूरों को शीघ्र गंतव्य तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन को सौंपा गयाद्ध अवैध रूप से मालगाड़ी के वैगन में यात्रा कर रहे 85 यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन को सौंपा गयाद्ध लगभग 80 हजार जरूरतमंद लोगों को रेलवे सुरक्षा बल द्वारा एन.जी.ओ. व अन्य रेलवे के विभागों के साथ मिलकर तीनों वक्त का भोजन उपलब्ध कराया गया सभी खाधान्न मालगाड़ियों का सुरक्षित अनुरक्षण किया गया। यात्रा टिकटों की अवैध बिक्री को रोकने हेतु लगातार देशव्यापी अभियान 377 टिकट दलालों से डेढ़ करोड़ रूपये मूल्य के भविष्य और अतीत रेल टिकटों की जप्ती की गई टिकट दलालों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही की गई । रेलवे संपत्ति अपराध की रोकथाम रेलवे संपत्ति( अवैध-कब्जा )अधिनियम के 258 मामलों में 417 आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ साढ़े तीन करोड रूपये मूल्य की संपत्ति की बरमदगी ।

यात्री संबंधी अपराध की रोकथाम रेलवे अधिनियम के अंतर्गत 33,031 दोषी व्यक्तियों पर कार्यवाही यात्री सामान चोरी में संलिप्त 182 आरोपियों की गिरफ्तारी प्रतिदिन 42 से अधिक रत्रिकालीन मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों में सजग गस्त आई.एस.एस. के अंतर्गत तीन महत्वपूर्ण स्टेशनों बिलासपुर, रायपुर एवं गोंडिया में सुरक्षा अधोसंरचना का अभूतपूर्व विकास सी.सी.टीवी कैमरे 19 महत्वपूर्ण स्टेशनों में और अन्य बचे स्टेशनों में भी निर्भया फंड के अंतर्गत सीसीटीवी कैमरे लगाने के कार्य में प्रगति स्टेशन सुरक्षा योजना के अंतर्गत महत्वपूर्ण 8 स्टेशनों पर सुरक्षा संबंधी अधोसंरचना का विकास इन सभी कार्यों से यात्री सुरक्षा में उल्लेखनीय गुणवत्ता में वृद्धि संभावित । सामाजिक दायित्वों का निर्वहन 500 बिछुड़े अथवा लावारिस बच्चों को चाईल्ड लाईन/उनके परिजनों को सुपुर्दगी यात्रा के दौरान भूलवश छूटे लगभग 6 लाख मूल्य के मूल्यवान सामानों की सही सलामत सुपुर्दगी ।महिला एवं दिव्यांग यात्रियों की सुविधा पर विशेष ध्यान 5732 पुरुष यात्रियों पर महिला आरक्षित कोच में सफर करने पर कानूनी कार्यवाहीद्ध माननीय न्यायालय द्वारा सा? आठ लाख रूपये का जुर्माना लगाया गयाद्ध 1931 यात्रियों को दिव्यांग आरक्षित कोच में सफर करते पाये जाने पर कानूनी कार्यवाही न्यायालय द्वारा तीन लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया । यात्रा के दौरान सुरक्षित व सुविधाजनक खान-पान 5234 अवैध वेंडरों/हौकरों की गिरफ्तारी एवं विधिक कार्यवाहीद्ध माननीय न्यायालय द्वारा बत्तीस लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया । यात्री शिकायतों का निवारण 369 से अधिक ट्वीटर कम्पलेंट का त्वरित निवारण किया गया।

**सेनिटाइजर, फेश शील्ड, मास्क का वितरण किया गया**

# कोरोना महामारी से निपटने, लगाया गया रक्तदान शिविर

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना महामारी के समय में रक्त की बहुत ज्यादा कमी हो रही है जिस वजह से कई लोगो की जान जा रही है इस आपदा से निपटने के लिए , सिम्स मेडिकल कालेज के ब्लड बैंक इंचार्ज सुपर्णा गांगुली मैडम द्वारा रक्तदान हेतु अपील किया गया जिसे ध्यान में रखते हुए स्वामी विवेकानंद युवा महामण्डल टिकरापारा बिलासपुर व स्मृति स्पोर्ट्स वॉलीवाल क्लब राजकिशोर नगर के सयुक्त तत्वधान आज रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 09से 1 बजे के बीच , वॉलीवाल ग्राउंड राजकिशोर नगर में किया गया। रक्त दान शिविर का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी छाया चित्र पर माल्यार्पण व नारियल अगरबत्ती जलाकर उनके अनुयायियों,सिम्स ब्लड बैंक स्टाफ,स्मृती स्पोर्ट्स क्लब के सदस्यों द्वारा किया गया, 30 लोगो का पंजीयन रक्तदान हेतु किया गया था जिसमे से 22 लोगों के द्वारा रक्तदान किया गया जो निम्न है राजेश सिंह राठौर,राजा साहू,देवाशीष,रमेश ओगरे,जयकिशन यादव ,तनवीर सिंह छाबडा,योगेश मौर्य,अजय दास,दिनश गुप्ता, डी राजा राव,रकेश सिंह राठौर, भगवती देवी राठौर , भूपेंद्र गौतम, योगेंद्र कांत



राठौर,चंडी बेनर्जी, आकाश चौहान, विपिन सिंह राठौर, लच्छन भारद्वाज, अजय मनहर, विशाल रजक, दीनानाथ पटेल, विनोद लुनिया, 8 लोग खून की कमी व अन्य बीमारियों के कारण नही दे पाए। उक्त कार्यक्रम में हनी वर्मा के द्वारा फल वितरण व वर्धान सेनिटाइजर एजेंसी के द्वारा सेनिटीजिंग भी किया गया। रक्त दान करने वाले लोगो को संस्थान की ओर से स्वामी विवेकानंद जी की किताब राष्ट्र को अवाहन किताब, हैंड सेनिटाइजर, व फेश शील्ड मास्क वितरण किया गया। रक्त दान शिविर को सफल बनाने में स्वामी विवेकानंद महामण्डल टिकरापारा से संजय टांक, विनेश यादव, शत्रुहन लाल तिवारी, खोमन साहू, गोविंद देवांगन, हेमंत यादव, संतोष यादव, हरीश साहू, प्रह्लाद निर्मलकर, नितेश साहू, दिनेश साहू, व स्मृति स्पोर्ट्स वॉलीवाल क्लब के अध्यक्ष तनवीर सिंह छाबड़ा, उपाध्यक्ष आकाश चौहान, सचिव संजय जैन, कोषाध्यक्ष राकेश राठौर, विधि सलाहकर अभिषेक वर्मा,शिवनाथ श्रीवास,आशीष जैसवाल,रवि गुप्ता,रोहित शर्मा,राम जी वर्मा,कान्हा गुप्ता,खेमचंद देवांगन, जगमोहन साहू, व सिम्स मेडिकल कॉलेज रक्तकोष पैथोलॉजी विभाग से डॉ मयंक अग्रवाल( बी टी ओ) डॉ अनिल कुमार सक्सेना (काउंसलर), विवेक शर्मा (लैब टेक्नीशियन) सुमन मिरी (लैब अटेंडेंट), महेंद्र साहू (लैब अटेन्डेन्ट), अजय साहू (वाहन चालक) दिनेश कुर्रे( वैन अटेन्डेन्ट) आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

## मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग का उल्लंघन, कोरोना प्रोटोकॉल के तहत दुकान संचालन नहीं करने पर लगा जुर्माना

पायनियर संवाददाता ‹ कोरबा
www.dailypioneer.com

जिला कोरबा कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी, श्रीमती किरण कौशल के निर्देशन तथा अनुविभागीय दण्डाधिकारी श्री सुनील नायक के निर्देश पर तहसील करतला के उपतहसील मुख्यालय बरपाली में अतिरिक्त तहसीलदार बरपाली पी आर सलामे एवं टीम के द्वारा विगत दिनों कोरोना पॉजिटिव पाए गए एवं होम आईशोलेटेड व्यक्तियों से संपर्क कर उनसे स्थिति की जानकारी लिया गया एवं होम आईशोलेशन हेतु शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइन का पालन के निर्देश दिए गए। ग्राम बरपाली में संचालित व्यवसायिक संस्थानों की जांच में मास्क का नियमित उपयोग नही करने, सोशल डिस्टेंसिंग का उल्लंघन तथा कोरोना प्रोटोकॉल के तहत दुकान संचालन नही करने पर कुल 40 व्यवसाइयों पर कुल राशि 7550 रुपये का जुर्माना भी आरोपित किया गया। ग्राम में कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के मद्देनजर ठेला-गुमटी, साग-सब्जी, किराना एवं अन्य व्यवसाइयों से दुकान संचालन के दौरान मास्क का नियमित उपयोग करने, दुकान में सेनेटाईजेशन की समुचित व्यवस्था करने एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने हेतु अपील करते हुए सभी को हिदायत दिया गया। कोरोना प्रोटोकाल का पालन नही करने पर आगे और कड़ी कार्यवाही किये जाने की बात भी कही गई। ग्राम के सेलून दुकान के संचालकों को ग्राहकों के विवरण के साथ पंजी संधारित करने के निर्देश दिए गए तथा मेडिकल स्टोर की भी जांच कर उनके द्वारा शासन के निर्देशानुसार सर्दी, खांसी, बुखार की दवाइयाँ लेने वाले व्यक्तियों के विवरण के साथ संधारित आईएलआई पंजी का अवलोकन किया गया। पंजी में दवाई लेने वाले व्यक्ति का पूरा नाम, पता और मोबाइल नंबर का विवरण दिनांकवार संधारित करने तथा ऐसे व्यक्तियों की सूची प्रतिदिन स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। जिससे उन व्यक्तियों की पहचान व संपर्क कर कोरोना जांच हेतु सैंपलिंग किया जा सके। बरपाली में संचालित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में लगी भीड़ से शोसल डिस्टेंसिंग का पालन नही होने पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए भविष्य के लिए कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दिया गया।

## हमारी भी सुन लो गुहार हे सरकार...














# हर गांव-शहर में ऐसी संस्था हो, जो महिलाओं को सेनेटरी नेपकिन के उपयोग के प्रति जागरूक करें : राज्यपाल उइके

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



आज हर गांव या शहर में ऐसी संस्था की आवश्यकता है, जो स्वयं आगे आएं और ग्रामीण क्षेत्रों-स्लम एरिया में महिलाओं को सेनेटरी नेपकिन के उपयोग और उनकी स्वास्थ्यगत समस्याओं के प्रति जागरूक करे, क्योंकि एक महिला के स्वस्थ रहने से पूरा परिवार स्वस्थ रहेगा और परिवार स्वस्थ रहने से समाज स्वस्थ रहेगा और स्वस्थ समाज ही देश की प्रगति में समर्पित होकर योगदान दे सकेगा। यह बात राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने कही। वे आज कीर्तिश केयर फाउंडेशन द्वारा महिलाओं पर केन्द्रित प्रथम प्रोजेक्ट यूनिकॉर्न क्लब के वर्चुअल शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी।

राज्यपाल ने इस कार्य के लिए संस्था को बधाई देते हुए कहा कि इसे एक क्षेत्र में सीमित न रखकर छत्तीसगढ़ के ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में भी क्रियान्वित करें। उन्होंने सुझाव दिया कि मीडिल स्कूल और हाईस्कूल में छात्राओं को महिलाओं के स्वास्थ्यगत समस्याओं और सेनेटरी नेपकिन के उपयोग की जानकारी स्कूली शिक्षा के दौरान देनी चाहिए इससे वे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होंगी और अपने आप को स्वस्थ रखेंगी। यह अच्छी बात है कि कीर्तिश केयर फाउंडेशन द्वारा शहरी इलाकों के स्लम एरिया और ग्रामीण-आदिवासी इलाकों में सेनेटरी पेड का निःशुल्क वितरण किया जाएगा, जो एक महत्वपूर्ण कार्य होने के साथ-साथ मानवीय कार्य भी है।

राज्यपाल ने कहा कि वे राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य थी तो आयोग द्वारा देश के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में सर्वे करने पर यह ज्ञात हुआ था कि उस क्षेत्र में महिलाओं मासिक धर्म के दौरान पुराने कपड़े का उपयोग करती हैं, जिससे उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसे ध्यान में रखते हुए जब राष्ट्रीय जनजाति आयोग की उपाध्यक्ष बनी तब उन्होंने ओ.एन.जी.सी. संस्था से सीएसआर मद से सेनेटरी नेपकिन का वितरण करने का आग्रह किया। उन्होंने मेरे आग्रह को स्वीकार करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों और स्कूलों में 56 हजार सेनेटरी नेपकिन का वितरण किया।

उन्होंने कहा कि गत दिनों फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म पेडमेन के बारे में हमने सुना और देखा भी। वास्तव में यह मूवी रियल हीरो कोयंबटूर निवासी अरूणाचलम मुरूगनाथम की जिंदगी पर बनी थी, जिन्होंने अपने घर और गांव की महिलाओं की परेशानियों को समझा। प्रारंभ में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, कई परेशानियों का सामना करना पड़ा, परन्तु वे हिम्मत नहीं हारे और ऐसी मशीन बनाई, जिससे सस्ती दरों पर सेनेटरी नेपकिन बनाई गई। इससे उन्होंने गरीब और पिछड़ इलाकों में सेनेटरी नेपकिन मुहैया करा सके। वे ऐसा इसलिए कर सके क्योंकि उनके मन में आम व्यक्तियों की पीड़ा को समझने और मदद करने की भावना थी।

राज्यपाल उइके ने कहा कि आज हमारा समाज शिक्षित हो रहा है लेकिन यह दुख की बात है कि समाज का एक हिस्सा है जो ऐसी जानकारियों से अनभिज्ञ है और इस प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर रहा है। ऐसी समस्याओं के समाधान के लिए हमें सिर्फ सरकार की ओर ही नहीं देखना चाहिए बल्कि हम सिविल सोसायटी की भी जिम्मेदारी है कि वे आगे आएं और कार्य करें। मैं कीर्तिश केयर फाउंडेशन की संस्थापक कीर्ति सुधांशु को साधुवाद देती हूं, जिनका जन्म स्थान छिंदवाड़ा है और जो विदेश में कार्यरत होने के बावजूद अपने देश के लिए यह कार्य करने का बीड़ा उठाया।

कीर्तिश केयर फाउंडेशन की संस्थापक कीर्ति सुधांशु ने संस्था के कार्यों की जानकारी दी और राज्यपाल के आग्रह पर कहा कि उनकी संस्था जल्द ही छत्तीसगढ़ में भी निःशुल्क सेनेटरी नेपकिन वितरण तथा अन्य कार्यों को क्रियान्वित करेगी। इस अवसर पर 'आयरा' पत्रिका का विमोचन भी किया गया। इस कार्यक्रम में यूनिकॉर्न क्लब की प्रोजेक्ट डायरेक्टर वंदना रस्तोगी, एस.डब्ल्यू ब्राउन, नितिन जैन तथा अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# कोरोना के चलते किसी भी छात्र की पढ़ाई में न हो व्यवधान : मुख्यमंत्री






पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

**किन्हीं कारणों से निजी स्कूल छोड़ने वाले छात्रों को शासकीय स्कूलों में दाखिला देने के निर्देश**

**निजी स्कूल छोड़ने वाले छात्रों की जानकारी जुटाने स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिला कलेक्टरों और जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी किए निर्देश**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि कोरोना महामारी के चलते किसी भी छात्र की पढ़ाई में कोई व्यवधान नही होना चाहिए। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों और जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी करते हुए कहा है कि - समाचार वेबसाइटों में कुछ ऐसे समाचार आ रहे है कि अनेक विद्यार्थी महामारी के समय विभिन्न कारणों से निजी स्कूलों को छोड़ रहे है। संचालक लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी जिला कलेक्टरों और जिला शिक्षा अधिकारियों से कहा है कि इस बात का प्रयास करना आवश्यक है कि किसी भी विद्यार्थी की शिक्षा में व्यवधान न हो। इसके लिए प्रत्येक निजी स्कूल से ऐसे विद्यार्थियों की सूची प्राप्त की जाए, जो पिछले वर्ष तक उस निजी स्कूल में पढ़ रहे थे परन्तु किसी भी कारण से उन्होंने इस वर्ष उस निजी स्कूल में प्रवेश नहीं लिया है या फिर प्रवेश लेने के बाद उस निजी स्कूल को छोड़ दिया है।

सूची में विद्यार्थियों के नाम के साथ उनके पालकों के नाम, पते और संभव हो तो मोबाइल नम्बर भी प्राप्त किए जाएं। इन विद्यार्थियों के पालकों के साथ सम्पर्क करके उन्हें पास के सरकारी स्कूल में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया जाए। कक्षा पहली से 10वीं तक के लिए इन बच्चों से प्रवेश के समय टी.सी. अथवा पूर्व कक्षा की अंक सूची की मांग न की जाए और उन्हें आयु के अनुरूप कक्षा में प्रवेश दिया जाए।

इसी तरह कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए बच्चों से रोल नम्बर लेकर कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में उन्हें प्राप्त अंकों का सत्यापन संबंधित बोर्ड की वेबसाइट से कर लिया जाए। कक्षा 12वीं में प्रवेश देने के लिए भी बच्चों से बोर्ड परीक्षा का रोल नम्बर लेकर कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में उन्हें प्राप्त अंकों का सत्यापन संबंधित बोर्ड की वेबसाइट से कर लिया जाए और यह देख लिया जाए कि उन्होंने एक वर्ष पूर्व कक्षा 10वीं बोर्ड की परीक्षा पास की हो। कक्षा 11वीं एवं 12वीं में प्रवेश हेतु टी.सी. की मांग न की जाए। इस कार्यवाही को आगामी 15 दिनों में पूरा कर संचालनालय को अवगत कराने को कहा गया है।

# देश को विकास और उन्नति के मार्ग में ले जाने नौनिहालों के स्वास्थ्य की सुरक्षा हम सबकी जवाबदारी : किरणमयी

पायनियर संवाददाता ➤ गौरेला-पेंड्रा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक गौरेला-पेन्ड्रा-मरवाही के प्रवास पर शासकीय हाई स्कूल कुदरी और शासकीय प्राथमिक शाला जोगिसार पहुंची। जहां उन्होंने राष्ट्रीय सुपोषण माह में बच्चों और महिलाओ के स्वास्थ्य के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया।

जोगिसार में उन्होंने महिला स्वावलंबन और महिला अधिकार के बारे मे उपस्थित ग्रामीणजनों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। शासन द्वारा कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने अभियान चलाया जा रहा है। समाज और देश को विकास और उन्नति के मार्ग में ले जाने के लिए नौनिहालों के स्वास्थ्य की सुरक्षा करना हम सबकी जवाबदारी है। बच्चों के सुपोषण स्तर को बनाये रखने के लिए गुणवत्तापूर्ण पोषण आहार आवश्यक है। बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा के साथ-साथ महिलाओं को भी शासन की तरफ से गर्म भोजन और अन्य पोषक आहार दिया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा भी एनीमिक महिलाओं और कुपोषित बच्चों के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसका लाभ अवश्य उठाएं।

उन्होंने कहा कि नवगठित जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 332 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दिए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिले के विकास के लिए अधोसंरचनात्मक कार्य करना आवश्यक है।इस दौरान अध्यक्ष किरणमयी नायक ने महिलाओं से उनकी समस्याओं के संबंध में चर्चा कर निराकरण भी किया।

# मजदूरी कराने दूसरे राज्य ले गए 8 का पुलिस ने किया रेस्क्यू, दो गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

जिले से लगातार बच्चों के गायब होने एवं दूसरे राज्य ले जाकर मजदूरी कराने के मामले में बलरामपुर पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस ने 7 नाबालिग समय कुल 8 लोगों को दूसरे राज्यों से बरामद किया है। वहीं एक महिला सहित दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले का खुलासा करते हुए बलरामपुर के पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कहा कि जिले से मजदूरी कराने एवं बच्चों के लापता होने की जानकारी लगातार पुलिस को मिल रहे थी। लेकिन पुलिस को किसी भी प्रकार का कोई सुराग नहीं मिलने की वजह से इन्हें ढूंढ पाने में काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा था।

इस कार्रवाई को अंजाम देने के लिए पुलिस ने टीम बना कर दूसरे राज्य में पतासाजी के लिए भेजा था। जहां पुलिस ने दिल्ली गुड़गांव हरियाणा हिमाचल प्रदेश सहित अन्य राज्य गई। राज्यों से 1 बालिग सहित कुल 8 बाल मजदूरों को छुड़वाने में सफलता हासिल हुई। मामले में पुलिस ने एक महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है।

# राशनकार्ड बना महत्वपूर्ण दस्तावेज, अब आरक्षण में लोगों की गणना के लिये भी होगा इस्तेमाल




पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में राशन कार्ड अब एक महत्वपूर्ण दस्तावेज बन गया है. दशकों से राशनकार्ड का उपयोग सस्ते राशन के लिये होता आया है. इसे परिचय पत्र के रूप में भी इस्तेमाल में लाया गया. छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार ने एक कदम आगे बढ़ाते हुए इसका प्रयोग उपचार के लिये शुरू किया. आज हुए कैबिनेट की वर्चुअल बैठक में खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने बताया कि अब राशन कार्ड का प्रयोग आरक्षण के लिये हितग्राहियों की गिनती के लिए भी किया जाएगा. खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि पहले सबके लिए सस्ता राशन फिर बीमार व्यक्ति के इलाज के लिए और अब खाद्य विभाग का डेटा सभी के आरक्षण (अजा/ अजजा/ ओबीसी/सामान्य) का आधार बन गया है।

मीटिंग के दौरान स्वास्थ्यमंत्री टी एस सिंहदेव ने कहा कि कैबिनेट में सबसे पहले उन्होंने राशन कार्ड बनवाया. इस पर खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने चुटकी लेते हुए कहा आपने कहा था आप खुद पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह को राशन कार्ड दे कर आएंगे वो काम अभी बचा हुआ है।

उनकी इस चुटीली टिप्पणी से मीटिंग में मौजूद मंत्री अपनी हंसी नहीं रोक सके और ठहाके लगा कर हंसने लगे. कैबिनेट की इस वर्चुअल बैठक के दौरान खाद्य विभाग के द्वारा उपलब्ध कराए गए डेटा की मख्यमंत्री सहित सभी मंत्रियों व अधिकारियों के तारीफ की. इस दौरान खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने सभी को साधुवाद ज्ञापित किया. साथ ही राशनकार्ड को एक प्रमाणित दस्तावेज के रूप में मान्य करने हेतु मख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं पूरे मंत्रिमंडल को धन्यवाद दिया।

गौरतलब है कि इस वर्ष कोरोना संकट के कारण अन्य राज्यों से लौटे उन श्रमिकों का राशनकार्ड तत्काल बनाया गया जिनके पास राशनकार्ड नहीं थे।

कोरोना संकटकाल और लॉक डाउन के समय खाद्यमंत्री अमरजीत भगत विशेष रूप से बेहद सक्रिय रहे. जिनके नाम राशन कार्ड में नहीं थे तत्काल जुडवाए गये। 70 हज़ार से ज्यादा बीपीएल व सामान्य राशनकार्ड बनाये गये।

**राज्य स्वच्छता पुरस्कार-शौचालयों के सर्वश्रेष्ठ मॉडल को दिए जाएंगे एक लाख, सवा लाख और पौने दो लाख के पुरस्कार**

# सामुदायिक शौचालय के उत्कृष्ट ड्राइंग-डिजाइन के लिए प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि बढ़ी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

**अब 25 तक कर सकते हैं आवेदन**




राज्य स्वच्छता पुरस्कार-2020 के तहत सामुदायिक शौचालयों के उत्कृष्ट ड्राइंग-डिजाइन प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि अब 25 सितम्बर कर दी गई है। राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वारा इस स्पर्धा में ज्यादा से ज्यादा प्रतिभागियों को हिस्सा लेने का मौका देने के लिए अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। पहले प्रविष्टि भेजने के लिए अंतिम तिथि 20 सितम्बर निर्धारित की गई थी।

मिशन द्वारा राज्य स्वच्छता पुरस्कार-2020 के अंतर्गत साढ़े तीन लाख रूपए, साढ़े चार लाख रूपए और साढ़े पांच लाख रूपए लागत के सामुदायिक शौचालयों के सर्वश्रेष्ठ मॉडल को क्रमशः एक लाख रूपए, सवा लाख रूपए और पौने दो लाख रूपए के नगद पुरस्कार दिए जाएंगे। देश का कोई भी आर्किटेक्ट या इंजीनियर इस प्रतियोगिता में भाग ले सकता है। प्रतियोगिता के लिए पंजीयन, नियम एवं शर्तें मिशन की वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

विजेता प्रतिभागियों को गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की वेबसाइट पर सीधे प्रविष्टि की जा सकती है। मिशन कार्यालय की ई-मेल आईडी पर या राज्य मिशन कार्यालय, नीर भवन, सिविल लाइंस, रायपुर में डाक के द्वारा या स्वयं उपस्थित होकर भी आवेदन जमा किया जा सकता है।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अधिकारियों ने बताया कि मिशन के पहले चरण (अक्टूबर-2014 से मार्च-2020) के तहत ग्रामीण क्षेत्रों को खुले में शौचमुक्त घोषित किया जा चुका है। खुले में शौचमुक्त की स्थिति को बनाए रखने के लिए सार्वजनिक स्थलों पर सामुदायिक शौचालयों की आवश्यकता महसूस की जा रही है। राज्य में ऐसे सामुदायिक शौचालयों के निर्माण का लक्ष्य है जो सभी वर्गों एवं समुदायों के लोगों के लिए सहज व सुविधाजनक हो। इन सामुदायिक शौचालयों में तृतीय लिंग व्यक्तियों सहित दिव्यांगों, महिलाओं एवं पुरूषों के लिए अलग-अलग शौचालय, मूत्रालय एवं हाथ धुलाई की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में हाट-बाजारों, बस-स्टैण्डों, धार्मिक स्थलों, तालाब के किनारे, हाई-वे के किनारे तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति की बसाहटों में सामुदायिक शौचालय बनाए जाएंगे। राज्य स्वच्छता पुरस्कार-2020 के अंतर्गत समावेशी सामुदायिक शौचालयों के ड्राइंग एवं डिजाइन आमंत्रित किए जा रहे है। प्रतिभागियों से साढ़े तीन लाख रूपए, साढ़े चार लाख रूपए और साढ़े पांच लाख रूपए की लागत के सामुदायिक शौचालयों के ड्राइंग एवं डिजाइन आमंत्रित किए गए हैं।

सामुदायिक शौचालयों के सर्वश्रेष्ठ मॉडल का चयन दो चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में प्रतिभागियों को सबसे पहले ड्राइंग एवं डिजाइन के साथ ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसमें चयनित पांच सर्वश्रेष्ठ मॉडलों में प्रत्येक को पांच-पांच हजार रूपए की राशि प्रदान की जाएगी। पहले चरण के विजेताओं को दूसरे चरण में प्रस्तावित ड्राइंग एवं डिजाइन के प्रस्तुतिकरण के साथ थ्री-डी मॉडल (3-D Model) प्रस्तुत करना होगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-मोहन राव* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, प्रबंध संपादक-ए.एन. द्विवेदी, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403